हदीया किताब

फक्त

दुआ

ABDUL RAHMAN SAMSI Naqsbandi
KANTABANJI (ODISHA)
Mobile -09437034924 - 09668734924

फैज़ाने दुरुद

अब्दुल रहमान शम्सी नक़्शबन्दी

फैज़ाने दुरुद

गुफ्त चूँ ख्वानीम बर अहमद दुरुद
मय शवद शीरीं व तल्खी रा रूद

अब्दुल रहमान शम्सी नक़्शबन्दी

फैजाने दुरूद

मुरत्तीब

अब्दुल रहमान सम्सी नक्शबन्दी

नाशीर

अब्दुल रहमान शम्सी नक्शबन्दी
ओक्सीया फुड्स,
मेन रोड़,पोस्ट.कांटाबांजी- पीन- 767039
जिला. बलाँगीर (उड़ीशा),फोन
मोबाइल 09437034924 - 09668734924

किताब का हदीया -
कुल मोमीनीन वल मोमीनात को दुआ में याद रखें।

ABDUL RAHMAN SAMSI Naqsbandi
OXEIA FOODS
MAIN ROAD
P/o. KANTABANJI Pin - 767039
Dist. BALANGIR (ODISHA)
Ph. - 916657 221846
Mobile -09437034924 - 09668734924
Email -oxeiagroup@rediffmail.com
oxeiagroup@yahoomail.co.in

फहरिस्ते-मजामीन

विषय सूची

उनवान-विषय	नम्बर	सफहा-पेज
बाब १		
हुक्मे दुरूद शरीफ		
बाब २		
आदाबे दरुद शरीफ		
बाब ३		
फजाइले दरुद शरीफ अहादीसे करीमा		
की रोशनी में		
दरूद शरीफ के सवाबों पर एक नजर		
दरूद शरीफ पढ़ने के वक्त व अवकात		
खुसुसन जुमआ के दिन की फज़ीलत		
हीकायाते दरूद शरीफ		
बाब ४		
दुरूदे इब्राहीम		
दुरूदे खज़री		
दुरूदे हजारा		
दुरूदे निअमत अज्मा		
दुरूदे इमाम बुशैरी		
दुरूदे ताज		
दुरूदे नारियाह		
दुरूदे तुनज्जीना		
दुरूदे माही		
दुरूदे खम्शा		
दुरूदे गवसिया		
दुरूदे लख्खी		

दुरूदे मुकद्दस		
दुरूदे अकबर		
दुरूदे मुश्तगास		
दुरूदे किब्रीयत अहमर		
दुरूदे अकसीर आजम		
दुरूदे फाज़िल		
दुरूदे रिफाई		
दुरूदे जुम्आ		
दुरूदे हबीब		
दुरूदे मुस्तजाबुद्दावत		
दुरूदे अव्वल व आखिर		
दुरूदे मुस्तफा		
दुरूदे बातिन		
दुरूदे मुज्तबा		
दुरूदे तआल्लुक		
दुरूदे कश्फ		
दुरूदे हुसूले रहमत		
दुरूदे दिदार		
दुरूदे हलल मुश्किलात		
दुरूदे आली		
दुरूदे कुरआनी		
दुरूदे मुहम्मदी		
दुरूदे कमालिया		
दुरूदे सआदत		
दुरूदे कुतुब		
दुरूदे नूरी		
दुरूदे नक्शबन्दीया		
दुरूदे शाजली		
दुरूदे अफ़जल		

दुरूदे दवामी		
दुरूदे कौशर		
दुरूदे कब्रस्तान (रुही)		
दुरूदे हजरत गौशुल आजम		
दुरूदे अव्वल		
दुरूदे आबिदीन		
दुरूदे कल्बी		
दुरूदे शिफा-ए-कुलूब		
दुरूदे निजाते वबा		
दुरूदे महमूद		
दुरूदे हुब्बे रसूल		
दुरूदे तिरयाके अमराज		
दुरूदे तय्यब		
दुरूदे समरात		
दुरूदे इनआम		
दुरूदे इमाम शाफई		
दुरूदे अहमद बदवी		
दुरूदे सय्यद		
दुरूदे एजाज		
दुरूदे वसीला		
दुरूदे एतसाम		
दुरूदे फवाइदे कसीरा		
दुरूदे नुसरत		
दुरूदे सादिकीन		
दुरूदे हुसूले इज्जत		
दुरूदे अल-जाहिदीन		
दुरूदे अल्तालिबीन		
दुरूदे मदनी		
दुरूदे मुकर्रम		

दुरूदे बशारत		
दुरूदे नुरल-कियामीया		
दुरूदे मकीन		
दुरूदे हिफाजत		
दुरूदे बुल्दी-ए-दरजात		
दुरूदे मुनीर		
दुरूदे मुकाशिफा		
दुरूदे चिस्तीया		
दुरूदे नेअमल बदल		
दुरूदे रहमत व बरकत		
दुरूदे नबी करीम		
दुरूदे साहिबे लौलाक		
दुरूदे अहले बैत		
दुरूदे सरवरे काइनात		
दुरूदे हबीबे खुदा		
दुरूदे जामे इब्राहीमी		
दुरूदे सय्यदुल मुरसलीन		
दुरूदे आशिकीन		
दुरूदे दाफए शरारा		
दुरूदे अलफातेह		
दुरूदे हुजूरी		
दुरूदे मुकर्रब		
दुरूदे दुआ व दवा		
दुरूदे सवाब		
दुरूदे इब्ने कसीर		
दुरूदे बरकाते कसीरा		
दुरूदे शफाअत		
दुरूदे मुशाहिदा		
दुरूदे फकरी		
कसीदा बूरदा शरीफ		

नज़्र

जमी-ए-औलीशा-ए- सिलसिलतिल मुबारकह
अल-सिलसिलह मुस्तफवीयह सीद्दीकीयह
नक्शबन्दीयह मुजद्दीदीयह माअसुमियह
रदीअल्लाहु तआला अलयहिम अजमइन
व रहमतुल्लाहि तआला अलयहिम अज़मइन

जिनकी अज़मतों का परचम सुबहे कयामत तक लहराता रहेगा। जिनके तकवा व तहारत का चर्चा रहती दुनिया तक कायम व दायम रहेगा। जिनकी गुलामी अपने हक़ में सआदते-दारैन समझता हुँ और मैं अपनी इस हकीर कोशीश को आप तमाम की बारगाहे बा बरकत की तरफ मनसूब करते हुए सआदत महसूस करता हुँ।

हकीर व अदना गुलामे गुलामाने मुस्तफा
हाजी अब्दुल रहमान शम्सी नक़्शबन्दी
कांटाबांजी

हर चिरागे मजार पर कुद्सी, कैसे परवानावार फीरते हैं।
उस गली का गदा हुँ मैं जिसमें, मांगते ताजदार फीरते हैं।।

किसी ने हजरत अली रदीअल्लाहु अनहु से पुछा अजीब बात है अल्लाह नबी सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम को महबूब कहता है मगर कलाम में पहले अपना नाम रख दिया और बाद में अपने महबूब का।

हजरत अली रदीअल्लाहु अनहु ने फरमाया,

अल्लाह फरमाता है पहले मेरे नाम से नापाक जुबान पाक हो जाए फिर मेरे महबूब का नाम लिया जाए।

सुबहानल्लाह।

बिस्मील्लाहिर्रहमानिर्रहीम

नहमदोहु व नुसल्लि अला रसूलिहिल
करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम

अल-हम्दो लिल्लाह, अल्लाह तबारक व तआला का ये करोड़ों-करोड़ों एहसान है कि उसने मुझ जैसे हकिर लाइल्म और गुनाहगार बन्दे को हुजूर सरवरे कौनैन मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के नालैने पाक के सदके तुफैल ये तौफीक अता फरमाई।

हुजूर सरवरे कौनैन रहमते आलम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम से ये रिवायत नकल हुई है कि जब आप शबे मे'राज़ आसमान, जन्नत, अर्श वगैरह की जियारत फरमाकर अल्लाह तबारक व तआला का कुर्ब हासिल किया तब अल्लाह तआला ने पुछा कि ऐ महबूब ये जमीं किसकी है? हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम ने जवाबन अर्ज किया या रब ! तेरे लिए। फिर सवाल हुआ ऐ महबूब ये हिजाबात किसके लिए हैं? हुजर सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम ने जवाबन अर्ज किया ऐ मेरे रब ! तेरे लिए है। फिर अल्लाह तआला ने सवाल किया कि कुर्सी किसके लिए हैं? तब हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम ने अपने सर को सज़्दे में रख दिया और अदब के लिहाज से खामोश रहे। उस वक्त अल्लाह तआला ने इरसाद फरमाया ऐ महबूब तु उसके लिए है जो तुझपर दुरूद भेजता है और तेरी अजमत और बूजुर्गी को बढ़ाता है।

पस जो निस्बत रब्बे जलील को नबी करीम सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम से है वही निस्बत खुदा की सुन्नत को रसूल सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम की सुन्नत से होगी इससे जाहिर है कि तमाम तस्बीहात व अज़कार से दुरूद शरीफ का पढ़ना बेहतर है। दुसरी कोई इबादत ऐसी नहीं के उसके करने में अल्लाह तआला मुमिनीन के साथ शरीक हो।

ऐसे आला व इरफां उनवान पर मेरा ये कारेखैर का अंजाम दे पाना सिर्फ और सिर्फ अल्लाह अज्जवज्जल की करम नवाजी ही है। और यह भी कि दुरूद व सलाम भेजने और लिखने में जो लम्हात और साअतें गुजर जाएं वह हासिले हयात हैं।

ये बन्दा-ए-हकीर सरापा गुनाहगार अपने पालनहार मौला की बारगाहे में बेशुमार हदिया-ए-शुक्राना व इतमिनान पेश करते हुए बसद

ऐहतराम इल्तिजा करता है कि ऐ खताकारों और मुजरिमों पर अफ्व व करम के दरिया बहाने वाले सत्तार व गफ्फार मालिक व मौला अपने हबीबे मुअज्जम रसूले मुजतबा मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के सदके में बगैर किसी इस्तिहकाक के महज़ अपनी नवाजिसाते खुशरुवाना से इस किताब को सर्फे कबूलियत से नवाज़ दे और मेरे वालिदैन व असातिजा व अहलो अयाल के लिए जादे आखिरत व सामाने मग़्फिरत बना दे। आमीन।। बिजाहिन्नबीयील करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम। कारेइन से इल्तिजा है की कोई खामी या गलती नज़र आये तो इस हकिर को आगाह करें। एहसाने-अज़ीम होगा।

खानकाहे समरकन्दीया दरभंगा शरीफ
व तरभा शरीफ का
एक अदना व हकीर भिखारी
हाजी अब्दुल रहमान शम्सी नक्शबन्दी
6 December 2014

लिहाजा इस जिम्न में कुछ बातें आदाब के मुताअल्लिक यहाँ दर्ज की जा रही है जिसे दुरूद शरीफ पढ़ते वक्त पेशे नजर रखना चाहिए।

दुरूद शरीफ पूरे जौक व शौक और लगन से पढ़ना चाहिए, दिल व दिमाग़ को पूरी तरह हाजिर रखना जरूरी है। दिल से हर तरह के खयालात निकाल कर अपनी पूरी तवज्जो दुरूद शरीफ पर रखनी चाहिए। अपने जहन में युँ खयाल करें कि नबी करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की मजलिस में हाजिर है, इसलिए उनकी अजमत व रिफअत का नक्शा अपनी आँखों के सामने कायम करें।

दुरूद शरीफ पढ़ते वक्त अपना चेहरा हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के रौजए अकदस की तरफ करना चाहिए फिर आँखें बंद करके मुराकबा की सूरत दुरूद शरीफ पढ़ना शुरू करें और कोशीश करें जितना अरसा दुरूद पाक पढ़ा जाए मुराकबा रहे।

दुरूद शरीफ को हुक्मे इलाही की इत्तेबाअ तसव्वुर करना चाहिए, और दरूद शरीफ पढ़ने का मकसद रजा ए इलाही रखना चाहिए, बल्कि ये नियत पेशे नजर रहनी चाहिए कि दुरूद पढ़ना अल्लाह का हुक्म है इसलिए इस हुक्म की इत्तेबाअ कर रहा हुँ। अगर इस नियत के अलावा कोई और नियत जहन में रखेंगे तो दरूद शरीफ का अज्र कम होने का अन्देशा है।

दुरूद शरीफ पढ़ने वाले का जिस्म और लिबास पाक साफ होना चाहिए, क्युँकि हर इबादत के लिए पाकीज़गी और तहारत जरूरी है, लिहाजा दुरूद शरीफ बावुजू पढ़ें तो ज्यादा बेहतर है, वुजू से पहले मिसवाक या टुथपेस्ट करके मुँह साफ रखना चाहिए, खुश्बू लगाना भी बेहतर है और फिर जहन को भी तमाम तरह के दुन्यावी ख्यालातों से पाक करके दुरूद शरीफ पढ़ना चाहिए

दुरूद शरीफ पढ़ते हुए शोहरत और रियाकारी (दिखावा) से बचना चाहिए। दुन्यावी जाह व जलाल हासिल करने की नियत नहीं रखनी चाहिए। किसी के यहाँ इशाले सवाब कि खातिर दुरूद ख्वानी रखी गई हो तो दावत देने वाले या किसी और पर एहसान नहीं रखना चाहिए बल्कि पढ़ने में रजा ए इलाही का मकसद ही पेशे नजर रखना चाहिए।

☆☆☆

बिस्मीललाह् हिर्ररहमानिर्ररहीम

बाब 1

हुक्मे दुरुद शरीफ

तकाजा-ए-मुहब्बत यही है कि महबूब की हर दम तारीफ की जाए, हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम अल्लाह तआला के महबूब हैं सय्यिदुल अम्बीया हैं, हबीबे किब्रिया हैं, ताजदारे अरब व अजम हैं, शफीईल मुज़नबीन हैं, रहमतुल्लिल् आलमीन हैं, सिराजुंम्मुनीर हैं, साकी ए कौसर हैं और अल्लाह उनका मुहीब है, यानी अल्लाह तआला हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम से मुहब्बत रखने वाला है, इसलिए अल्लाह तआला ने जब अपने महबूब के नूर की तखलिक कर ली तो फिर अपने महबूब की तारीफ में मशरुफ हो गया इसका मानी ये है कि अल्लाह तआला अपने महबूब पर दुरुद भेजने लगा। अल्लाह जब अपने महबूब की मुहब्बत में मुन्तहा तक पहुँचा तो फिर अपनी मखलूक यानी मलाइका और इन्सानों को भी हुक्म दे दिया की तुम भी मेरे महबूब की तारीफ करो जिस तरह मै कर रहा हुँ, इस हुक्म के तहत इन्सानों के लिए हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद पढ़ना लाजिम हो गया। इसके अलावा हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की जाते अकदस तमाम बनी आदम और मखलूक के लिए अल्लाह तआला का सबसे बड़ा इनाम है, क्युँकि अल्लाह तआला ने आपकी बदौलत नस्ले इन्सानी को हीदायत का रास्ता दिया जिसमें इन्सान की फलाह है, इन्सान को जो अजमत व इज़्ज़त मिली है वो हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के वास्ते ही से मिली है, नस्ले इन्सानी की अजमत का इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है कि अल्लाह तआला ने उनके दरम्यान एक ऐसी अजीम हस्ती को जाहिर किया जो अपनी जात व सिफात के एतबार से अल्लाह तआला की बेहतरीन तखलीक और असरफुल अम्बीया, सय्यिदुल मुरसलीन हैं बेकसों का सहारा हैं इसलिए हर मोमीन मुसलमान के लिए ये जरुरी है कि वो अल्लाह तआला और हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के इस एहसान का ज्यादा से ज्यादा

शुक्र अदा करे और ऐसे तरीके से करे जो अल्लाह तआला के यहाँ मकबूल और पसंदीदा है, इसलिए शुक्रीया अदा करने और अल्लाह तआला को राजी करने का बेहतरीन तरीका हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद पाक का तोहफा भेजना है, इस लिहाज़ से भी हजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद भेजना जरुरी है।

अल्लाह तआला ने हर नबी को किसी ना किसी खुसूसी शान और अजमत से नवाजा है जैसे कि अल्लाह तआला ने हजरत आदम अलैहिस्सलाम को ये अजमत और इज़्ज़त अता फरमाई कि फरिश्तो को उनके सामने झुका दिया, हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम को अपनी दोस्ती से नवाजा (अपना खलील बनाया) और उनकी जाएअ सुकूनत को हज्ज का मरकज़ बना दिया, उनके बेटे हजरत इस्माईल अलयहिस्सलाम को जीबह के खिताब से नवाजा, हजरत इदरीस अलयहिस्सलाम के बारे में अल्लाह ने फरमाया है कि वो मेरा सच्चा नबी है जिनका मैने दर्जा बुलन्द किया, हजरत इसहाक अलयहिस्सलाम को असहाबे बसीरत में शुमार किया हजरत युसुफ अलयहिस्सलाम को बेमिश्ल हुश्न से नवाजा हजरत ईशा अलयहिस्सलाम की बाकमाल मोअज्जज़ात से ताईद की, हजरत मूसा अलयहिस्सलाम को हमकलामी का शर्फ बख्शा, गोया कि हर नबी को अल्लाह तआला ने अपनी कोई ना कोई खास नेअमत से सरफराज़ किया, मगर हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम को सबसे आला ये ऐज़ाज़ दिया कि उनके जिक्र को अपना जिक्र करार दिया, अपने नाम के साथ अपना नाम शामिल किया, उनपर दुरुद पढ़ना अपना शिआर बनाया।

अल्लाह तबारक व तआला ने कूरआने पाक में बहुत से हुक्म अपने बंदो को फरमाये हैं, नमाज़, जकात, रोजा, हज वगैरह बहुत से अंबीया-ए-कराम अलयहिमुस्सलाम की तारीफ़ भी फ़रमाई है। हज़रत आदम अलैयहिस्सलाम को पैदा फरमाया तो फरिश्तों को हुक्म फरमाया कि इनको सज्दा करो मगर किसी भी हुक्म या ताजीम फरमाते हुए ये नही कहा कि ऐसा मैं भी करता हुं तुम भी करो या कहो, यह मरतबा तो फ़क़त सैय्यदे कौनैन, फख्रे दो आलम मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के लिए ही फरमाया है। अल्लाह जल्ल शानहु ने सलात (दुरुद) की निस्बत पहले खुद की तरफ, फिर अपने पाक फरिश्तों की तरफ करने के बाद मुसलमानो को हुक्म फरमाया के

अल्लाह और उसके फरिश्ते नबी पर दुरूद भेजते हैं ऐ मोमीनो तुम भी उन पर दुरूद भेजो। इससे बढकर कौन सी फजिलत हो सकती है कि, दुरूद शरीफ पढने के अमल मे अल्लाह और फरिश्तों के साथ मोमीन बंदो की भी शिरकत है।

अल्लाह तआला ने कूरआने हकीम मे ईन अल्फाजो के साथ हुक्म फरमाया -

اِنَّ اللّٰهَ وَمَلٰٓئِكَتَهٗ يُصَلُّوْنَ عَلَى النَّبِيِّ ط يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا صَلُّوْا عَلَيْهِ وَسَلِّمُوْا تَسْلِيْمًا ۝

इन्नल्लाहा व मलायकतहु यूसल्लुना अलन्नबिय्यी या अय्युहल्लजीना आमनु सल्लु अलयहि वसल्लिमु तसलीमा (पारा २२ सुरह अहजाब)

तर्जुमा - (बेशक अल्लाह तआला और फरिश्ते उसके नबी पर दुरूद भेजते हैं, ऐ इमान वालों तुम भी उन पर दुरूद भेजो और खुब सलाम भेजो।)

ये आयाते करीमा मदीना मुनव्वरा में शाबान दो हीजरी में नाजिल हुई।

लफ्ज सलात के तीन माअनी अमुमन आलीमों ने लिए हैं पहला ये कि मुहब्बत की बिना पर रहमत करना या मेहरबान होना, दूसरा तारीफ व तौसीफ करना, तीसरा दुआ करना, लिहाजा ये लफ्ज अल्लाह की तरफ सलात के माअनों में इस्तेमाल किया जाएगा तो इससे पहला और दूसरा मतलब लिए जाएंगे लेकिन जब सलात का लफ्ज फरिश्तों और इन्सानों या दिगर मखलूक की तरफ से बोला जाएगा तो उसमें अल्लाह के हुजूर दुआ करना लिया जाएगा।

'सल्लिमू तस्लीमन्' का मतलब हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की खिदमतते अकदस में सलाम पेश करना है, हालांकि उपरोक्त आयत में हमें सलात व सलाम का हुक्म दिया गया है लेकिन एतराफ अजीज़ करते हुए अल्लाह तआला से अर्ज करते हैं कि 'अल्लाहुम्म सल्लि' यानी ए अल्लाह तु ही अपने महबूब की शान और कद्र व मन्ज़िलत को सही तरीके से जानता है इसलिए तु ही हमारी जानिब से अपने महबूब पर सलात भेज जो उनकी शाने शायान है। युँ भी हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की शान व मरतबा सही तौर पर कह पाना किसी बंदे की बस की बात नहीं, तो फिर किस मुँह से बंदा

उनकी तारीफ व तौसीफ करेगा, इसलिए हम तो अल्लाह तआला से दुआ करते हैं कि 'अल्लाहुम्म सल्लि अला' ऐ अल्लाह तु रहमत नाजिल फरमा।

दुनियावी व अखलाकी तौर पर आप जानते हैं की जिन्हें जिनसे ज़्यादा मुहब्बत होती है वो उसका ज़िक्र भी ज़्यादा करते रहते हैं और ये मुहब्बत है। अल्लामा सखावी रहमतुल्लाह अलयहि ने इमाम जैनुल आबेदीन रदीअल्लाहु तआला अन्हु से नकल करके फरमाया है कि हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर कसरत से दुरूद शरीफ भेजना सुन्नी (अहले सुन्नत) होने की निशानी है।

बाब 2

आदाबे दुरूद शरीफ

हजार बार बशुयम दहन बा मुशको गुलाब
हनूज नामे तु गुफ्तन कमाल बे अदबी अस्त

अगर मुशक और गुलाब से हजारों बार भी मुँह धो लिया जाए तब भी आप हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का नाम लेने में बहुत बेअदबी होने का अंदेशा है।

इसलिए उस अजीमुल मरतबत हस्ती का नाम लेने के आदाब को खातीर में रखना निहायत जरूरी है। बारगाहे रिसालत माआब हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम में दुरूद शरीफ पढ़ते हुए जाहिरी और बातिनी आदाब व पाकिज़गी का खासतौर पर ख्याल रखना बेहद जरूरी है और यही तकाजा ए मुहब्बत भी है।

लिहाजा इस जिम्न में कुछ बातें आदाब के मुताअल्लिक यहाँ दर्ज की जा रही है जिसे दुरूद शरीफ पढ़ते वक्त पेशे नजर रखना चाहिए।

दुरूद शरीफ पूरे जौक व शौक और लगन से पढ़ना चाहिए, दिल व दिमाग़ को पूरी तरह हाजिर रखना जरूरी है। दिल से हर तरह के खयालात निकाल कर अपनी पूरी तवज्जो दुरूद शरीफ पर रखनी चाहिए। अपने जहन में युँ खयाल करें कि नबी करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की मजलिस में हाजिर है, इसलिए उनकी अजमत व रिफअत का नक्शा अपनी आँखों के सामने कायम करें।

दुरूद शरीफ पढ़ते वक्त अपना चेहरा हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के रौजए अकदस की तरफ करना चाहिए फिर आँखें बंद करके मुराकबा की सूरत दुरूद शरीफ पढ़ना शुरू करें और कोशीश करें जितना अरसा दुरूद पाक पढ़ा जाए मुराकबा रहे।

दुरूद शरीफ को हुक्मे इलाही की इत्तेबाअ तसव्वुर करना चाहिए, और दरूद शरीफ पढ़ने का मकसद रजा ए इलाही रखना चाहिए, बल्कि ये नियत पेशे नजर रहनी चाहिए कि दुरूद पढ़ना

अल्लाह का हुक्म है इसलिए इस हुक्म की इत्तेबाअ कर रहा हुँ। अगर इस नियत के अलावा कोई और नियत जहन में रखेंगे तो दरूद शरीफ का अज्र कम होने का अन्देशा है।

दुरूद शरीफ पढ़ने वाले का जिस्म और लिबास पाक साफ होना चाहिए, क्युँकि हर इबादत के लिए पाकीज़गी और तहारत जरूरी है, लिहाजा दुरूद शरीफ बावुजू पढ़ें तो ज्यादा बेहतर है, वुजू से पहले मिसवाक या टुथपेस्ट करके मुँह साफ रखना चाहिए, खुश्बू लगाना भी बेहतर है और फिर जहन को भी तमाम तरह के दुन्यावी ख्यालातों से पाक करके दुरूद शरीफ पढ़ना चाहिए

दुरूद शरीफ पढ़ते हुए शोहरत और रियाकारी (दिखावा) से बचना चाहिए। दुन्यावी जाह व जलाल हासिल करने की नियत नहीं रखनी चाहिए। किसी के यहाँ इशाले सवाब कि खातिर दुरूद ख्वानी रखी गई हो तो दावत देने वाले या किसी और पर एहसान नहीं रखना चाहिए बल्कि पढ़ने में रजा ए इलाही का मकसद ही पेशे नजर रखना चाहिए।

बाब 3

फजाईले दुरूद शरीफ अहादीसे करीमा की रोशनी में

हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया है कि जो मुझ पर एक बार दुरूद भेजता है अल्लाह त्आला उस पर दस बार दुरूद भेजता है, जो मुझ पर दस बार दरूद भेजता है अल्लाह त्आला उस पर सौ बार दुरूद भेजता है, जो मुझ पर सौ बार दुरूद भेजता है अल्लाह त्आला उस की पेशानी पर युँ लिख देता है, बराअतुम मिनन्नीफाके व बराअतुम मिनन्नार तर्जुमा - (ये शख्स नीफाक से भी आजाद है और जहन्नुम से भी आजाद है) और ईर्शाद फरमाते हैं कि उसका हश्र कयामत के दिन शहीदों के साथ होगा। सुब्हानल्लाह।

हुजुरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का फरमाने आलीशान है कि बेशक बरोजे कयामत लोगों मे से वो लोग मुझ से ज़्यादा करीब होंगें जो मुझ पर कसरत (ज़्यादा) से दरूद भेजते होंगे। एक और हदीस में है कि हुजुर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फ़रमाया 'मुझ पर कसरत से दुरूद भेजा करो कयुँकि कब्र मे पहले मेरे ही बारे मे सवाल किया जायेगा'।

दूसरी हदीसों पर भी एक नजर -:

☆ मुझ पर दुरूद भेजना कयामत के दिन पुलसिरात के अंधेरों में नूर है।

☆ जो ये चाहता हो कि उसके आमाल बड़े पल्ले में तौले जायें तो उसने मुझ पर ज्यादा से ज्यादा दुरूद भेजने चाहिये।

☆ जो मुझ पर ज्यादा दुरूद भेजेगा वो अर्श के साये मे होगा।

☆ तीन आदमी बरोजे कयामत अल्लाह के अर्श के साये में होंगें, एक वो जो कोई मुसीबत वाले की मुसीबत दुर करे, दुसरा वो जो मेरी

सुन्नत जिन्दा करे, तीसरा वो जो मुझ पर कसरत से दुरूद भेजता हो।

अल्लामा सखावी रहमतुल्लाह अलयहि ने हजरत ईब्ने उमर से हुजुरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का ईर्शाद नक्ल किया है जिसमें आपने फरमाया है कि तुम्हारी मजलीसों को दुरूद शरीफ से सजाओ क्युँकि मुझ पर दुरूद भेजना तुम्हारे लिए कयामत मे नूर है।

हजरत तीबरानी से हुजूरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का ईर्शाद नक्ल है, आप फरमाते हैं जो शख्स मेरे नाम के साथ सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम लिखता है जब तक उस किताब में मेरा नाम मौजुद रहेगा फरिश्ते उसके गुनाहों कि मुआफी और रहमत की दुआ करते रहेंगें।

हजरत तीबरानी से हुजुरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का ये ईर्शाद नक्ल है कि जो शख्स सुबह दस बार और शाम को दस बार मुझ पर दुरूद भेजे तो उसे बरोजे कयामत मेरी शफाअत नसीब होगी।

हदीसे मुबारका है कि हुजुर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया जो शख्स मुझ पर सौ मरतबा दुरूद भेजेगा उसकी सौ हाजतें पूरी की जायेगी जिसमें तीस हाजतें दुनिया की और सत्तर हाजतें आखिरत की होंगी।

हजरत ईब्ने मसउद रदीअल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि हुजुरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया 'अल्लाह के बहुत से फरिश्ते ऐसे हैं जो जमीन पर घुमते रहते हैं और मेरी उम्मत के सलाम मुझ तक पहुँचाते रहते हैं। और भी मुस्तनद सहाबा-ए-किराम से ये रिवायत है। हजरत अली करमल्लाहु वज्हुल करीम रदीअल्लाहु तआला अन्हु व हजरत अनस रदीअल्लाहु तआला अन्हु और हजरत हुरैराह रदीअल्लाहो तआला अन्हु वगैरह आली सहाबा-ए-किराम से ये हदीस शरीफ नक्ल है जिसमे आप हुजूरे अकदस, फख्रे दो आलम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया है 'मुझ पर दुरूद पढ़ा करो तुम्हारे दुरूद मुझ तक पहुचते हैं'।

कुछ और हदीसों में जो हजरत अनस व हजरत अम्मार बीन यासीर व हजरत अबु अमामा रदीअल्लाहु तआला अन्हुम अजमइन से

रिवायत हुइ है, युँ है कि हुजूरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने इर्शाद फरमाया है कि 'अल्लाह जल्ल शानहु ने एक फरिश्ते को तमाम मख्लुक की बातें सुनने की ताकत अता की है, और उस फरिश्ते की कयामत तक मेरी कब्रशरीफ पर तैनाती की गयी है, जब कोई शख्स मुझ पर दुरुद भेजता है तो वो फरिश्ता उसका व उसके बाप का नाम लेके मुझ से कहता है कि फलाँ शख्स जो फलाँ शख्स का बेटा है उसने आप पर दुरुद भेजा है। अल्लाह तआला ने मुझसे वादा कीया है कि जो शख्स मुझ पर एक मर्तबा दुरुद भेजेगा तो अल्लाह तआला उस पर दस मर्तबा दुरुद (रहमत) भेजेगा।

सुलेमान बिन सहीम रहमतुल्लाह अलयहि नाम के एक बुजुर्ग हो गए जो फरमाते हैं कि 'मैने ख्वाब मे हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की जियारत कि और मैने पुछा - या रसूलल्लाह ये जो लोग हाज़िर (कब्रे अतहर पर) होते हैं और सलाम कहते हैं तो क्या आप शमाअत करते हैं, आप सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने इर्शाद फरमाया हाँ सुनता भी हुँ और उनके सलामो का जवाब भी देता हूँ'। (सुब्हानल्लाह)

इब्राहीम बिन शयबान रहमतुल्लाह अलयहि फरमाते हैं कि 'मैं हज से फ़ारिग हो कर मदीना मुनव्वरा पर हाज़िर हुआ और रोज-ए-अतहर के करीब जाकर मैने सलाम अर्ज़ किया तो हुजरे शरीफ के अन्दर से जवाब आया व अलयकुम अस्सलाम जो मैनै सुना'। (सुब्हानल्लाह)

यानी की ये बात वाजेह तौर पर साफ हो गई कि हमारे नबी-ए-करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम हमारे भेजे हुए दुरुदो-सलाम सुनते हैं और उनके जवाब भी देते हैं। तमाम ज़िन्दगी के भेजे हुए हज़ारों लाखों सलाम मे से फक्त एक भी सलाम का जवाब हुजूर सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की जानिब से मिल जाए तो ये क्या कम ईज्जत-ओ-फख्र की बात है?कोई भी बंदे की शराफत के लिए इतना तो काफी है कि हुजुरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की महफिल मे उसके नाम का चर्चा भलाई के साथ हो जाए।

जिक्र मेरा मुझसे बेहतर है
के उनकी महफिल मे है

हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम अपने रौजे शरीफ मे हमारे दरुदो सलाम सुनते है और जवाब देते हैं इस मुद्दे पर शक की कोई गुंजाइश नहीं, और ये हमारा ईमान है। आपके मुकद्दस जिस्म को मिट्टी खा नहीं सकती। इमाम बयहकी रहमतुल्लाह अलयहि ने नबीयों की ज़िंदगी पर तफसील से एक किताब लिखी है। हज़रत अनास रदीअल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि अंम्बीया-ए-किराम अपनी कब्रों में ज़िंदा हैं और नमाज़ पढ़ते हैं। इमाम मुस्लिम ने हुजुरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का इर्शाद नक्ल किया है कि 'मैं (यानी - मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) मेअराज की रात हज़रत मुसा अलयहीस्सलाम के करीब से गुजरा तो वो अपनी कब्र में खड़े होकर नमाज़ पढ़ रहे थे। मजीद हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने इर्शाद फरमाया 'मैने अंम्बिया की एक जमात के साथ अपनी जात को देखा हजरत ईसा (अलयहीस्सलाम) और हजरत ईब्राहीम (अलयहीस्सलाम) को नमाज़ पढ़ते देखा। अल्लामा स्युती रहमतुल्लाह अलयहे ने 'हयाते अंम्बीया' में ईस मौजू पर तफसिली तज्किरा किया है 'इन्नल्लाहा हर्रमा अलल अर्दी अज सादल अम्बीया' यानी के अल्लाह तआला ने अंम्बिया अलयहीमुस्सलाम के जिस्मों को ज़मीन पर हराम फरमा दिया है।

जरुरी तंबीह

इस हदीस से मालूम हुआ कि तमाम हजरात अंम्बिया अलयहीमुस्सलाम के मुकद्दस अजसाम (जिस्म की जमा) उनकी कब्रों में सलामत रहते हैं। और अल्लाह जल्ल शानहु ने फरमा दिया है कि जमीन उनके जिस्मों पर किसी क़िस्म का तगय्युर या तबद्दूल पैदा ना करे। जब तमाम अंम्बिया अलयहीमुस्सलाम की ये शान है तो फिर हुजूर सैय्यदुल अंम्बिया व सय्यदुल मुरसलीन व ईमामुल अंम्बीया व खातिमुन्नबीय्यीन सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के मुकद्दस जिस्मे अनवर को ज़मीन क्यों कर खा सकती है? इसीलिए तमाम उलेमा-ए-उम्मत व औलीया-ए-मील्लत का यही अकीदा है कि हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम अपनी कब्रे अतहर मे जिन्दा है, और खुदा के हुक्म से बड़े बड़े तसर्रुफात फरमाते रहते हैं। अपनी खुदादाद पैगम्बराना कुव्वतों और मुअज्जीजाना ताकतों से अपनी उम्मत की मुश्किल कुशाई और उनकी फरयाद रसी फरमाते रहते हैं।

ख़ूब याद रखिए कि जो शख्स इसके ख़िलाफ़ अकीदा रखता हो वो यक़ीनन बारगाहे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का गुस्ताख, बदअकीदा, गुमराह और अहले सुन्नत के अकीदे से ख़ारिज है।

जुम्आ के दिन बकसरते दुरूदे पाक

हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने इर्शाद फरमाया की 'तुम्हारे दिनों में सबसे अफजल दिन जुम्आ का है, लिहाजा इस दिन मुझ पर बकसरत दुरूद पढ़ा करो'।

अक्सर ऊलेमा-ए-उम्मत ये फरमाते हैं कि जब मदीना मुनव्वरा के दरख्तों और मकानो पर तुम्हारी नजर पड़े, तब दुरूद शरीफ पढ़ने लगो, और जैसे जैसे नजदीक आने लगो तो दुरूद शरीफ में और इजाफा करते जाओ। वजह यह है कि इन सभी जगहों कि वहिय और कुर्आने पाक के साथ वाबस्तगी रही है। इन जगहों पर हजरते जिब्रईल अलयहीस्सलाम व हजरत मीकाइल अलयहीस्सलाम कि मुसलसल आवाजाही रही है। इस मिट्टी पर हुजूर मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के मुबारक कदमों की रफ्तगी रही है, यही वो जगह है जहाँ से अल्लाह जल्ल शानहु के दीन (मज़हब) की और उसके पाक रसूल की सुन्नतों की इशाअत हुई है।

जब किसी शख्स को मदीना मुनव्वरा जाना नसीब हो तो मस्जिदे नब्वी में क़िबला की तरफ से दाख़िल हो और रौज-ए-अकदस से चार हाथ के फासले पर खड़े हो कर निची निगाह और आजिज़ी के साथ ये सलाम ज़रूर पढ़े।

अस्सलामु अलयका या रसूलल्लाहि
अस्सलामु अलयका या नबीयअल्लाहि
अस्सलामु अलयका या खयरे खल्कील्लाह
अस्सलामु अलयका या हबीबल्लाहि
अस्सलामु अलयका या सैय्यदील मुरसलीन
अस्सलामु अलयका या खातीमुनन्नबीय्यीन
अस्सलामु अलयका या रसूल रब्बील आलमीन
अस्सलामु अलयका या कायदिल गुर्रील मुहज्जलीन
अस्सलामु अलयका या बसीरो
अस्सलामु अलयका या नजीरो

अस्सलामु अलयका व अला अहले बयते कत्ताहीरीन
अस्सलामु अलयका व अला अजवाजे कत्ताहिराते उम्महातील मोमीनीन
अस्सलामु अलयका व अला अस्हाबे अजमईन

अस्सलामु अलयका व अला साअरिल अंम्बीया-ए- मुरसलीन व साइरे ईबादील्लाहीस्सालिहीन जज़ाकल्लाहु अन्ना या रसूलल्लाह अफजल मा जज़ा नबीय्यन अन्कवमेही, व रसूलन अन्उम्मतेही व सल्लल्लाहु अलयक कुल्लमा ज़कर हुज्ज़ाकिरुना कुल्लमा गफलअन्ज़िकरि-कल गाफीलुना व सल्लि अलयक फील्अव्वलीन, व सल्लि अलयक फील्आखिरीन अफजलु अकमलु अत्यबा मा सल्लि अला अहदिम्मिनल्खल्कि अजमईन कमा अस्तन्कज़नाबिक मीनद्दलालति व बस्सरना बिका, मीनल्अमा वल्ज़िहालति, अश्हदु अंल्लाईलाहा ईल्लल्लाहु व अश्हदु अन्नका अब्दुहु व रसूलुहु व अमीनुहु व खयरतहु मिन्खल्किही व अश्हदु अन्नका कद बल्लगतिर्रिसालत व अद्दयतल्अमानत व नस्हत-ल-उम्मत व जहद्त फील्लाहि हक्का जीहादिही. अल्लाहुम्मा आ'तिही निहायत मायम्बगी अंय्यामलुहुल-आमिलुन।

ये सलाम और दुआ पढ़ लेने के बाद अपने नफ्स और मुसलमान औरतों और मर्दों के लिए दुआ करें फिर उसके बाद हजरत अबुबक्र सिद्दीक रदीअल्लाहु तआला अन्हु और हजरत उमर रदीअल्लाहु तआला अन्हो पर भी सलाम कहें और उनके लिए दुआ करें।

बहुत सी रिवायतों में ये कहा गया है कि, दुरुद और सलाम दोनो के अल्फाजों को मिला कर पढ़ें, मिसाल के तौर पर-:

अस्सलातु वस्सलामुअलयका या रसुलल्लाहि
अस्सलातु वस्सलामुअलयका या हबीबल्लाह.

ईस तरह दुरुद और सलाम को मिलाकर पढ़ना ज्यादा अफजल है। अहले सुन्नत व जमात का यही तरीकाकार है।

एक दफा हजरत उबई बीन कआब रदीअल्लाहु तआला अन्हु ने हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के सामने अर्ज़ किया कि 'या रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम मैं आप पर कसरत से दुरुद भेजना चाहता हूँ, तो मेरी दुआओं से कितना वक्त दरुद पढ़ने में सर्फ करूँ'?, आप सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया 'जितना तुम्हारा

दिल चाहे' मैने कहा एक चौथाई? आप सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया तुम्हें इख़्तियार है, जो इससे ज्यादा हो तो तुम्हारे लिए बेहतर है.' फिर मैने पुछा आधा वक्त (दुरूद के लिए) कर दूँ? आप ने फरमाया 'तुम्हें इख़्तियार है, जो उससे भी ज्यादा कर दो तो तुम्हारे लिए बेहतर है'. फिर मैने अर्ज़ किया कि, क्या दो तिहाई हिस्सा कर दूँ? आप सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने जवाब दिया 'तुम्हें इख़्तियार है, जो इसमें इज़ाफ़ा हो तो तुम्हारे लिए बेहतर है', उसके बाद मैने अर्ज़ किया 'या रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम मै अपना सारा वक्त (दुआओं का) आपके दुरूद पढ़ा करुँ? आपने इर्शाद फरमाया 'ऐसे में तुम्हारी सारी फीक्रों कि किफायत की जाएगी और तुम्हारे गुनाह भी मुआफ कर दिये जाएँगे'। सुब्हानल्लाह।

हज़रत अबु दर्दा रदीअल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि, हुजूरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया 'जो शख्स सुबह शाम दस दस मरतबा मुझ पर दुरूद पढ़ेगा कयामत के दिन उसे मेरी शफाअत वाजिब होगी।

दुरूद शरीफ पढ़ने वाले की हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम खुद शफाअत करेगें, इस मौजुअ पर बहुत सी हदीसें बयान की गई है उन सभी हदीसों का हवाला इस मुख्तसर सी किताब में देना नामुमकिन है।

'मवहीबे लद्दुनीयह' मे ये बयान है कि कयामत में अगर किसी मोमिन की नेकियाँ कम होंगी तो रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम खुद एक छोटा सा उँगली के शीरे जीतना काग़ज़ निकाल के पल्ले पर रखेंगें जिससे की पल्ला भारी हो जाएगा, ये देख कर वो मोमिन कहेगा ' मेरे माँ बाप आप पर कुर्बान हों आप कौन हैं? आप की सूरत और सीरत भली है! आप हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम फरमाएँगें 'मैं तेरा नबी हूँ, और ये वो दुरूद है जो तूने मुझ पर पढ़ कर भेजा था तुम्हारी ज़रूरत के वक्त जिसे मैने अदा कर दिया'।

हज़रत अबु हुरैराह रदीअल्लाहो तआला अन्हु रिवायत कहते हैं कि हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया 'मुझ पर कसरत से दुरूद भेजते रहो ये तुम्हारे लिए ज़कात है'। हज़रत अली करमल्लाहु वजहुल करीम ने हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का ईर्शादे मुबारक बयान किया है कि, तुम्हारा मुझ पर दुरूदे पाक पढ़ना तुम्हारी

दुआओं का मुहाफ़िज़ है और तुम्हारे लिए परवर दिगार कि रज़ा का बायस है और तुम्हारे अआमाल की ज़कात है। (यानी अआमाल का इज़ाफ़ा करने वाला और पाक करने वाला)

दुरूद शरीफ के सवाबों पर एक नज़र

१. दुरूद पढ़ने वाले की खतायें माफ होती हैं।
२. उसके अआमाल पाकीज़ा होते हैं।
३. उसके दरज्जे बुलंद होते हैं।
४. उसके गुनाह मुआफ होते हैं।
५. खुद दुरूद शरीफ भी पढ़ने वाले कि मगफीरत तलब करता हैं।
६. जो शख्स सभी दुआओं को दुरूद बनादे, उसके दुनिया और आखिरत के सभी कामो में किफ़ायत होगी।
७. दुरूद शरीफ का सवाब गुलाम आजाद करने से ज्यादा है।
८. खतरों से निजात मिलती है।
९. बरोजे कयामत नबी-ए-करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम दुरुद पढ़ने वाले की शफाअत करेंगें।
१०. दुरूद शरीफ की बदौलत अल्लाह की रहमत नाज़िल होती है।
११. बरोजे कयामत अर्श के साये में होगा।
१२. जब अआमाल तौले जाएँगे तब नेक अआमाल का पल्ला दुरूद शरीफ की बरकत से वजन पकड़ेगा और झुक जाएगा।
१३. हौजे कौसर पर हाज़िरी नसीब होगी।
१४. क़यामत के दिन की प्यास से हिफ़ाज़त मिलेगी।
१५. जहन्नम की आग से हिफ़ाज़त मिलेगी।
१६. पुलसिरात पर से गुजरना आसान होगा।
१७. मरने से पहले जन्नत मे अपना मुनासिब ठिकाना देखोगा।
१८. जन्नत मे बहुत सी बीवियाँ मीलेगी।
१९. जिहाद से ज्यादा सवाब मीलेगा।
२०. जो गरीब हो और दुरूद शरीफ पढ़ता हो उसके लिए सदका होगा।
२१. दुरूद शरीफ जकात है और ईसमें पाकी है जिसकी वजह से

माल में बरकत होगी।

२२. दुरूद शरीफ से एक सौ बल्कि उससे भी ज्यादा हाजते पूरी होती है।

२३. तमाम अमल में ये (दुरूद) अल्लाह को ज्यादा अज़ीज है।

२४. मजलिसों की ज़िनत है।

२५. फकीरी और रोज़ी की तंगी दूर होती है।

२६. दुरूद शरीफ पढ़ने वाला कयामत के रोज़ हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के एकदम करीब होगा।

२७. दुरूद शरीफ पढ़ने वाला खुद, उसके बेटे और उनकी औलादें फायदा हासिल करती हैं।

२८. दुरूद शरीफ नूर है।

२९. दुरूद शरीफ दुस्मनो पर रौब गालीब करने का सामान है।

३०. दुरूद शरीफ दिलों को निफ़ाक और जंक से पाक करता है।

३१. दुरूद शरीफ की बरकत से हुजूरे अकरम, शाफए महशर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की ख्वाब मे जियारत नसीब होती है।

३२. दुरूद शरीफ पढ़ने वाले की लोग गीबत नही करेंगें।

३३. दीन और दुनिया दोनो मे दुरूद शरीफ सबसे ज्यादा नफा देने वाला अमल है।

३४. जब दो मोमिन आपस मे मुलाकात करते हैं और मुसाफाह करते वक्त सरकारे मदीना सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरूदे पाक पढ़ते हैं तो उन दोनो के जुदा होने से पहले दोनों के अगले पिछले गुनाह माफ़ हो जाते हैं।

हज़रत अली करमल्लाहु वज्हुल करीम रदीअल्लाहु तआला अन्हु से **'कन्जुल उम्माल'** मे एक रिवायत नक्ल हुई है, जिसमें बयान किया गया है कि अल्लाह त्आला ने बहुत से नूरानी फ़रिश्तों को पैदा फरमाया है जो जुम्ए की रात और दिन को आसमान से निचे उतरते हैं, जिनके हाथों में सोने की कलम, चाँदी की दवात और नूरानी काग़ज़ होते हैं उन फ़रिश्तों का सिर्फ़ ये काम है कि जो दुरूद शरीफ नबी-ए-करीम मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर पढ़े जाते हैं उसे वो लिख लेते हैं।

दुरूद शरीफ पढ़ने के वक्त व अवकात

अल्लामा सखावी रहमतुल्लाह अलयहि ने **'कौले बदिअ'** मे दरुद शरीफ पढ़ने के वक्त व औकात तहरीर फरमाये हैं यहाँ दिये जाते हैं।

दुरूद शरीफ एक ऐसा वजीफा है जो हर वक्त पढ़ा जा सकता है (अलावा चंद अवकात) यानी दुरूदे पाक पढ़ने की ना कोई तादाद मुकर्रर है और ना वक्त बल्कि जब चाहें पढ़ें जितना चाहें पढ़ें दिन के वक्त पढ़ें या रात के वक्त पढ़ें, नमाज़ से पहले पढ़ें या बाद नमाज़ के बाद, दुआ से पहले पढ़ें या बाद में, खड़े होकर पढ़ें या बैठकर पढ़ें गोया कि हर घड़ी पढ़ें और बाज खास मुकामात और अवकात में दुरूद पढ़ना ज्यादा अफजल है।

जैसे कि :- वजू करने के बाद, तयम्मुम के बाद, जनाबत के गुस्ल के बाद, नमाज़ के बाद और नमाज मे, ईकामत कहते वक्त, फज्र के बाद, मग़रिब के बाद, अत्तहीयात मे, कुनुत के बाद, तहज्जुद मे उठें तब, तहज्जुद के बाद, मस्जिद जाते वक्त, जब मस्जिद देखें, जब मस्जिद मे दाख़िल हों, जब मस्जिद से बाहर आएँ, अज़ान के जवाब में, दुआ से पहले व दुआ के दरम्यान और दुआके बाद, जुम्आ के दिन और रात में, जुम्आ के खुत्बे में, ईदैन के खुत्बे में, जनाजा ले जाते, मय्यत को कब्र में उतारते वक्त, रमजान शरीफ के महीने में, जब काबा शरीफ को देखें, सफा मरवह की शई के वक्त, हज़रे अस्वद को बोसा देते वक्त, मस्जिदे हनीफ में, जब मदिना मुनव्वरा को देखें, हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के रौज़े अतहर की ज़ियारत के वक्त, जब वसीय्यत करो, निकाह के खुत्बे में, सोते वक्त, जब नींद ना आती हो, जब आधी नींद से बेदार हों, बाजार जाते वक्त, दावत मे जाते वक्त, जब घर में दाख़िल हों, गम में, मुसीबत में, जब वक्त सख्त हो, मोहताजी और फ़क़ीरी में, जब डूब रहे हों, बीमारी में, जब कान बज रहे हों, जब पाँव सुन्न हो जाएँ, छींकते वक्त, जब कोई चीज भूल जाएँ तो उसके याद आने के लिए, मूली खाते वक्त, गुनाहों से तौबा करते वक्त, कोई हाजत आ ज़ाए तब, कुर्आन शरीफ जब पुरा पढ़ लो और जब हीफ्ज करो, जीस महफ़िल में अल्लाह और उसके रसूल के ज़िक्र के लिए जमा हों, बात करते वक्त, इल्म पढ़ते और पढ़ाते वक्त, वअज़ करते वक्त, फतवा

देते वक्त, जब हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का नाम मुबारक लिखो तब दुरूद शरीफ पढ़ा करो।

इतना जान लेने के बाद ये जान लें कि दुरूद शरीफ किन अल्फाजों में पढ़े जाएँ।

दुरूद शरीफ के अल्फाजों के बारे मे बहुत सी हदीसों मे सहाबा-ए-किराम से रिवायतें आई है, जिसमें हुजुरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने मुख़्तलिफ़ सवालों के जवाब में दरुद शरीफ के अल्फाज तज्वीज़ किए हैं। उसके अलावा दुरुदे इब्राहीम जो हर मुसलमान नमाज़ मे अत्तहियात के बाद पढ़ता है, आप सलल्लाहु अलयहि व सल्लम ने पसंद फरमाया है। और दुरूद शरीफ को इन अल्फाजो मे पढ़ने की नसीहत भी खुद हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फ़रमाई है-: **'अल्लाहुम्मा सल्लि अला मोहम्मदीन नबीय्यील उम्मी व आलिहि व बारीक व सल्लीम'**

हजरत अली करमल्लाहु वज्हुल करीम से हुजूरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की हदीसे मुबारका है कि जो शख्स चाहता हो कि उसके दुरूद बड़े पैमाने पर मापे जाएँ, तो वो ऐसा दरुद पढ़े।

'अल्लाहुम्मज्अल्, सलवात क व बरकत क अला मोहम्मदिन, नबिय्यी व अज़वाजिही उम्महातील् मुमीनी न व ज़ुर्रियातिही, व अहलि बयतिही कमा सल्लय्ता अला आलि ईब्राहीम इन्नक हमीदुम्मजीद'

खुशूसन जुम्आ के दिन कि फ़ज़ीलतें

हज़रत अबु दरदा रदीअल्लाहु तआला अन्हु हुजूरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का इर्शाद नक्ल करते हैं कि, 'मुझ पर बरोजे जुम्आ कसरत से दुरूद शरीफ भेजा करो, क्योंकि ये ऐसा मुबारक दिन है जिसमें फरिश्तों की आमद होती है, और इस रोज जो कोई मुझ पर दुरूद भेजता है वो मेरे हुजूर में पेश होता है'। मैने पुछा (यानी हज़रत अबु दरदा रदीअल्लाहु तआला अन्हु ने) आपके विसाल के बाद भी? हुजूरे कायनात सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया 'हाँ उसके बाद भी अल्लाह जल्ल शानहु ने जमीन पर हराम कर दिया है कि वो अंम्बीया अयहीमुस्सलाम के जिस्मों को खाये अल्लाह के नबी

ज़िंदा रहते हैं उन्हें रिज्क दी जाती है'।

जुम्आ के दिन दुरूद शरीफ ज्यादा से ज्यादा पढ़ने की हदीसें दूसरे सहाबाओं जैसे की हजरत अबु हुरैराह, हज़रत अनस, हजरत औस बीन औस, हज़रत अबु उमामा, अबु दरदा, हजरत अबु मसउद,हजरत उमर और उनके बेटे रदीअल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन वगैरह से भी नक़ल हुई है।

हज़रत अबु हुरैरह रदीअल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया 'मुझ पर दुरूद पढ़ना पुलसिरात पर से गुजरते वक्त नूर है, और जो शख्स जुम्आ के दिन मुझ पर ८० (अस्सी) मर्तबा दुरूद भेजे उसके ८० साल के गुनाह माफ किए जायेंगें।

एक और हदीस हज़रत अबु हुरैरह रदीअल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि जो शख्स जुम्आ के दिन असर की नमाज़ के बाद अपनी जगह से उठे बगैर ये दुरूद शरीफ पढ़े तो उसके ८० साल के गुनाह माफ हो जाएँगे और ८० साल की इबादत का सवाब लिखा जाएगा'। आप सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने वो दुरूद यूँ बयान फरमाया -: **अल्लाहुम्म सल्लि अला मुहम्मदिन अब्दि-क व नबिय्यी-क व रसुले-क-न्नबिय्यील् उम्मी।**

सभी दुरूद शरीफ उँगलियों पर गीन कर पढ़ने चाहिए क्योंकि हदीसों में बयान है कि क़यामत के दिन उँगलियों को जुबान अता की जाएगी।

हज़रत रोवयफह बिन साबीत अन्सारी रदीअल्लाहु तआला अन्हु हदीस बयान हुई है, जिसमें हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया है कि, जो शख्स ये दुरूद शरीफ पढ़े उसके लिए मेरी सफाअत वाजिब हो जाती है।

वो दुरुद शरीफ - **अल्लाहुम्म सल्ली अला मुहम्मदींव अनजील्हुल् -मकअदल् मुकर्रबा इन्द-क यौमल् कियामति**

दुन्यवी मुआमलात मे हम देखते है कि, किसी मुजरिम को ये मालूम हो ज़ाए कि फलाँ शख्स की हाकिम के पास अच्छी पहचान है, तो वो मुजरिम उस श्खस के पास से सिफ़ारिश हासिल करने के लिए दिन रात एक कर देगा मुसलमानों जरा सोचो हम मे से कौन है जो मुजरिम नहीं।

अब ग़ौर करें के हुजुरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम अल्लाह के मेहबूब जो हबीबे खुदा सब नबीयों के सरदार और हमारे आका व मौला हमें दुरुद शरीफ की सौगात तोहफे मे देते हैं कि तुम मुझ पर दरुद पढ़ कर भेजो मैं तुम्हारा शफीअ (शफाअत करने वाला) बनुँगा, बावजूद इस हकीकत के अगर कोई शख्स इसका इन्कारी हो और दुरुद शरीफ पढ़ना अपना रोज़ाना का माअमुल ना बना ले तो वो शख्स बदनसीब है और ये ही उसका अंजाम।

हम अक्सर बेकार की बातों में वक्त ज़ाया करते हैं, लोगों की ग़ीबत (चुग़ली) करने मे वक्त शर्फ करते हैं और गुनाह मौल लेते हैं। सिनेमा, नाटक, तमाशा, मुशायरा, टीवी वगैरह फ़िजूल कामों में हम अपनी मुख्तसर और छोटी ज़िन्दगानी का किमती मौका बरबाद कर लेते हैं। इसके बदले अपना सारा वक्त इबादत और दुरुदो सलाम पढ़ने मे और आखिरत का बेशकिमती खजाना हासिल करने में खर्च करें तो क्या ही अच्छा हो, अल्लाह त्आला हम सब को, हमारे बाल बच्चों को और हर मोमिन को हर बुराई से बचाए, नेक हिदायत और सही समझ अता फरमाये 'आमीन'।

अबु फजल कौमानी रहमतुल्लाह अलयहि कहते हैं कि, 'एक शख्स खुरासान से मेरे पास आया और उसने मुझे बताया कि मै मदीना शरीफ मे था वहाँ मुझे हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की ख्वाब मे ज़ियारत नसीब हुई और आपने (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) मुझे हुक्म दिया जब तुम हम्दान शहर जाओ तब वहाँ अबुल फ़ज़ल बिन जीरक को मेरा सलाम कहना मैने अर्ज़ किया या रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ये क्या माजरा है, आप सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने इर्शाद फरमाया वो मुझ पर रोज़ाना सौ मर्तबा या उससे भी ज्यादा ये दुरुदे पाक पढ़ा करता है'

अल्लाहुम्म सल्ली अला मुहम्मदीन नबीय्यील् उम्मी व अला आलि मुहम्मदीन जजा-अल्लाहु मोहम्मदीन अन्ना मा हुवा अहलोहु। सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम

अबु फ़ज़ल कहते हैं कि उस शख्स ने कसम ली कि हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने आप का नाम बताया उससे पहले मैं तुम्हें जानता नहीं था।

जलीलूल कद्र अल्लामा शेख अब्दुल ह्क्क मुहद्दीस देहलवी

रहमतुल्लाह अलयहे अपनी किताब 'तरगीब एहलुस्साआदात' मे लिखते हैं कि, जुम्आ की रात दो रक्अत नफ्ल नमाज़ पढ़े हर रक्अत मे ११ (ग्यारह) मर्तबा आयतल कुरसी, ११ (ग्यारह) मर्तबा सुरह ईखलास पढ़ें और सलाम फेरने के बाद १०० मर्तबा यहाँ बताया गया दुरुद शरीफ पढ़ें, तीन जुम्आ भी नहीं गुजरा होगा और उस शख्स को हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की ज़ियारत नसीब होगी। ईन्शाअल्लाह

वो दुरुद शरीफ - **अल्लाहुम्मा सल्लि अला मुहम्मदीन्न-नबिय्यील उम्मी व आलिही व असहाबिही व सल्लीम्** (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम)

ख्वाब ही मे सही हुजूर पुर नूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम कि ज़ियारत नसीब होना बहुत बड़ी शआदत (खुसनसीबी) है।

ईं शआदत ब-जोरे बाज़ू निस्त
ता न बख्शद खुदा-ए- बख्शीन्दह

तर्जुमा- ये खुशनसीबी बाजुओं के जोर से नही मिलती जब तक अल्लाह त्आला कि तरफ से अता और बख्शीस न हो।

हज़रत अबु हुरैरह, अबु उमामा व हज़रत अबु सइद खुदरी रदीयल्लाहो त्आला अन्हुम वगैरह सहाबा-ए-किराम से एक हदीस यूँ नक़ल हुई है कि कोई कौम मजलीस मे बैठी हो और वो मजलीस हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद पढ़ने से पहले बर्ख़ास्त हो जाए तो वो मजलीस उन के ऊपर बरोजे कयामत वबाल होगी।

हज़रत उमर रदीअल्लाहु तआला अन्हु फरमाते हैं कि 'मुझे बताया गया है कि दुआ आसमान और जमीन के बीच लटकी रहती है (ऊपर) चढ़ती नहीं, जब तक हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद ना पढ़ा ज़ाए'। इसी हदीस को दीगर सहाबा-ए-किराम रीदवानुल्लाहि अन्हुम ने भी रिवायत की है।

जम्हुर उलेमाओं के नजदीक, दुरुद शरीफ का ज़िंदगी मे एक बार पढ़ना फर्ज है। मतलब ये हुआ की उलेमाओं कि जामेए राय यकसा है जिसमें कोई इख़्तिलाफ़ नहीं।

नबी-ए-करीम मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के नाम के आगे सैय्यदना पढ़ना मुस्तहब है, हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने बजाते खुद ये इर्शाद फरमाया है कि,

'अना सय्यिदुन्नासे यव् मल् कियामति' - यानी, मैं लोगों का सरदार हूँ कयामत के दिन।

और एक जगह आपने फरमाया - 'अना सय्यीदु वुल्दि आद-म यौमल् कियामति वला फख्र'-यानी- मै सरदार बनूँगा औलादे आदम का बरोजे कयामत और ये कोई फख्र की बात नही।

ईसी तरह मुख़्तलिफ़ हदीसों से ये हक़ीक़त भी साफ़ हो जाती है कि आप हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के मुबारक नाम के आगे 'मौलाना' कहा जा सकता है। लेकिन इस किताब का उनवान दुरुद शरीफ है लिहाज़ा सैय्यदना और मौलाना लफ़्ज़ों के कह सकने की इजाज़त देती हदीसों की गहराई में हम नहीं जा रहे।

बाब 4

हिकायाते दुरुद शरीफ व फजाइल

आलीमों का कहना है कि, जहाँ भी जब भी हुजुरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का मुबारक नामे गिरामी लिखा ज़ाए तो पूरे तौर पर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम लिखना चाहिए फ़क़्त सल. सलअम, या स.अ.व. लिखना मुनासिब नहीं क्युँकि यूँ लिखना कंजुसाई है, बुख्ल है एक शख्स कंजुसाई की वजह से हदीस शरीफ मे आपके नामे मुबारक के साथ दुरुद शरीफ लिखता न था तो उसका दाहिना बाज़ू सड़ गल गया। शेख इब्ने हजर मक्की रहमतुल्लाह अलयहे लिखते

हैं कि, एक शख्स आप के नाम के साथ साथ सिर्फ़ 'सल्लल्लाहु अलयहि' इतना ही लिखता था और 'व सल्लम' लिखता न था। हुजुरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने उसे ख्वाब में फरमाया 'तु अपनी जात को चालीस नेकियों से क्युँ महरुम रखता है'? इसका मतलब ये हुआ कि, लफ्ज़ व सल्लम मे चार हुरुफ आते हैं एक हुरुफ कि एक नेकी और हर नेकी पर दस गुना सवाब है।

'फजरे मुनीर' नामी किताब में एक नेक बुजुर्ग मुसा जरीर रहमतुल्लाह अलयहि का क़िस्सा बयान है। उस क़िस्से मे उन्होने फरमाया है कि, 'एक जहाज़ डूबने लगा मैं भी उसमें सवार था। उस वक्त मुझे जाने नींद सी तारी थी, ऐसी हालत में सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने मुझे एक दरुद शरीफ सीखाया और फ़रमाया के जहाज में जो लोग सवार हैं एक हजार मर्तबा पढ़ लें, अभी हमने महज़ तीन सौ मर्तबा ही पढ़ा था कि जहाज़ को डूबने से निजात मिल गई।

वो दुरुद शरीफ -

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا

مُحَمَّدٍ صَلٰوةً تُنَجِّيْنَ بِهَا مِنْ جَمِيْعِ السَّيِّئَاتِ وَ

تَرْفَعُنَا بِهَا عِنْدَكَ اَعْلَى الدَّرَجَاتِ وَ تُبَلِّغُنَا بِهَا

اَقْصَى الْغَايَاتِ مِنْ جَمِيْعِ الْخَيْرٰتِ فِى الْحَيَاتِ وَ

بَعْدَ الْمَمَاتِ اِنَّكَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ 0

बिस्मील्लाह हिर्ररहमानिर्ररहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदिन सलातन्

तुनज्जीना बिहा मिन् जमीइस्साय्याती व तरफउना बिहा आ'लददरजाति तुबल्लिगुना बिहा अकसाल् गायाति मिन् जमीईल् खयराति फील् हयाती व बअदल् ममाति ईन्न-क अला कुल्ले शैइन कदीर।

मशहुरो मआरुफ किताब **'दलाइलुल खयरात'** को उसके मुसन्नीफ (लेखक) ने किन हालात में लिखी वो बात भी काबिले-जिक्र है। इस किताब के कतीब को दौराने सफ़र वजू के लिए पानी की ज़रूरत पेश आई, जिस कुएँ पर आप पहुँचे वहाँ पानी खिंचने को ना कोई रस्सी थी ना कोई बाल्टी थी, इस वजह से आप परेशान थे, इतने में एक लड़की आई हालात से वाक़िफ़ हुई और उसने कुएँ में थूक दिया और उसके थुँकने से कुएँ मे पानी ऊपर तक छलक आया आपने उसे हैरान होकर वजह दरयाफ्त की, उस लड़की ने जवाब दिया ये सब दुरुद शरीफ की बरकत है। इस वाक़ये से मुतास्सीर हो कर आपने **'दलायलुल खयरात'** नाम कि किताब लिखी।

'नुज़हतुल मजालीस' इस उनवान की मशहुर किताब मे एक किस्सा बयान है। एक बुजुर्ग ने कहा की मेरा एक पड़ोसी हुआ करता था जो बहुत ही गुनाहगार था। मैं उसे बारबार तौबा करने की ताकीद करता था लेकिन वो तौबा करता ना था। उसके गुजर जाने के बाद मैने उसे जन्नत मे देखा, मैने पुछा कि तु इस दरजे पर कैसे पहुँचा? उसने जवाब दिया कि मै एक मोहद्दीस की मजलीस में था, उन्होने फरमाया कि जो शख्स नबीये करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर बाआवाजे बुलंद दुरुद शरीफ पढ़े उस पर जन्नत वाजिब है, तो मैने बुलंद आवाज से दुरुद शरीफ पढ़ा और वहां हाजीरीन तमाम ने भी बाआवाजे बुलंद दुरुद शरीफ पढ़ा ईसकी बरकत से हम सब की मगफिरत हो गई। ये क़िस्सा 'रौज़ूल फाइक' में भी बतफसील तहरीरसुदा है।

सच पूछो तो हर लाइलाज मर्ज़ का सौ फ़िसदी कामयाब इलाज दुरुद शरीफ है। हक त्आला ने दरियाओं और समंदरों की तह मे बेशकिमती दौलत और नेअमतें छुपा रखी है, गोता मारने वाले इन क़िमती खजाने को हासिल कर लेते हैं।

अब दरुदख्वाँ की सोचिए जब वो दुरुद शरीफ पढ़ता है तो

तीन तरह के समंदरों मे गोता लगाता है, एक - तौहीद के नूर का समंदर, दो - नबुव्वत के नूर का समंदर, तीन - विलायत के अनवार का समंदर। बंदा अल्लाहुम्म कहता है उसी लम्हे रब त्आला के तमाम नामों की फजीलत हासिल कर लेता है। दुरुद शरीफ का पहला लफ्ज अल्लाहुम्म कहते ही अल्लाह त्आला के तमाम मुबारक अस्मा-ए-हुस्ना (मुबारक नामों) की तिलावत हो जाती है। सुब्हानल्लाह दुरुद शरीफ का पहला इब्तिदाई लफ़्ज़ कितना बरकत वाला है। इसमे ईस्मे-जात का नूर और ईस्मे-शिफात के अनवार जलवागर हैं। अल्लाह की रहमतों का ये लामहदुद दरिया है, जिसमें डूबने वाले को ये दोनों आलम मे निहाल कर देता है, इतना ही नहीं, ऐसा स्वाद मिलता है कि जिसे चखने के बाद मे पुरा वजूद व ईखलाक ही बदल जाता है।

ये है दुरुद शरीफ पढ़ने वाले कि शान

'अल्लाहुम्म' पढ़ कर नुरे तवहीद के दरिया मे गोता लगाया और जाकिर का मर्तबा पाया। दुरुद पढ़ने वाला जिक्रे इलाही करने वाले के रुतबे और सरवरे कौनेन सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की सुन्नत अदा करने के मर्तबे तक पहुँच जाता है। जब दरुद शरीफ पढ़ने वाला लफ़्ज़ 'सल्लि अला कहता है, तो याद रखो आका-ए-नामदार सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के नुरे रिसालत और फ़ज़ीलत के पाकीज़ा समंदर में डुबकी लगाता है उसकी ये डुबकी उसके लिए सलामती की बायस बनती है, उसके ये अल्फाज अदा करने से हमेशा के लिए रहमते इलाही उस पर साया फीगन होती है, उसका कल्ब रोशन हो जाता है और दिल व दिमाग़ खुश्बू से महक उठते हैं।

'अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदिवं व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदीवं व बारीक् व सल्लीम्'

रूए ज़मीन पर दुरुद शरीफ जैसी कोई चिज़ ना तो वजुद में आई ना आ सकेगी। हुजुरे अनवर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद शरीफ पढ़ने के फायदे बे गिनती, बेहिसाब हैं। इसीलिए आका-ए-नामदार सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर बेहिसाब दुरुद शरीफ पढ़ना चाहिए । अल्लाह त्आला हम सब को दुरुद शरीफ पढ़ने में और ईश्के रसूल सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम में मुबतिला कर दे। आमीन।।

अय मुरादें देने वाले अस्सलाम
दोनों आलम के उजाले अस्सलाम

'काला रसूलल्लाहे (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) इन्ना अफजलन्नासी बी अकसरहुम अलय्य-सलात

हुजुरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया कि, मेरे नज़दीक वो शख्स सबसे अच्छा है जो मुझ पर सबसे ज्यादा दुरुद शरीफ भेजता है।

जिसने हुजुरे अनवर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर बेहिसाब दुरुद शरीफ पढ़े उसने हुजुरे अकरम मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम कि मुहब्बत खरीद ली और वो दिन व दुनिया का दौलतमंद इन्सान बन गया। बेशक उसे जो मिल सकता था वो सब मिल गया।

इमाम अल्लामा काज़ी अयाज रहमतुल्लाह अलयहि तफसीर मे फरमाते हैं कि हक त्आला ने अपने हबीब अहमदे मुज्तबा मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम से इर्शाद फरमाया कि, मैने आपको मेरी याद मे से एक याद बनाया जिसने आपका जिक्र किया उसने मेरा जिक्र किया।

ऐ दुनिया के सहराओं मे प्यासे भटकने वालों, उम्मीदों के चमन को हराभरा करने वाले गुलीस्ताने ईमान को महकाने वाले, दिल दिमाग को ताज़गी देने वाले, ईमान कि रूह को ताज़ा करने वाले, ऐसे ऐसे नुरानी समंदरों से तुम क्यों प्यासे व महरुम रहो आओ इन दरियाओं में डूब जाओ और सिदक दिल से पढ़ो।

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदिवं व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदीवं व बारीक् व सल्लीम्'

مَوْلَایَ صَلِّ وَسَلِّمْ دَآئِمًا اَبَدًا

عَلٰی حَبِیْبِکَ خَیْرِ الْخَلْقِ کُلِّهِمِ

जिक्रे नबी

दुरुद शरीफ यानी सलात, दुरुद शरीफ हुजरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का ज़िक्र है, जो जिक्रे इलाही से जुदा नहीं बल्कि वो भी जीक्रे इलाही ही है। हुजूर पुरनूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद पढ़ना अल्लाह का ज़िक्र और अल्लाह कि याद है, इतना ही नहीं ये काम तो अल्लाह ने भी किया है।

हदीस शरीफ मे आया है कि, जिसके दिल मे हुजूर पुरनूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की मुहब्बत नहीं उसके दिल मे ईमान नही, मुहब्बत पैदा करने का सबसे अकसीर नुस्ख़ा दरुद शरीफ है। दुरुद शरीफ का सबसे बड़ा फायदा ये है कि, इससे हजुरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की मुहब्बत दिल मे पैदा होती है, और वो मुहब्बत अल्लाह त्आला तक बिजली की मानिंद पहुँचा देती है।

मशाइखे किराम फरमाते है। अगर मुरीद को कामिल पीर ना मिल सके तो उसे चाहिए कि दुरुद शरीफ कसरत से पढ़े बहुत ज्यादा पढ़े, दरुद उसे खुदा तक जल्द से जल्द पहुँचा देगा।

हज़रत अबुबकर् सीद्दीक रदीअल्लाहु तआला अन्हु ने फरमाया के हुजूरे अनवर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद भेजना ऐसा है जैसे कि, ठंडे पानी को आग पर उड़ेंलने पर आग ठंडी हो जाती है उसी तरह दुरुद शरीफ गुनाहों को खत्म कर देता है।

'दुर्रे मुखतार' मे हज़रत ईसफहानी रहमतुल्लाह अलयहि रिवायत करते हैं की हुजूर मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया कि, कोई मुझ पर एक बार दरुद भेजे और वो कबूल हो ज़ाए तो अल्लाह उसके अस्सी साल के गुनाह (सगीरा) माफ फरमा देता है।

हज़रत अबु सुलेमान दुर्रानी फरमाते हैं कि, दुआओं कबुलीय्यत की जिसे तमन्ना हो उसे दुआओं मे ज्यादा से ज्यादा तादाद मे दरुद पढ़ना चाहिए। दुआ या हाजत माँगने के पहले और आख़िर मे दुरुद शरीफ पढ़ें।

अल्लाह त्आला दुरुद को तुरन्त कबूल फरमाता है। जब अल्लाह त्आला शुरु और आख़िर मे दुरुद कबूल करेगा तो हाजत या दुआ का बीच का हिस्सा ज़रुर कबूल फ़रमाएगा और काम हो जाएगा। ईन्शाअल्लाह।।

'दलाईलुल खयरात' मे एक लाजवाब हक़ीक़त का बयान है, हुजूर पुर नूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया कि, कोई मुझ पर ताजीम के ख़ातिर दुरुद शरीफ भेजता है तो अल्लाह त्आला एक ऐसे फ़रिश्ते को पैदा फरमाता है, जिसका एक हाथ पूर्व दूसरा हाथ पश्चिम में, पैर सातों ज़मीनों के बीच और गर्दन अर्श को छू रही होती है अल्लाह त्आला उस फ़रिश्ते से फरमाते हैं 'ए फरिशते ! दुरुद भेज उस बंदे पर जिसने ताजीम के लिए मेरे नबी पर दुरुद भेजा'। वो फरिश्ता उस बंदे पर कयामत तक दुरुद भेजता रहता है। सुब्हानल्लाह।।

रसूले अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का ईर्शाद है कि, किसी शख्स पर कोई मुसीबत आ पड़े या कोई हाजत हो तो उसे चाहिए कि, उस हाल मे वो मुझ पर कसरत से दुरुद शरिफ पढ़े, क्युँकि दुरुद शरीफ की बहुतायत रंज और गम दुर कर देती है, और उसी तरह रोजी मे इज़ाफ़ा करती है।

'अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदिवं व अला आलि सय्यिदिन मुहम्मदीवं व बारीक् व सल्लीम्'

चार सौ हज्ज

हुजूर सरवरे कायनात सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम एक बार हज्ज और जिहाद के फजाइल बयान फरमाये, आप ने फरमाया कि, जो शख्स हज्ज करके जिहाद के लिए ज़ाए उसे एक जिहाद और चार सौ हज्ज का सवाब मिलेगा। जिन लोगों मे जिहाद के लिए जाने की ताकत ना थी वो लोग ये बात सुनकर मायुश हो गए। हजुरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने इर्शाद फरमाया कि जो शख्स मुझ पर दरुद भेजेगा उसे चार सौ जिहाद का बदला मीलेगा। (हसन बरेलवी रहमतुल्लाह अलयहे)

हजरत अनस रदीअल्लाहु तआला अन्हु फरमाते है के जब दो मुसलमान भाई मुसाफह करें और उस वक्त दरुद शरीफ पढ़ें तो उनके जुदा होने से पहले ही रब्बुल आलमीन अज्ज व जल्ल उनके गुनाह माफ फरमा देता है।

सदका और दुरुद शरीफ

हदीस शरीफ मे आया है कि कोई चीज़ अल्लाह त्आला के जलाल को शांत नही करती, जितना के सदका करता है।

लेकिन सदका देने की ताकत ना हो तो क्या करना? हज़रत अबु सईद खुदरी रदीअल्लाहो तआला अन्हु रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम से नक़ल करते हैं कि, आप ने इर्शाद फरमाया - कोई मुसलमान की सदका देने जितनी ताकत ना हो तो उसे अपनी दुआ मे ये दुरुद पढ़ना चाहिए। - **अल्लाहुम्म सल्लि अला मुहम्मदीन अब्दीक व रसुलेक व सल्लि अलल् मुअमिनीना वल् मुअमिनाति वल् मुसलिमीन वले मुसलिमात ।**

सुब्हानल्लाह। कितनी आसान तरकीब है! इसकी बरकत से दोनों काम अदा हो जाते है, दुरुद भी अदा हो गया और सदका भी अदा हो गया।

मुफ़लिसी का ख़ातमा

'शरह अहयाए उलमुद्दीन' मे रिवायत है के हुजुरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर ज्यादा मिक़दार मे दुरुद पढ़ने से भूख और मुफ़लिसी दोनों टल जाते हैं। ये अजमाया हुआ नुस्खा है और सौ फीसदी सच साबित हुआ है।

हदीस शरीफ मे आया है कि जो शख्स हुजूरे अनवर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद शरीफ भेजता है हुजूर उसके करोबार के मुतवल्ली और वकील बनते है। हश्र, हिसाब और आमाल के तौल के वक्त उसी तरह पुल सीरात से गुजरते वक्त उसके तमाम गुनाह बख्शवा के हुजूरे अनवर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम उस शख्स को जन्नत मे दाख़िल करवायेंगें। ईन्शाअल्लाह।। (तरतीबुस्सलात- सफा न. ३३)

'हीस्ने हसीन' दीने-ईस्लाम की एक बेजोड़ किताब है। उसके लेखक लिखते हैं कि, दुरुद शरीफ मे मीठे फल बेशुमार हैं, किसी भी तरह से जिनकी गिनती नहीं की जा सकती। खास करके तंगी और मुसीबत के वक्त और हाजत पुरी करने मैने कई बार ये तजुर्बा किया है, हत्ता के कभी डर और खतरे मे पड़ा तब रबत्आला ने मुझे दुरुद शरीफ

की बरकत से निजात दी। हज़रत शेख अब्दुल हक्क मुहद्दीस दहेलवी रहमतुल्लाह अलयहि भी फरमाते हैं कि दुनीया और आखीरत की तकलीफों से नीजात पाने के लिए दुरुद शरीफ से बढ़ कर कोई नेअमत नही।

दुरुद शरीफ का सही फलसफा

अफजलुल जिक्र - लाईलाहा ईल्लल्लाहो मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम)

'लाईलाहा ईल्लल्लाहो मुहम्मदुर्रसूलल्लाह' अफजलुल जिक्र सबसे आला जिक्र - इसी लिए है कि, इस कलमा शरीफ मे अल्लाह और मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम दोनो नाम एक साथ आए हैं, दुरुद शरीफ में भी ये दोनो इस्मे मुबारक आए है, लेकिन देखिए कि क्या रहश्य छुपा हुआ है एक से इल्तिजा की गई है और एक के लिए दुआ माँगी गई है मगर दोनों ही से सीधे मुख़ातिब हो रहे हैं। अल्लाह को यूँ अर्ज़ कर रहे हैं कि (हज़रत) मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) पर और उनकी औलाद पर सलामती हो। ये अल्फाज खुद अल्लाह त्आला भी कहता है हम तो सिर्फ़ अल्लाह त्आला कि हाँ मे हाँ मिलाते है।

अल्लाहु अकबर। रब्बुल कायनात जो मालिक सारे जहानों का (कुफुवन अहद) जिसका कोई जोड़ नहीं, ऐसी हस्ती कि हाँ में हाँ मिलाना कम फख्र की बात है! बंदे के लिए ये कितना बड़ा मरतबा है। दरुद शरीफ की बदौलत एक तरफ तो बन्दा अल्लाह त्आला से मुख़ातिब है और दूसरी तरफ आका-ए-नामदार मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम से भी मुख़ातिब है। इसी लिए लाईलाहा ईल्लल्लाहु मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह अफजलुल ज़िक्र है तो 'अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदिवं व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदीवं व बारीक् व सल्लीम्' सबसे आलातरीन दुआ है। पहला आलातरीन जिक्र दूजा आलातरीन दुआ। ये दुआ माँगने से अल्लाह भी ख़ुश और अल्लाह के रसूल भी खुश, फरिश्ते भी खुश, जिस्मोज़ां भी खुश, रुह भी खुश, मतलब कि जमीन से लेकर आसमान तक तमाम कि तमाम मख्लुक अपने मालिक समेत खुश ही खुश, और इसकी बरकत से अल्लाह त्आला की रहमत की बारीश भी तुरंत होती है। सुबहानल्लाह।।

कलमा अफजलुल जिक्र है और दुरुद अफजलुद्दुआ है, इतना ही नही ये फलसफा भी सबसे अफ़ज़ल फलसफा है। पढ़िए।।

अल्लाहूमा सल्ली अला मुहम्मदीन नबिय्यील उम्मी व आलेही व असहाबेही व बारिक सल्लीम (सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम)

हजरत अल्लामा शहाब खाफ्फाजी ने शर्हे शफा शरीफ मे फरमाया है कि बहुत ज्यादा तादाद मे दुरुद शरिफ ना पढ़ सकें तो कम से कम ३१३ बार जरुर पढ़ें।

'मज़रउल हस्नात' मे फरमाया गया है कि अल्लाह त्आला ने ३१३ के अदद मे तासीर रखी है, जहाँ ये आँकड़ा हो वहाँ भलाई और तरक्की होती है।

अल्लाह ने एक लाख चौबीस हज़ार पैगम्बरों में से सिर्फ़ ३१३ को रसूल बनाया। बद्र कि लड़ाई मे हिस्सा लेने वाले सहाबा की तादाद भी ३१३ थी, जिन्होने हज़ारों को मार भगाया था। हज़रत ता'लुत के लश्कर कि तादाद भी ३१३ थी। इसी लिए ये अदद बाबरकत है (वल्लाहु आलमु बीस्सवाब)

हज़रत इमाम फखरुद्दीन राज़ी रहमतुल्लाह अलयहि फरमाते हैं कि, 'इस्तीगफार' और 'दुरुद' मे से दुरुद शरीफ को बेहतर जानो आप दुरुद पढ़िए और ईस्तीगफार का काम हुजुरे अकदस मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर छोड़ दें, क्युँकि दुरुद शरीफ तो सरासर अमले इलाही है, उसके मन्जुर होने या ना होने का तो सवाल ही नही, लेकिन ईस्तिगफार दुआ की एक दरख्वास्त है, वो कबूल होगी ही ऐसी दलील दे नही सकते। अगर दुआ मे खुजूअ, खुशूअ व ईखलाश शामिल नहीं तो उसके नाकबुलीयत होने का शुब्हा रहता है इसलिए इस पर मुकम्मील तौर पर यकीन नहीं रख सकते, लेकिन दुरुद शरीफ के कबूल होने मे शक व शुब्हा की गुंजाइश नही।

इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा दुरुद शरीफ पढ़ते रहना चाहिए और ईस्तिगफार का काम हुजूरे अनवर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर छोड़ देना चाहिए। हुजूर पुर नूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम को अपनी उम्मत का इतना ज्यादा ख्याल रहता है कि, हर रोज़ अपनी उम्मत के लिए ईस्तीगफार करते रहते हैं, और हुज़ूर पुर नूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की ईस्तिगफार और दुआ तो हमेंशा कबूल हो कर रहती है। यूँ एक तरफ हमारे दुरुद कबूल और दूसरी तरफ हुजूर

सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की दुआ और ईस्तीगफार कबूल। दोनों ही तरफ से कामयाबी ही कामयाबी।

कब्र मे बन्दा-ए-मोमीन से रूह के बारे मे सवाल किए जाएँगे, और रूह को पाक करने के लिए दुरुद शरीफ से बढ़कर कोई अमल नही। रसूले अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया कि, मुझ पर बकसरत दरुद पढ़ो क्युँकि ये पाकीजगी देता है। हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने बजाते खुद ये एलान कर दिया है कि, पाकीजगी पाने का सबसे आला नुस्खा दुरुद शरीफ है।

दुरुद शरीफ ईन्सान को इस तरह पाक साफ कर देता है कि जिसकी कोई मिसाल नहीं, यहाँ तक कि जो बाअमल आलीम, मुहद्दीस और फकीर दुरुद पढ़ने को कमर कस लेते हैं उन्हें खुदा के फ़ज़लों करम से और हुजूर पुर नूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम कि रुहानीयत नुमा बरकत से लाखों गुनाहगारों की शफाअत् करने की बशारत मिल जाती है और मिल गई है।

इन फकीरों और मुहद्दीसों को ईन्शाअल्लाह व त्आला कयामत के दिन गुनाहगारों की शफाअत् करने का हक खुद हुजूरे अनवर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम अता फरमायेंगे, जैसे आशिके रसूल सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम हजरत उवयस करनी रदीअल्लाहु तआला अन्हु को हुजूरे अनवर सल्लल्लाहु अलयहे व सल्लम ने हजरत उमर रदीअल्लाहो तआला अन्हु और हज़रत अली रदीअल्लाहु तआला अन्हु के साथ ये पैगाम भेजा था कि, आप भी उम्मते मुहम्मदीया की बख्शिश की दुआ माँगे, जब कि शफाअत् के हक़दार तो खुद हुजरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम इकलौती हस्ती हैं, लेकिन हुजूरे अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के सदके और सिफ़ारीश से आपकी उम्मत के मख्शूस बंदों को ये रुत्बा मिलता है, और ये बहुत ही आला रुतबा है।

एक महान मुहद्दीस-आलिम हज़रत शाज़ली रहमतुल्लाह अलयहि की ये शान थी कि, पाँचों वक्त की नमाज़ें हज़रत रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के पीछे अदा करते थे। एक दिन हुजर पुर नूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने उनसे फरमाया, 'ए शाज़ली ! तुम बरोज कयामत एक लाख लोगों की शफाअत् करोगे, क्युँकि तुम मुहब्बत व ईखलास के साथ मुझ पर दुरुद भेजते हो।

दुरुद शरीफ पढ़ने की सबसे बड़ी नेअमत ये है कि, कयामत के दिन हुजूर पुर नूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का साथ नसीब होगा। आप सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का फरमान है कि सबसे ज्यादा दुरुद पढ़ने वाला बरोजे कयामत मेरे सबसे ज्यादा करीब होगा। सुब्हानल्लाह। हम महबुबे खुदा के साथ हों, क्या इससे बढ़कर कोई नेअमत हो सकती है?

'अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना व नबीय्यिना व मवलाना मुहम्मदींव् व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदींव् व बारीक् व सल्लिम्'

हज़रत जिब्रईल का दरुद

एक रोज़ हजरत जिब्रईल अलयहिस्सलाम हुजूर सरवरे कौनैन सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की खिदमत में हाज़िर होकर ये अर्ज किया कि अल्लाह त्आला ने मुझे पैदा किया तब दस हजार साल तक मुझे ये पता ही ना था कि मुझे क्युँ पैदा किया गया और मुझे क्या करना है? दस हज़ार साल के बाद ये नीदा आई, 'ऐ जिब्रईल',तब मुझे मालूम हुआ के मेरा नाम जिब्रईल है, मैने फौरन जवाबन अर्ज़ किया कि 'लब्बैक अल्लाहुम्म लब्बैक...' अल्लाह त्आला ने हुक्म फरमाया कि मेरी पाकी का बयान करो, मैने दस हज़ार साल तक ऐसा किया, फिर हुक्म हुआ मेरी बुजुर्गी बयान करो, दस हज़ार साल तक मैने ऐसा किया उसके बाद मुझ पर अर्श के अनवार ज़ाहिर हुए। अर्श पर मैने 'लाईलाहा ईल्लल्लाहु मुहम्मदुर्रसुलुल्लाह' लिखा देखा। मैने पुछा 'या बारी त्आला ! मुहम्मद रसूलुल्लाह कौन? हुक्म हुआ कि ऐ जिब्रईल अगर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) ना होते तो मैने तुझे भी ना पैदा किया होता इतना ही नहीं ये जन्नत, ये दोज़ख़, चाँद, सूरज कुछ भी ना पैदा किया होता ! जिब्रईल मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) पर दरुद पढ़ो, और युँ मैं दस हज़ार साल तक आप (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) पर दुरुद पढ़ता रहा।

'जुब्दतुल वाएजीन' में है कि कयामत के दिन एक ऐसी जमात होगी जिनके चेहरे चाँद के मानिंद चमक रहे होंगे, और उनके बाल सच्चे मोतीयों से भरे होंगे वो इस हाल में नूर के मीम्बर पर बैठे होंगे,

जन्नत वाले पूछेंगे 'आप फ़रिश्ते हो के अंम्बीया?' वो लोग जवाब देंगे 'हम ना तो नबी हैं और ना ही फ़रिश्ते, हम तो हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के उम्मती हैं।'

फ़रिश्ते ताअज्जुब से पूछेंगे ' तो फिर तुम्हें ये मरतबा कैसे मिला' वो कहेंगे 'पाँच वक्त की नमाज़ें हमने आदाब व सुन्नतों के साथ बाजमाअत् पढ़ीं और उसके साथ जहाँ जहाँ हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का नामे मुबारक आता वहाँ वहाँ हम उनकी मुहब्बत व इश्क में तहेदिल से सलात (दुरुद) पढ़ते थे।

शहद की मक्खी का दुरुद

गुफ्त चूं ख्वानीम बर अहमद दुरुद
मय शवद शीरीं व तल्खी रा रबूद

(हम जब फुलों से रस चुसते हैं तब हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दुरुद पढ़ते जिससे रस की तल्खी दुर होती है और शहद मीठा हो जाता है - मौलाना रुम रहमतुल्लाहि अलयहि)

एक दिन आका ए दो जहाँ सल्लल्लाहु अलयहि आलिही व सल्लम इस्लामी लश्कर के साथ जिहाद के लिए तशरिफ ले जा रहे थे। ऐसे में एक जगह पड़ाव किया और हुक्म दिया यहीं पर जो कुछ खाना चाहो खा लो।

खाने में रोटी मौजूद थी मगर सालन ना था, ठीक उस वक्त एक मधुमक्खी वहाँ आयी और बड़े जोर जोर से भीन भीनाने लगी सहाबा इकराम ने दरयाफ्त किया 'या रसुलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ये क्युँ शोर मचा रही है' आपने फरमाया 'ये कह रही है, मक्खीयां बेकरार है इस वजह से कि सहाबाकिराम के पास सालन नही है हालांकि यहाँ करीब ही गार में हमने शहद का छत्ता लगा रखा है लेकिन हम उसे यहाँ तक ला नहीं सकती' फिर फरमाया 'प्यारे अली इस मक्खी के पीछे पीछे जाओ और शहद ले आओ' चुनान्चे हजरत अली रदीअल्लाहु तआला अन्हु उस मक्खी के पीछे पीछे प्याला हाथ में लेकर उस गार तक पहुँचे और शहद निचोड़ कर ले आये। सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने वो शहद तक्सीम फरमाया,

जब खाना खाने लगे तो वो मक्खी फिर बारगाहे रिसालत मआब में हाजिर हुई और भीन भीनाने लगी, उसी तरह फिर सहाबा इकराम ने हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम से दरयाफ्त किया, आपने फरमाया 'मैनें इनसे पूछा तुम्हारी खुराक क्या है तो उसने जवाद दिया कि पहाड़ों, बियाबानों और जंगलों में जो फूल होते हैं वो हमारी खुराक है। मैने कहा कि फूल तो कड़वे भी होते हैं और फिके भी और बदमजा भी होते हैं तो ये तेरे मुँह में जाकर निहायत शीरीं और साफ कैसे हो जाता है ? तो मक्खी ने जवाब दिया कि या रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम हमारा एक अमीर और सरदार है जब फूलों का रस चुसती हैं तो वो आपकी जाते अकदस पर दुरुद पाक पढ़ना शुरू कर देता है और हम भी उसके साथ साथ दोहराती हैं तो ये बदमजा और कड़वा फूलों का रस दुरुद शरीफ की बरकत से मीठा हो जाता है और इसी बरकत से वो शहद शिफा बन जाता है।' (मुकासिदुल सालिकीन - सफा ५३, मसनवी शरीफ / मौलाना रुम)

अगर दरूद शरीफ की बरकत से कड़वा और बदमजा फूलों का रस निहायत मीठा शहद बन सकता है, तल्खी शीरीनी में बदल सकती है तो दुरुद पाक की बरकत से हमारे गुनाह भी नेकियों में बदल सकते हैं। और हमारी रूखी फिकी जिन्दगी में दुरुद की बरकत से मीठास पैदा हो सकती है और गुनाहरुपी रोग का अकसिर इलाज हो सकता है।

مَوْلَایَ صَلِّ وَسَلِّمْ دَآئِمًا اَبَدًا

عَلٰی حَبِیْبِکَ خَیْرِ الْخَلْقِ کُلِّهِمِ

बाब 5

दुरुद शरीफ अपनी तरतीब और अलफाज़ के लिहाज़ से अनगिनत हैं मगर कुछ एक दुरुद शरीफ अपनी अपनी फज़ीलत और खुशूशियात के एतबार से बहुत अहम है, चंद दुरुद शरीफ ऐसे भी हैं जिन्हें बहुत शोहरत हासिल है और जिनका पढ़ना दीनी व दुनियावी हाजात और आखिरत की भलाई के लिए बहुत ही नफा बख्श। इस बाब में सौ दरुद शरीफ के फज़ाइल, बरकात और पढ़ने का तरीका दर्ज़ है।

1. दुरुद-ए-इब्राहिम

यह दुरुद शरीफ नमाज़ में पढ़ा जाता है, इसमें हज़रत इब्राहिम अलयहीस्सलाम का नाम आता है इसलिए इसे दरुदे इब्राहिम कहा जाता है। इसकी वजह-तस्मीया ये बयान की जाती है कि हज़रत इब्राहिम अलयहीस्सलाम जब तअमिर-ए-बयतुल्लाह (construction of kaaba sharif) से फारिग हुए तो आपने अपनी दुआ में ये कहा कि 'या अल्लाह नबी आखरज्जमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की उम्मत से जो बुढ़ा इस घर की तरफ मुंह करके दो रकअत पढ़े, तु उसके हक में मेरी सफाअत कबुल फरमा', इसपर हज़रत इस्माईल अलयहिस्सलाम, हज़रत हाज़रह, हज़रत सारह और हज़रत इस्हाक अलयहिमुस्सलाम ने 'आमीन' कहा। इसके बाद हज़रत इस्माईल अलयहिस्सलाम ने अपनी दुआ में ये कहा कि 'ऐ अल्लाह मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की उम्मत से जो नौजवान इस घर की तरफ मुंह करके दो रकअत नमाज़ पढ़े उसके हक में मेरी सफाअत

कबुल फरमा', इसपर हज़रत इब्राहिम अलयहिस्सलाम, हज़रत इस्हाक अलयहिस्सलाम और बीबी हाज़रह व बीबी सारह रदीयअल्लाहु अन्हुम अजमइन ने आमीन कहा, फिर हज़रत इस्हाक अलयहिस्सलाम ने दुआ मांगी,'या अल्लाह नबी आखरुज्जमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की उम्मत से जो अधेड़ उम्र शख्स इस घर की तरफ मुंह करके दो रकअत नमाज़ पढ़े, तु उसके हक में मेरी सफाअत कबुल फरमा' इसपर खानदान के बाकी तमाम लोगों ने आमीन कहा, फिर बीबी सारह रदीयअल्लाहु तआला अन्हा ने दुआ मांगी कि 'या अल्लाह नबी आखरुज्जमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की उम्मत से जो औरत इस घर की तरफ मुंह करके दो रकअत नमाज़ पढ़े उसके हक में मेरी सफाअत कबुल फरमा' सब ने 'आमीन' कहा, आखिर मां बीबी हाज़रह ने यु दुआ की 'या अल्लाह उम्मते- मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम से जो लड़की इस घर की तरफ मुंह करके दो रकअत पढ़े उसके हक में मेरी सफाअत कबुल फरमा' इसपर सबने 'आमीन' कहा।

हज़रत इब्राहिम अलयहिस्सलाम और उनके अहलो-अयाल का ये बेश-बहा तोहफा उम्मते मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के हक में पेश किया गया उसके बदले में उम्मते मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम को ये हुक्म दिया गया के खानदाने-इब्राहिम अलयहीस्सलाम के हक में हर नमाज़ में दुआ किया करो और इस दुआ को हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम ने दुरुदे-इब्राहिमी की सुरत में बवजाहत बयान फरमाया। इस दुरुदे-पाक से हुजूर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम की खानदाने-इब्राहीम अलयहिस्सलाम से मुहब्बत का इज़हार होता है, और इसी मुहब्बत की बिना पर हुजूर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम ने अपने एक बेटे का नाम इब्राहिम (रदीयअल्लाहो अन्हो) रखा, इसके अलावा शबे-मेअराज़ में हज़रत इब्राहिम अलयहिस्सलाम ने हुजूरे-अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम से कहा था कि अपनी उम्मत को मेरा सलाम कह दिजीएगा उस सलाम के जवाब में आप सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम ने दुरुदे-इब्राहिमी में उनपर सलाम पेश किया।

यह दुरुद तमाम दुरुद के शीगुल से अफज़ल है, क्योंकि इस

दुरुद शरीफ के अल्फाज़ बजाते-खुद हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम के फरमाये हुए हैं। इसलिए इस दुरुदे-पाक को नमाज़ के अलावा कसरत से पढ़ना दीनी व दुनियावी फयुज़ो-बरकात हासिल करने का बेहतरीन जरीयाअ है, और अल्लाह की खूशनूदी हासिल होती है, दुनिया के तमाम कामों में आसानी पैदा हो जाती है, कदम कदम पर अल्लाह की मदद शामिले-हाल होती है और हाजात पुरी हो जाती है। हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम की शफाअत वाजिब हो जाती है, रिज़्क की तंगी दूर हो जाती है, माल व असबाब में बरकत पैदा होती है, खात्मा बिल्इमान होता है, इसके अलावा आखिरत की जिन्दगी से मुताअल्लिक तमाम मन्ज़िलें आसान हो जाती है, और इस दुरुदे-पाक को माअमुल से पढ़नेवाला इन्शाअल्लाह जन्नत में जाएगा।

इस दुरुद शरीफ की सनद बुखारी शरीफ की ये रिवायत है कि हज़रत अब्दुल रहमान बीन अबी लयला रदीयअल्लाहु अन्हु ने कहा है कि हम कआब अज़रह रदीयअल्लाहु अन्हु से मिले उन्होने कहा कि क्या मैं तुम्हें हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम की हदीस सुनाऊँ, हमने कहा फरमाइये तो उन्होने बयान किया के एक मरतबा ऐसा हुआ के हमने हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम से इल्तिजा की कि या रसुलल्लाह (सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम) आप पर दुरुद भेजना तो हमें मालूम हो चुका है मगर दरूद किस तरह भेजें तो हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम ने फरमाया के इन अल्फाज़ में मुझ पर दुरुद भेजो। (फिर दुरूदे-इब्राहिम की तलकीन फरमाई।)

۱ درُودِ ابراہیمی

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰی اٰلِ مُحَمَّدٍ

کَمَا صَلَّیْتَ عَلٰی اِبْرَاھِیْمَ وَ عَلٰی اٰلِ اِبْرَاھِیْمَ

اِنَّکَ حَمِیْدٌ مَّجِیْدٌ ○ اَللّٰھُمَّ بَارِکْ عَلٰی مُحَمَّدٍ

وَّ عَلٰی اٰلِ مُحَمَّدٍ کَمَا بَارَکْتَ عَلٰی اِبْرَاھِیْمَ وَ

عَلٰی اٰلِ اِبْرَاھِیْمَ اِنَّکَ حَمِیْدٌ مَّجِیْدٌ ☆

1. दुरुदे-इब्राहिमी

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला मुहम्मदींव्-व-अला आलि मुहम्मदीन कमा सल्लय्ता अला इब्राहिम व अला आलि इब्राहिम इन्न-क हमीदुन-मजीद। अल्लाहुम्म बारिक् अला मुहम्मदींव्-व-अला आलि मुहम्मदीन कमा बारक्-त अला इब्राहिम व अला आलि इब्राहिम इन्न-कहमीदुन-मजीद।

तर्जूमा - अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरुद नाजिल फरमा हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम पर और हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम की आल (औलाद) पर जिस तरह तुने रहमत नाजिल फरमाई हजरत इब्राहीम अलयहिस्सलाम और हजरत इब्राहीम अलयहिस्सलाम की आल पर बेशक तु तारीफ किया गया बुजूर्ग है। ऐ अल्लाह बरकत नाजिल फरमा हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम पर और हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम की आल पर जिस तरह तुने बरकत नाजिल फरमाई हजरत इब्राहीम अलयहिस्सलाम और हजरत इब्राहीम अलयहिस्सलाम की आल पर बेशक तु तारीफ किया गया बुजूर्ग है।

2. दरूदे-खज़री

ये दुरुद शरीफ अवलिया अल्लाह के अक्सर माअमुल में रहा

है। बेशुमार अवलिया ने इसे पढ़ा है खासकर हज़रत शेर मुहम्मद शरकपुरी आरिफ कामिल रहमतुल्लाह अलयहे के बारे में ये बयान किया जाता है कि आप ये दुरुद शरीफ कसरत (अधीक परिमाण) से पढ़ा करते थे और अपने मुरिदैन को भी यही दुरुद शरीफ पढ़ने की तलकिन फरमाया करते थे। क्योंकि ये दुरुद शरीफ अल्फाज़ के लिहाज से मुख्तसर है मगर माअनी के लिहाज से जामेअ है। इस दुरुदे-पाक के फायदे बेपनाह हैं, सबसे बड़ा फायदा ये है कि इस दरूद शरीफ को पढ़नेवाला हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम का महबूब गुलाम बन जाता है, दीन-व-दुनिया में उसे किसी चीज की कमी नहीं रहती और सुकूने-कल्ब की दौलत से मालामाल हो जाता है। बुजूर्गाने चौरह शरीफ हजरत बाबा फकीर मुहम्मद चोराही रहमतुल्लाह अलयहि और उनके सज्जादा-नशीन हजरात के माअमूल में यही दुरूद शरीफ कसरत से पढ़ा जाता है।

۲ درود خضری

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْم

صَلَّى اللّٰهُ عَلٰى حَبِيْبِهٖ مُحَمَّدٍ وَّاٰلِهٖ وَاَصْحَابِهٖ وَسَلَّمْ

☆

2. दुरुदे-खज़री

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

सल्लल्लाहो अला हबीबिही मुहम्मदींव-व-आलिही व असहाबिहीव सल्लीम्।

तर्जूमा - अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह अपने महबूब मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम और उनकी आल (वंशज) पर और उनके असहाब (साथीयों) पर

सलाम और दुरुद भेज।

3. दुरुदे-हजारा

दुरुदे-हजारा तालिबाने-रुहानीयत (रुहानीयत का इल्म सीखनेवाले, students of spiritualism) का महबूब दुरुद शरीफ है, क्योंकि इस दुरुद से सालिकीन (सालिक - जो खुदा का कुर्ब (नज़दिकी / करीब होना) भी चाहे और शुग्ले मआश (दम्पत्त्य जीवन, रोज़गार, सामाजिक जिन्दगी) भी रखता हो) को रुहानी मंजिलें तय करने में बहुत आसानी हो जाती है और रसुले अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की खास सफकत (मेहरबानी, मुहब्बत) इनायत और तवज्जोह हासिल होती है। आम मोमिन के वास्ते भी ये दुरूद शरीफ जियारते-नबी सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के लिए बहुत पुर-असर है। लिहाजा जो शख्स हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की जियारत का ख्वाहिशमन्द हो तो उसे चाहिए कि रमज़ानुल मुबारक के महिने में रोजाना तहज्जुद के वक्त यह दुरुद शरीफ एक हजार बार पढ़े इन्शाअल्लाह बहुत जल्द जियारत से सर्फयाब होगा। इसे एक बार पढ़ने से हजार नेकीयों का सवाब मिलता है और एक सौ हाजतें पुरी होती है। दुन्यावी फयूज़ व बरकात हासिल करने के लिए इसे हर नमाज़ के बाद ग्यारह बार पढ़ना बहुत बेहतर है। गम व फिक्र और मुश्किलात से निजात हासिल करने के लिए बाद नमाज़े फज्र इस दुरुद शरीफ को सौ बार पढ़ना चाहिए, इन्शाअल्लाह तमाम मुश्किलात दुर हो जाएगी और दिल को शुकून हासिल होगा।

वुसअते (फैलाव, बढ़ोतरी) रिज़्क और कर्जे की अदायगी के लिए बाद नमाज़े इशा ३१३ बार पढ़ना बहुत मुज़र्रब (आज़माया हुआ) है, लिहाज़ा जो शख्स कर्ज़ में डूबा हुआ हो तो उसके लिए इस दुरुदे-पाक का पढ़ना निहायत ही मुफीद है। जो शख्स जुम्आ के दिन इस दुरुद शरीफ को हजार बार पढ़े वह शख्स जन्नत में दाखिल होगा। ये दुरुद शरीफ सिलसिला-ए-चिश्तीया के अक्सर बुजूर्गों के माअमूल में से है।

۳ درود ہزارہ

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا وَمَوۡلٰینَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰی اٰلِ

سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ بِعَدَدِ کُلِّ ذَرَّۃٍ مِّائَتَ اَلۡفِ اَلۡفِ مَرَّۃٍ

وَّبَارِکۡ وَسَلِّمۡ ☆

3. दुरुदे-हजारा

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्मा सल्ले अला मुहम्मदिंव-व अला आले मुहम्मदिंन बेअददे कुल्लि जर्रतीम-मेअता अल्फि अल्फि मर्रतींव-व-बारीक व सल्लीम।

तर्जुमा - अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। या अल्लाह दुरुद भेज हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर और हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की आल (वंशज) पर हर एक कण के बदले दस करोड़ बार और बरकत दे और सलाम भेज।

4. दरूदे-नेअमत अजमा

यह दुरुद शरीफ एक तरह का दरिया-ए-रहमत है और इसे पढ़नेवाला दरिया-ए-रहमत में गोताजन हो जाता है। लिहाजा इस दुरुद शरीफ के बारे में कहा जाता है कि, जब पढ़नेवाला अल्लाहुम्मा सल्लि कहता है तो वह अल्लाह के फज़्ल व करम के समन्दर में कदम रख देता है, जब नबी-अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का नाम लेता है तो वह दरिया-ए-रिसालत की मौजों में आ जाता है, जिस वक्त वह व-अला आलिही कहता है तो उसपर अहले-बैयत जैसी इनायात होने लगती है और जब अला अस्हाबे कहता है तो उसे सहाबा जैसी

खैरो-बरकत मिलना शुरु हो जाती है। इस दुरुद के पढ़ने से गुनाह मिट जाते हैं, दिल की तमन्नाएँ पूरी होती है, रूह और दिल को तरो-ताज़गी मिलती है। लिहाजा जो शख्स इस दुरुद शरीफ के फुयूज़ व बरकात से शुर्खरू होना चाहे तो उसे चाहिए कि इस दुरुद शरीफ को हर नमाज़ के बाद कसरत से पढ़े, अगर ऐसा ना कर सके तो एक बार जरूर पढ़े।

۴ دُرُودِ نعمت عظمیٰ

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰی اٰلِ سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّ

عَلٰی اَصۡحَابِہٖ سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّ بَارِکۡ وَ سَلِّمۡ ☆

4. दुरुदे-निअमत अजमा

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्मा सल्लि अला सय्यदिना मुहम्मदींव-व-अला आले सय्यदिना मुहम्मदींव-व-अला अस्हाबि सय्यदिना मुहम्मदींव-व-बारिक व सल्लिम।

तर्जुमा - अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर और हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की आल पर और हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के अस्हाब पर दुरुद, बरकत और सलाम भेज।

5. दुरुदे-इमाम बूशैरी

हज़रत इमाम सरफुद्दीन बुशैरी रहमतुल्लाह अलयहि का लिखीत

कसीदा-बुरदा शरीफ के दीबाचे का सेर है जो दुरुदे-बूशैरी के नाम से मशहूर है। दरअसल ये सेर कसीदा-बुरदा शरीफ का निचोड़ है और बेपनाह दीनी व दुनियावी फायदे का हामिल है। जो शख्स ये दुरुद शरीफ रोजाना सौ बार सुबह और सौ बार शाम को पढ़े उसका दिल ईश्के रसुल सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम से मौजज़न (दरिया में मौजों का ठाठें मारना) हो जाएगा, अगर जियारते-रसुल मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम को हज्जे नज़र रखेगा तो इन्शाअल्लाह जियारत से नवाजा जाएगा। दरअसल इस दुरुद शरीफ को दाएमी तौर पर पढ़नेवाला अल्लाह अज्ज़ व जल्ल और उसके रसुल मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम का महबूब बन्दा बन जाता है और मरने के बाद उसे हुजूर की सफाअत से जन्नत मिलेगी।

अगर कोई हाज़त दरपेश हो तो एक सौ बीस (१२०) दिन तक पन्द्रह सौ (१५००) बार रोजाना बाद नमाज़े-फज्र या बाद नमाज़े-इशा पढ़ें, इन्शाअल्लाह नबी करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के सदके हाज़त पूरी होगी। अगर कोई माली दुश्वारी दरपेश हो या किसी का कर्ज़ देना हो या किसी से कर्ज़ वसूल करना हो और उसकी अदायगी या वसूली की कोई सुरत बनती हुई नज़र ना आती हो तो चालीस (४०) दिन तक इस दुरूद-पाक को तीन हजार एक सौ पच्चीस (३१२५) बार पढ़ें, इन्शाअल्लाह मसअला हल हो जाएगा और रिज़्क में फौरन इजाफा होगा। नमाज़े-फज्र के बाद रोजाना ११ (ग्यारह) मरतबा पढ़ने से ईज्जत और शोहरत में इजाफा होगा। बारह (१२) साल तक रोजाना ग्यारह हजार (११०००) बार से दर्ज़ा-ए-विलायत हासिल होगा।

۵ درود امام بوصیری

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

مَوْلَایَ صَلِّ وَسَلِّم دَائِمًا اَبَدًا عَلٰی حَبِيْبِکَ

خَيْرِ الْخَلْقِ كُلِّهِم يَارَبِّ صَلِّ وَ سَلِّم دَائِمًا اَبَدًا

عَلٰی حَبِيْبِکَ خَيْرِ الْخَلْقِ كُلِّهِم ☆

5. दुरुदे-इमाम बूशैरी

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

मौला-या सल्लि व सल्लिम् दाइमन् अबदन् अला हबीबिका खयरिल-खल्कि कुल्लिहिमी, या रब्बि सल्लि व सल्लिम् दाइमन् अबदन् अला हबीबिका खयरिल-खल्कि कुल्लिहिमी।

तर्जुमा - अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ मेरे मौला तु अपने हबीब पर हमेंशा हमेंशा दुरुद व सलाम भेज जो तेरी मख्लूक में सबसे बेहतर है। ऐ मेरे परवरदिगार तु अपने हबीब सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर हमेंशा हमेंशा दुरुद व सलाम भेज जो तेरी मख्लूक में सबसे बेहतर है।

6. दुरुदे ताज

दुरुदे ताज बेपनाह फैजो-बरकत का मम्बा (स्रोत, उदगम स्थान) है। ये आशिकाने रसुल सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम कामहबूब वजीफा है, बेशुमार सुफिया और औलिया अल्लाह ने ये दुरुद पाक खुद पढ़ा और अपने सिलसिल-ए-तरीकत में इरादतमंदों को पढ़ने की तलकीन की। इस दुरुद शरीफ में पढ़नेवाले को साहिबे-कश्फ (वह शख्स जो भेदों रहस्यों को जाननेवाला हो) बना देने की खुशूसीयत बहुत नुमाया है, लिहाजा अगर कोई शख्स-साहिबे कश्फ बनना चाहे तो उसे चाहिए कि इस दुरुद शरीफ को रोजाना सौ बार पढ़े और तीन साल तक यही माअमूल जारी रखे इन्शाअल्लाह वह इस अरसे में साहिबे-कश्फ बन जाएगा और अगर वह इस सिलसिले को ताहयात (रहती जिन्दगी तक) जारी रखे तो साहिबे-रुहानियत बन जाएगा, क्योंकि यह दुरुद शरीफ सफाई-ए-कल्ब के लिए निहायत ही अकसीर का दरजा रखता है, इसलिए जो शख्स इस दुरुदे-पाक को रोजाना कम से कम बार भी पढ़ता है तो उसका दिल गुनाहों से पाकिज़ा हो जाता है

और नेक रास्ते पर गामजन हो जाता है।

कोई शख्स हुजूर पुर नूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की पाक ज़ियारत का मुंतज़िर हो तो जुम्आ की रात को बाद नमाज़ें ईशा बावजु पाक ख़ुशबूदार लिबास पहनकर १७० बार ये दुरूद शरीफ पढ़ कर सो ज़ाए, इस तरह ग्यारह रातें ये अमल करे। इन्शाअल्लाह उसे ज़ियारत कि खुशनसीबी हासिल होगी।

बाद नमाज़े-फज्र सात (७) बार रोजाना वजीफा के तौर पर यह दुरूद शरीफ पढ़ना रोजी में ईजाफे का सबब बनता है। दुश्मनों, जालिमों, हासिदों और हाकिमों की ज्यादतीयों से बचने के लिए इस दुरूद शरीफ को रोजाना एक बार पढ़ना ही काफी है। किसी नेक मकसद या हाज़त के लिए निस्फ शब (आधी रात) के बाद चालीस (४०) बार सिदक दिल से (सच्चे, साफ दिल से) पढ़ना बहुत अकसीर है। बीमारीयों से शिफा के लिए पानी पर ग्यारह बार पढ़कर दम करके पीने से बीमारीयों से शिफायाबी मिलती है। अगर कोई शख्स तसख्खीर-ए-खुल्क (मखलुक को ताबेअ, अधिन करना) के लिए इसका आमिल बनना चाहे तो उसे चाहिए कि चालीस रात खिलवत (एकान्त) में बैठकर इसे रोजाना एक सौ ग्यारह (१११) बार पढ़े इन्शाअल्लाह चिल्ला मुकम्मिल होने पर जिस की तरफ तवज्जोह करेगा वही कायल होकर असीर हो जाएगा।

बाँझ औरत के वास्ते इक्कीस (२१) खुरमों (खारक, छुआरा, सुखी खजुर) पर सात (७) बार दरूदे-ताज़ पढ़कर दम करें और हर रोज एक खुरमा उस बाँझ औरत को खिलाएँ, इक्कीस रोज पुरे होने पर बाद गुस्ले-तहारत (पाक नहाना) उससे हमबिस्तर हों, खुदा के फज़्ल से नेक स्वालेह फरजंद पैदा होगा। अगर हामिला औरत (पेट में बच्चे का होना, pragnent) को किसी भी किस्म का खलल हो तो सात (७) दिन तक सात बार दुरुदे-ताज़ पढ़कर पानी में दम करके उसे पिलाएं, अल्लाह के फज़्ल से खैर होगा।

٦ درُودِ تاج

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا وَمَوۡلٰنَا مُحَمَّدٍ صَاحِبِ
التَّاجِ وَالۡمِعۡرَاجِ وَالۡبُرَاقِ وَالۡعَلَمِ ط دَافِعِ الۡبَلَآءِ
وَالۡوَبَآءِ وَالۡقَحۡطِ وَالۡمَرَضِ وَالۡاَلَمِ ط اِسۡمُہٗ
مَکۡتُوۡبٌ مَّرۡفُوۡعٌ مَّشۡفُوۡعٌ مَّنۡقُوۡشٌ فِی اللَّوۡحِ
وَالۡقَلَمِ ط سَیِّدِ الۡعَرَبِ وَالۡعَجَمِ ط جِسۡمُہٗ
مُقَدَّسٌ مُّعَطَّرٌ مُّطَھَّرٌ مُّنَوَّرٌ فِی الۡبَیۡتِ وَالۡحَرَمِ ط
شَمۡسِ الضُّحٰی بَدۡرِ الدُّجٰی صَدۡرِ الۡعُلٰی نُوۡرِ الۡھُدٰی
کَھۡفِ الۡوَرٰی مِصۡبَاحِ الظُّلَمِ ط جَمِیۡلِ الشِّیَمِ ط
شَفِیۡعِ الۡاُمَمِ ط صَاحِبِ الۡجُوۡدِ وَالۡکَرَمِ ط وَاللّٰہُ
عَاصِمُہٗ وَجِبۡرِیۡلُ خَادِمُہٗ وَالۡبُرَاقُ مَرۡکَبُہٗ
وَالۡمِعۡرَاجُ سَفَرُہٗ وَسِدۡرَۃُ الۡمُنۡتَھٰی مَقَامُہٗ وَقَابَ
قَوۡسَیۡنِ مَطۡلُوۡبُہٗ وَالۡمَطۡلُوۡبُ مَقۡصُوۡدُہٗ
وَالۡمَقۡصُوۡدُ مَوۡجُوۡدُہٗ سَیِّدِ الۡمُرۡ

سَلِيْنَ خَاتَمِ النَّبِيِّنَ شَفِيْعِ الْمُذْنِبِيْنَ اَنِيْسِ الْغَرِيْبِيْنَ

رَحْمَةٍلِّلْعٰلَمِيْنَ رَاحَةِالْعَاشِقِيْنَ مُرَادِالْمُشْتَاقِيْنَ

شَمْسِ الْعَارِفِيْنَ سِرَاجِ السّٰلِكِيْنَ مِصْبَاحِ

الْمُقَرَّبِيْنَ مُحِبِّ الْفُقَرَآءِ وَالْغُرَبَآءِ وَالْمَسٰكِيْنِ

نَبِيِّ الْحَرَمَيْنِ صَاحِبِ قَابَ قَوْسَيْنِ مَحْبُوْبِ رَبِّ

الْمَشْرِقَيْنِ وَ رَبِّ الْمَغْرِبَيْنِ جَدِّ الْحَسَنِ

وَالْحُسَيْنِ مَوْلٰيْنَا وَمَوْلَى الثَّقَلَيْنِ اَبِى الْقَاسِمِ

مُحَمَّدِبْنِ عَبْدِاللّٰهِ نُوْرٍمِّنْ نُّوْرِاللّٰهِ ط

يٰٓاَيُّهَاالْمُشْتَاقُوْنَ بِنُوْرِجَمَالِهٖ صَلُّوْاعَلَيْهِ

وَاٰلِهٖ وَاَصْحَابِهٖ وَسَلِّمُوْاتَسْلِيْمًا☆

6. दुरूदे ताज

बिस्मीललाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिन साहीबीत्ताजे वल मिअराजि वल बुराके वल अलम. दाफिईल बलाए वल वबाए वल कहति वल मर्जे वल अलम. ईस्मुहु मत्तु बुन मरफुउम-मशफुउ-मन्कुशुन फील्लवहि वल कलम. सय्यिदील अरबि वल अजम. जिस्मुहु मुकद्दसुम मुअत्तरुम मुतह्हरुन मुनव्वरुन फिलबयति वल हरम. शम्सीद्दुहा बदरीद्दुजा सदरिल उला नुरील हुदा कहफील वरा मिस्बाहीज्जुलम. जमीलीश्शियम शफीइल उमम्.

साहीबील जुदि वल करम. वल्लाहु आसिमुहु व जिब्रीलु खादीमुहु वल बुराकु मरकबुहु वल मिअराजि साफरुहु व सिदरतुल मुन्तहा मकामुहु व काबा कवसयनि मतलुबुहु वल मतलुबु मक्सुदुहु वल मक्सुदु मवजुदुहु. सय्यिदील मुरसली.न खातीमीन्नबीय्यी.न शफीयील मुजनबी.न अनीसिल गरीबीय.न, रहमतीललील आलमी.न. राहतील आशेकी.न मुरादिल मुश्ताकी.न शम्सील आरिफी.न सिराजीस्सालिकी.न मिस्बाहील मुकर्रबी.न मुहीब्बील फुकराए वल गुरबाए वल मसाकीन. सय्यिदिस्सकलयनि नबीय्यील हरमयनि ईमामील कीब्लतयनि वसीलातिना फीद्दारयनि. साहिबि काबा कवसयनि महबुबि रब्बील मशरीकैनि व रब्बील मगरीबैनि. जद्दील हसनि वल हुसयनि मवलाना व मवलस्सकलयनि अबील कासीमि मुहम्मदिबनि अब्दिल्लाहि नुरीम मीन नुरील्लाहि. या अय्योहल मुश्ताकुना बिनुरि जमालिही सल्लु अलयहि व आलिही व असहाबिही व सल्लिमु तस्लीमा.

तर्जुमा दुरूदे ताज - अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहम वाला है।या अल्लाह रहमत नाज़िल फरमा हमारे सरदार और मालिक मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जो साहिबे-ताज, मेअराज, बुराक और अलमवाले (जिसके हाथ पर झन्डा है) हैं और बला, वबा दुकाल(कहत), बीमारियों और दुःखों को दुर करने वाले हैं उनका मुबारक नाम ऊँची शफाअतवाले के शक्ल मे लवह ओर कलम के बीच लिखा हुआ है। जो अरब और अजम के सरदार हैं और जिनका जिस्म मुक़द्दस, मुअत्तर (खुश्बूदार) मुतह्हर (पाकिज़ा) और मुनव्वर है जो सुबह के आफताब और अँधेरी रातों के चाँद, ऊँचाइयों पर सदारत फरमानेवाले, हिदायत के नूर, अँधेरों से हिफ़ाज़त फ़रमाने वाले हैं। जो सारी ख़सलतों वाले उम्मतीयों कि शफाअत करने वाले और महेरबानी व रहम करने वाले हैं और अल्लाह त्आला उनका निगहबान है और जिब्रईल उनके ख़ादिम हैं और बुरॉक उनकी सवारी और मेअराज उनका सफर है व सिद्रतुल मुन्तहा उनका मुकाम है। काबा कवसयन उनकी आरज़ू है और मतलुब उनका मक़सूद है व मक़सूद उनका मौजूद है (उनको हासिल है)। तमाम नबीयों के सरदार हैं। खतीमुन्नबी हैं (सीलसीला-ए-नबी जीन पर खत्म है), गुनाहगारों की शफाअत करनेवाले

गरीबों के गमख्वार, तमाम दुनिया के लिए रहमत, आशिक़ों की राहत, चाहने वालों की मुराद, आरीफों के आफताब, सालीकों (राहे-खुदा पर चलनेवाले) के लिए हिदायत के चिराग़, अल्लाह वालों के लिए शमा, फ़क़ीरों और मिस्कीनो को दोस्त रखने वाले, जिन्नात और इंसानों के सरदार, दोनों हरम शरीफ के पेशवा, दोनों किब्लाओं (बयतुल मुकद्दस और मक्का मुअज्जमा) के पेशवा, हमारे दोनों जहान (दुनिया व आखिरत) के वसीला, काबा कवसैन पर फायज़ (मालीक) हैं, मालिक-ए-मशरीकों और मग़रिबों के महबूब, इमाम हसन(रदीअल्लाहो तआला अन्हो) और इमाम हुसैन(रदीअल्लाहो तआला अन्हो) के नानाजान, हमारे मौला और जिन्नातों व इंसानों के आका जनाब अबुल कासीम मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम) ईब्ने अब्दुल्लाह, नूर अल्लाह के नूर से। अय उनके जमाले नूर के मुस्ताक दुरूद पढ़ो उनकी आल पर उनके असहाब पर और सलाम भेजो मुकम्मील।

7. दुरूदे नारियाह

यह दुरूद शरीफ तरह तरह की रुहानी असरार (भेद, रहस्य) का खजाना है, बल्कि इसमें हुसूले-मआरिफत (अल्लाह की पहचान हासिल करना) का राज़ छुपा है, जिसे खासुल खास वलीयों और अहले माअरिफत के अलावा कोई समझ नहीं पाया है। इसलिए अहले-मआरिफत और अहले-रुहानियत में इस दुरूद शरीफ को बहुत अहमीयत हासिल है। लिहाजा जो शख्स इस दुरूद शरीफ के रहस्य जानना चाहे उसे चाहिए कि कामिल मुर्शिद से इजाजत लेकर इस दुरूद पाक की दावत पढ़े, इसकी दावत पढ़ने का यह तरीका है कि किसी तन्हाई वाली जगह पर चालीस (४०) दिन के लिए गोशा नशीनी (एकान्तवास) अख्तियार करे, दिन के वक्त रोजा रखे और चील्ला के दौरान (यानी इन दिनों में) रात दिन यही दुरूद शरीफ पढ़े फिर देखे गैब के पर्दों से कैसे अजीबो-गरीब रहस्य उसपर जाहिर होंगे। इसके अलावा रमज़ानूल मुबारक में ईत्तेकाफ के दौरान भी अगर यही दुरूद शरीफ पढ़ा जाए तो अल्लाह तआला पढ़नेवाले को बेशुमार रुहानी असरार से नवाजेगा।

इस दुरूद शरीफ का एक बड़ा दुनियावी फायदा ये है की रंज, मुसीबत और गम मे इसे पढ़ें तो ईन्शाअल्लाह पलक झपकते ही सारी मुसीबतें टल ज़ाए, अँधेरा रोशनी में बदल ज़ाए, ज़हमत रहमत मे बदल ज़ाए।

---

۷ درُود ناریہ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ صَلٰوةً كَامِلَةً وَّسَلِّمْ سَلَامًا تَآمًّا عَلٰى

سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدِ نِ الَّذِىْ تَنْحَلُّ بِهٖ الْعُقَدُ

وَتَنْفَرِجُ بِهِ الْكُرَبُ وَ تُقْضٰى بِهٖ الْحَوَآئِجُ وَتُنَالُ بِهِ

الْرَّغَآئِبُ وَحُسْنُ الْخَوَاتِيْمِ ط وَيُسْتَسْقَى الْغَمَامُ

بِوَجْهِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰٓى اٰلِهٖ وَاَصْحَابِهٖ فِىْ كُلِّ لَمْحَةٍ

وَّ نَفْسٍ م بِعَدَدِ كُلِّ مَعْلُوْمٍ لَّكَ يَآ اَللّٰهُ يَآ اَللّٰهُ يَآاَللّٰهُ

☆

7. दुरूदे नारियाह

बिस्मील्लाह हिर्ररहमानिर्ररहीम

अल्लाहुम्म सल्लि सलातन् कामिलतन् व सल्लीम् सलामन्

ताम्मन् अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिनील्लजी तनहल्लु बिहील् उकदु व तन्फरजु बिहील् करबो ल तक्दा बेहील हवाईजो व तोनालो बेहीर्रगाईबो व हुस्नुल ख्वातेमे व युसतकल गमाम. बिवजहील-करीमे व अला आलिही व अस्हाबिही फी कुल्लि लम्हतंव व नफसीम् बिअददि मअलुमील् लका या अल्लाहु या अल्लाहु या अल्लाहु।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहम वाला है। अय अल्लाह दुरूदे कामिल और सलामे ताम(मुकम्मिल) नाज़िल फरमा हमारे सरदार और मौला हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जिनके तुफैल गाँठ खुल जाती है, बेचैनियाँ खत्म हो जाती है और जिनके तुफैल तमाम मकासीद हासील होते हैं। बीलखैर खात्मा नसीब होता है। उनके करम से बादल सयराब होते हैं(उसकी ताजगी से), और आल पर अस्हाब पर अपने हर एक लम्हें, हर एक श्वास में, अपने इल्म के बराबर अदद में अय अल्लाह, अय अल्लाह, अय अल्लाह।

8. सलाति तुनज्जीना

इस दुरूद शरीफ का नाम तोनज्जी या तोनज्जीना रखा गया, इसके बेपनाह फज़ाइल हैं। बुजूर्गाने दीन ने अनेकों बार अजमाया है। हजरत गौस पाक अब्दुल कादिर जीलानी रदीयअल्लाहु तआला अन्हु ने फरमाया के एक शख्स निहायत मुश्किल में गिरफ्तार हो गया। उसने वुजू करके मुअत्तर होकर ये दुरूदे पाक पढ़ना शुरु किया तो मुश्किल हल हो गई। इस दुरूद शरीफ को जो शख्स अदब व अहतराम से किब्ला रुख होकर हर रोज तीन सौ (३००) बार पढ़ेगा, अल्लाह के फज़ल से उसकी सख्त से सख्त मुश्किल हल हो जाएगी।

जिसे नबी करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की जियारत का शौक हो वह खालिश नीयत से यह दुरूद शरीफ पढ़े और बाद नमाज़े ईशा एक हजार (१०००) बार पुरा करे फिर बिस्तर को मुअत्तर करके बावुजू ही सो जाए इन्शाअल्लाह चालीस रोज के अन्दर अन्दर ही हुजूरे-अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की जियारत से सर्फयाब होगा, अगर अल्लाह करम करे तो हो सकता है एक हफ्ते के भीतर ही

जियारत नसीब हो जाए। (दलाएलुल-खैरात, मज़रउल हस्नात)

ख़ौफ़ और गम में हर रोज़ ७० मर्तबा ये दुरूद शरीफ पढ़ने पर अजाब से निजात मीलती है। औलिया अल्लाह का ये एक पसन्दीदा वज़ीफ़ा है और ये बहुत फ़ायदे वाला अमल है। किसी भी गम या तकलीफ मे इसे ज्यादा पढ़ें तो वो गम और तकलीफ दुर हो जाती है। इस दुरूद शरीफ की एक खुशूसीयत ये भी है कि जो शख्स बीमारी से तंग आकर तबीबों, डाक्टरों से मायुस हो गया हो उसे चाहिए कि इस दरुद शरीफ को कसरत (ज्यादा) से पढ़े इन्शाअल्लाह बीमारी की तकलीफ से निजात मिलेगी।

٨ درود تنجینا

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا

مُحَمَّدٍ صَلٰوةً تُنَجِّيْنَ بِهَا مِنْ جَمِيْعِ الْاَهْوَالِ

وَالْاٰفَاتِ وَتَقْضِىْ لَنَا بِهَا جَمِيْعَ الْحَاجَاتِ

وَتُطَهِّرُنَا بِهَا مِنْ جَمِيْعِ السَّيِّئَاتِ وَتَرْفَعُنَا بِهَا

عِنْدَكَ اَعْلَى الدَّرَجَاتِ وَتُبَلِّغُنَا بِهَا اَقْصَى

الْغَايَاتِ مِنْ جَمِيْعِ الْخَيْرٰتِ فِى الْحَيَاتِ وَبَعْدَ

الْـمَـمَـاتِ اِنَّکَ مُـجِیْـبُ الـدَّعْوَاتِ وَرَافِعُ الدَّ

رَجَـاتِ وَیَـاقَـاضِـیَ الْـحَـاجَـاتِ وَیَـاکَـافِـی

الْـمُهِـمَّـاتِ وَیَا دَافِعَ الْبَلِیَّاتِ وَیَاحَلَّ الْمُشْکِلَاتِ

اَغِثْنِیْ اَغِثْنِیْ اَغِثْنِیْ یَا اِلٰهِیْ اِنَّکَ عَلٰی کُلِّ

شَیْءٍ قَدِیْرٌ☆

8. सलाति तुनज्जीना

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना व मौलाना मुहम्मदिंव अला आलि सय्यिदिना व मौलाना मुहम्मदिन् सलातन् तुनज्जीना बिहा मीन जमीईल अहवालि वल आफाति. व तक्दी लना बिहा मीन जमीईल हाजाति तुताह्हीरुना बिहा मीन जमीईस्सय्यिआति. व तरफउना बिहा ईन्दक अअलद्दरजाति व तुबल्लिगुना बिहा अक्सल् गायाति मीन जमीईल खयराति फील हयाति व बअद्दल ममाति. ईन्नका मुजीबुद्दा-अ-वाति व राफिउद्दरजाति व या काज़ियल-हाजाति व या काफी-अल मुहिम्माति व या दाफि-अल-बलीय्याति व या हल्ल-ल्-मुश्किलाति अगिश्नी अगिश्नी अगिश्नी या इलाही इन्नका अला कुल्लि शैईन कदीर्.

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। अय परवरदिगार हमारे सरदार व मौला हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम और हमारे सरदार व मौला हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की आल पर ऐसा दुरूद नाज़िल फरमा जिसके वसीले और बरकत, हमें तमाम खौफ की चिज़ों, आफतों से निजात बख्से दुरूदे तोनज्जीना। और उसके वसीले व बरकत हमारी

तमाम हाजत पूरी कर दे और उसके वसीले व बरकत से हमें हमारी सभी बुराइयों से पाक व साफ कर दे। और उसके वसीले व बरकत से हयात के और वफात के बाद के तमाम मकसदों तक पहुँचा दे। बेशक तू हमारी दुआओं को कबूल फरमाने वाला है और हमारे दरजात को बुलन्द करनेवाला और हमारी हाजतों को पूरी करनेवाला और हमारी बलाओं को दूर करनेवाला और हमारी सख्त मुश्किलातों को हल करनेवाला मेरी मदद फरमा, मेरी मदद फरमा, मेरी मदद फरमा या इलाही, बेशक तु हर चीज़ पर कादिर है।

9. दुरूदे माही

दुरूदे माही अल्लाह तआला के फज़्ल व करम और रहमत से हर मुसीबत और आफत से हिफाजत में रखता है। इसे कसरत से पढ़नेवाला दुश्मन के हमले, हासिद की हसद, जिन्नात और आसेब के तंग करने से हमेंशा अल्लाह की पनाह में रहता है। यह दुरूद शरीफ शैतान के वसवसों को दूर करता है। जो शख्स रोजाना इस दुरूद शरीफ को बाद नमाज़े-फज्र एक सौ ग्यारह (१११) बार पढ़े, अल्लाह तआला उसकी हिफाज़त और इज्जत अफजाई के लिए गैबी मखलुक से एक फरिश्ते को मुकर्रर कर देता है जो हर लिहाज़ से दुरूद पढ़नेवाले की हिफाजत पर मामुर (duty) रहता है।

जो शख्स हर नमाज़ के बाद चार माह तक इस दुरूद शरीफ को एक बार पढ़े वो हमेंशा के लिए लोगों में बाइज्जत हो जाएगा, हर शख्स उसकी इज्जत करेगा। जो शख्स इस दुरूद शरीफ को रमज़ानुल मुबारक में बाद नमाज़े-तरावीह इकतालीस (४१) बार पूरा महीना पढ़े उसे रसुले अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम की जियारत नसीब होगी। कैदी इसे पढ़े तो कैद से रिहाई पाये और जो ता हयात इसे रोजाना कसरत से पढ़े उसपर दोज़ख की आग हराम हो जाएगी।

इस दुरूद शरीफ की सनद यह है कि एक रोज हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम मस्जिदे-नबवी में तशरीफ फरमा थे, उस वक्त आपके पास एक अअराबी (देहाती) आया उसके पाश एक बड़ा बरतन था, जिसे उसने कपड़े से ढ़ाँप रखा था। उस

अअराबी ने वह बरतन आप की खिदमते अकदस में पेश किया, हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम ने पुछा कि 'इस बरतन में क्या है' उसने अर्ज़ किया 'या रसुलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम इसमें मछली है, तीन दिन से इसे पका रहा हुँ मगर ये बिलकुल पक नही रही इसपर आग का कुछ असर नहीं होता अब आप के पास लाया हुँ।' हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम ने मछली से दरयाफ्त किया तो मछली को अल्लाह तआला ने गोयाई (बोलने की शक्ती) अता फरमा दी और वह बोलने लगी, उसने अर्ज़ किया कि 'मैं पानी में सतह पर थी तो एक आदमी आया वो एक दुरूद शरीफ पढ़ रहा था मैने पूरा दुरूद शरीफ सुना।' हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम ने फरमाया कि 'ऐ मछली वो दुरूद शरीफ पढ़कर सुना।' चुनान्चे उसने पढ़कर सुनाया। रसुलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम ने हज़रत अली रदीयअल्लाहो तआला अन्हो से फरमाया के 'ऐ अली (रदीयअल्लाहु तआला अन्हु) इसे लिख लो और लोगों को सिखाओ इन्शाअल्लाह इस दुरूद शरीफ के पढ़ने वाले पर दोज़ख की आग हराम हो जाएगी। माही का माना होता है मछली।।

۹ درود ماہی

بِسۡمِ اللّٰهِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِيۡمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا
مُحَمَّدٍ خَيۡرِ الۡخَلَآئِقِ وَ اَفۡضَلِ الۡبَشَرِ وَ شَفِيۡعِ
الۡاُمَمِ يَوۡمَ الۡحَشۡرِ وَ النَّشۡرِ وَ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا
مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ بِعَدَدِ كُلِّ مَعۡلُوۡمٍ

لَّكَ وَ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا
مُحَمَّدٍ وَّ بَارِكۡ وَ سَلِّمۡ وَ صَلِّ عَلٰى جَمِيۡعِ
الۡاَنۡبِيَآءِ وَالۡمُرۡسَلِيۡنَ وَ صَلِّ عَلٰى كُلِّ الۡمَلٰٓئِكَةِ
الۡمُقَرَّبِيۡنَ وَ عَلٰى عِبَادِ اللّٰهِ الصَّالِحِيۡنَ وَ سَلِّمۡ
تَسۡلِيۡمًا كَثِيۡرًا كَثِيۡرًا ط بِرَحۡمَتِكَ وَ بِفَضۡلِكَ
وَ بِكَرَمِكَ يَآ اَكۡرَمَ الۡاَكۡرَمِيۡنَ بِرَحۡمَتِكَ يَآ
اَرۡحَمَ الرَّاحِمِيۡنَ ط يَا قَدِيۡمُ يَا دَآئِمُ يَا حَيُّ يَا قَيُّوۡمُ
يَا وِتۡرُ يَا اَحَدُ يَا صَمَدُ يَا مَنۡ لَّمۡ يَلِدۡ وَ لَمۡ يُوۡلَدۡ وَ
لَمۡ يَكُنۡ لَّهٗ كُفُوًا اَحَدٌ ط بِرَحۡمَتِكَ يَآ اَرۡحَمَ الرَّا
حِمِيۡنَ ط

9. दुरूदे माही

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला मुहम्मदींव-व-अला आले मुहम्मदीन् खयरिल-खलाइकि व अफज़लि-ल-बसरि व शफीईल-उममि यवमल-हसरि व-न्नसरि व सल्लि अला सय्येदिना मुहम्मदींव-व-अला आले सय्येदिना मुहम्मदीन बेअददि कुल्लि मअलूमिल्लक व सल्लि

अला मुहम्मदींव-व-अला आलि मुहम्मदींव-वबारिक व सल्लिम व सल्लि अला जमीईल-अंबीयाए वलमुरसलीन व सल्लि अला कुल्लि-ल-मलाएकति-ल-मुकर्रिबी -न व अला इबादील्लाहि-स्सवालेही -न व सल्लिम तसलीमन कसीरन कसीरा। बिरहमति -क व बिफज़लि -क व बिकरमि -क या अकरम-ल-अकरमी -न बिरहमति -क या-अरहमररांहिमीन। या कदीमो या दाइमो या हय्यो या कय्युमो या वितरो या अहदो या समदो या मंलम यलिद व लम युलद वलम यकुनंल्लहू कुफूवन अहद बिरहमति -क या-अरहम-रराहिमीन।

तर्जुमा -अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद भेज मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर और उनकी औलाद पर जो मखलूक में सबसे बेहतर हैं और अफ्ज़लुल बशर हैं और उम्मत की सफाअत करने वाले हैं रोजे हस्र और नस्र और दुरूद भेज हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम पर और दुरूद भेज हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की औलाद पर मालुम अदद की हद तक और दुरूद भेज मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर और उनकी औलाद पर और बरकत व सलामती हो तमाम अम्बीया और रसुलों पर दुरूद भेज और तमाम मलाईका मुकर्रब और ऐ अल्लाह तेरे तमाम सालेह बन्दों पर ज्यादा से ज्यादा सलामती भेज, साथ अपनी रहमत के व फजल व करम से ऐ सब से ज्यादा करम फरमानेवाले करम फरमानेवालों में, साथ अपनी रहमत के ऐ सबसे ज्यादा रहम करनेवाले, ऐ कदीम, ऐ हमेंशा रहने वाले ऐ हमेंशा जिन्दा और ऐ हमेंशा कायम रहनेवाले ऐ वित्र ऐ अहद ऐ बेनियाज ऐ जिसे किसी ने जना नहीं और ना जिसकी कोई औलाद और नहीं उसके जोड़ का कोई जो अकेला है, साथ अपनी रहमत के ऐ रहम करनेवाले रहम फरमा।

10. दरूदे-खम्सा

बाइज्जत जिन्दगी बसर करने और हर किस्म के मसायब व मुश्किलात से अमन व अमान में रहने के लिए दुरूदे खाम्सा का विर्द

सबसे आअला और मुअस्सिर (असरदार) है। इस दुरूद शरीफ को कसरत से पढ़ना हर मुहिम में यकीनन कामयाबी की दलील है। हाजात (हाजतों) के पूरा होने के लिए इस दुरूद पाक को हर रोज़ बाद नमाज़े इशा सौ (१००) बार पढ़ना बहुत मुजर्रब है। इस दुरूद शरीफ को हर रोज़ हर नमाज़ के बाद तीन (३) बार पढ़ना मरने के बाद कब्र में सवाल जवाब में आसानी, राहत और मग़फिरत का सबब बनेगा। 'तोहफा-अल-मकासिद' में है कि ये दुरूद शरीफ हज़रत इमाम शाफई रदीयअल्लाहो तआला अन्हो के माअमुलात में शामिल था और आप इसे कसरत से पढ़ा करते थे।

۱۰ درود خمسہ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ بِعَدَدِ مَنْ صَلّٰى عَلَيْهِ

وَصَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ كَمَا تُحِبُّ وَ تَرْضٰى اَنْ تُصَلِّىَ

عَلَيْهِ وَ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ كَمَآ اَمَرْتَنَا بِصَّلٰوةِ عَلَيْهِ وَ

صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ كَمَا تَنْبَغِى الصَّلٰوةُ عَلَيْهِ ☆

10. दरूदे-खम्सा

बिस्मीलाह हिर्ररहमानिर्ररहीम

अल्लाहुम्मा सल्लि अला मुहम्मदींम-बिअददि मन सल्ला अलयहि व

सल्लि अला मुहम्मदीन कमा तुहिब्बु व तरदा अन तुसल्लि अलयहि व सल्लि अला मुहम्मदीन कमा अमरतना बिस्स्वलाति अलयहि व सल्लि अला मुहम्मदीन कमा तंम्बगी-स्वलातु अलयहि।

तर्जुमा -अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर उतना कि जितना भेजा जा चुका और दुरूद भेज मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर तेरी चाहत जितना और तेरी रज़ा के मुताबिक रहमत नाजिल फरमा जैसी कि तुने नाजिल फरमाई है और रहमत नाजिल फरमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम जैसा कि तुने हमें उनपर दुरूद भेजने का हुक्म दिया है और दुरूद भेज मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जैसा उनपर दुरूद भेजने का हक है।

11 दरूदे गवशिया

ये दुरूद शरीफ खानदाने कादरीया के मा'मुलात में से है। अकसर कादरी बुजूर्ग अपने मुरीदों को इसे रोजाना पाँच सौ ग्यारह (५११) बार या एक सौ ग्यारह (१११) बार पढ़ने की तलकीन करते हैं। ये दुरूद रहमते खुदावन्दी का खजाना है। एक अल्लाह के बन्दे का कहना है कि जो शख्स रोजाना इस दुरूद शरीफ को कम से कम एक बार जरुर पढ़े उसे सात नेअमतें हासिल होगी, १) रिज़्क में बरकत। २) तमाम काम आसान हो जाएंगें। ३) नज़अ के वक्त कलमा नसीब होगा। ४) जाँकनी (जब रुह जिस्म से निकाली जाती है) की सख्ती से महफुज़ रहेगा। ५) कब्र में वुसअत (चौड़ाई, फैलाव) होगी। ६) किसी की मोहताजी ना होगी। ७) मखलुके खुदा उससे मुहब्बत करेगी। रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के कुर्ब और जियारत के लिए भी ये दुरूद शरीफ मुअस्सिर (असरदार) है।

١١ درود غوثیہ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا وَ مَوْلَانَا مُحَمَّدٍ مَّعْدِنِ

الْجُوْدِ وَ الْكَرَمِ وَ اٰلِهٖ وَ بَارِكْ وَ سَلِّمْ ☆

11 दरुदे गवशिया

बिस्मीललाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यीदिना व मौलाना मुहम्मदीं -म्मअदिनी-लजुदि वलकरमि व आलिही व बारिक व सल्लिम।

तर्जुमा -अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा हमारे सरदार व आका मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जो सखावत और करम के खजीना हैं और उनकी औलाद पर बरकत व सलामती भेज।

12 दुरूदे-लख्खी

सुलतानुल मशाईख, सच्चे रहस्यों के जानकार सुलतान महमुद गजनवी रहमतुल्लाह अलयहि का रोज़ाना का माअमुल था कि वज़ीफ़े के तौर पर सिद्क नीयत और गहरी मुहब्बत के साथ एक लाख दुरूद शरीफ पढ़ा करते और उसका सवाब सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की ख़िदमत में पेश करते। इतनी ज्यादा तादाद मे दुरूद शरीफ पढ़ने मे उनका पुरा दिन सर्फ हो जाता और हुकूमत के कामों के लिए ज्यादा वक्त ना मिल पाता था।

एक रात ख्वाब में रिसालतमआब सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने अपने नुरानी दीदार से सरफ़राज़ किया और इर्शाद फरमाया कि, 'अय महमुद ! इस दुरूद शरीफ को हर रोज़ फज्र कि नमाज़ के बाद एक मर्तबा पढ़ लिया करो, तुम्हें एक लाख दुरूद का सवाब मिलेगा- और इसकी बरकत से मेरी (हुजूर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की) मुहब्बत भी पुख्ता होगी और जितनी बार पढ़ोगे उतनी बार एक एक लाख दुरूद शरीफ का सवाब मिलेगा'।

सुलतान महमुद रहमतुल्लाह अलयहे ने सुबह उठते ही सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के इर्शाद पर अमल शुरु कर दिया और ये खुशखबरी सभी खास-ओ-आम को सुना दी।

इस दुरूद शरीफ को एक बार पढ़ने का सवाब एक लाख दुरूद शरीफ के जितना सवाब मीलने की वजह से इस का नाम 'दुरूदे लख्खी' पड़ा।

ये दुरूद शरीफ मग़फिरत और गुनाहों की मुआफी के लिए बहुत अकसीर है। अगर कोई शख्स ये चाहे के उसके मरहूम सुदा आबा व अज़दाद (पूर्वज) की मग़फिरत हो जाए और आलमे बरजख (मरने के बाद कयामत तक का जमाना) में इन्हें राहत हो जाए, तो उसे चाहिए कि यह दुरूदे पाक (११) बार रोजना चालीस (४०) दिन तक पढ़े और फिर अल्लाह के हुजूर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम और इस दुरूद शरीफ के वसीले से मरहुमीन की बख्शीस और मग़फिरत की दुआ करे, इन्शाअल्लाह अल्लाह ग़फुर्रुरहीम उन्हें मुआफ करके उनकी कब्र को मिस्ले जन्नत बना देगा। इस दुरूद शरीफ को रोजना एक बार पढ़ने से फलाहे दारैन (दुनिया और आखिरत की फलाह) होती है। इस दुरूदे पाक का एक और बहुत ही कारआमद फायदा ये है कि अगर किसी घर में बेसुलूकी और आपस में झगड़ा रहता हो तो इसे पढ़ने से घर में अमन व अमान कायम होता है, आपस में हमदर्दी पैदा होती है, इत्तिफाक रहता है और घर में बरकतों का नुजूल होता है।

۱۲ دُرُود لکھِیْ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى
اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍم بِعَدَدِ رَحْمَةِاللّٰهِ ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ
وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا
مُحَمَّدٍم بِعَدَدِ فَضْلِ اللّٰهِ ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى
سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م
بِعَدَدِ خَلْقِ اللّٰهِ ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا
وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍم بِعَدَدِ عِلْمِ
اللّٰهِ ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا
مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍم بِعَدَدِ كَلِمٰتِ اللّٰهِ
ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ
وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍم بِعَدَدِ كَرَمِ اللّٰهِ ط اَللّٰهُمَّ

صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ
سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ حُرُوْفِ كَلٰمِ اللّٰهِ ط اَللّٰهُمَّ
صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ
سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ قَطَرَاتِ الْاَمْطَارِ ط اَللّٰهُمَّ
صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ
سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ اَوْرَاقِ الْاَشْجَارِ ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ
وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا
مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ رَمْلِ الْقِفَارِ ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى
سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰٓى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م
بِعَدَدِ مَا خُلِقَ فِى الْبِحَارِ ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ
وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا
مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ الْحُبُوْبِ وَالشِّمَارِ ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ
وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا

مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ الَّيْلِ وَالنَّهَارِ ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى
سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م
بِعَدَدِ مَآ اَظْلَمَ عَلَيْهِ الَّيْلُ وَ اَشْرَقَ عَلَيْهِ النَّهَارُ ط
اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ
وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ مَنْ صَلّٰى عَلَيْهِ ط
اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ
وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ مَنْ لَّمْ يُصَلِّ عَلَيْهِ
ط اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ
وَّعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ اَنْفَاسِ الْخَلَآئِقِ ط
اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ
وَعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ نُجُوْمِ السَّمٰوٰتِ ط
اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍ
وَعَلٰى اٰلِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ م بِعَدَدِ كُلِّ شَيْءٍ فِى

الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ ہ صَلٰوتُ اللّٰهِ تَعَالٰى وَمَلٰٓئِكَتِهٖ

وَاَنْبِيَآئِهٖ وَرُسُلِهٖ وَجَمِيْعِ الْخَلَآئِقِ عَلٰى

سَيِّدِالْمُرْسَلِيْنَ وَاِمَامِ الْمُتَّقِيْنَ

وَقَآئِدِالْغُرِّالْمُحَجَّلِيْنَ وَشَفِيْعِ الْمُذْنِبِيْنَ سَيِّدِنَا

وَمَوْلٰينَا مُحَمَّدٍوَّعَلٰى اٰلِهٖ وَاَصْحٰبِهٖ وَاَزْوَاجِهٖ

وَذُرِّيّٰتِهٖ وَاَهْلِ بَيْتِهٖ وَاَهْلِ طَاعَتِكَ اَجْمَعِيْنَ مِنْ

اَهْلِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَضِيْنَ بِرَحْمَتِكَ يَآاَرْحَمَ

الرَّاحِمِيْنَ ط وَيَآاَكْرَمَ الْاَكْرَمِيْنَ ط وَصَلَّى اللّٰهُ

تَعَالٰى عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍوَّاٰلِهٖ وَاَصْحٰبِهٖ اَجْمَعِنَ ط

وَسَلَّمَ تَسْلِيْمًا دَآئِمًا اَبَدًا كَثِيْرًا كَثِيْرًا ط

وَالْحَمْدُلِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ☆

12 'दुरूदे लख्खी'

बिस्मीललाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना

मुहम्मदिंव व अला आले सय्यिदिना मुहम्मदिंव बिअददि रहमतील्लाह. अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंव बिअददि फद्दलिल्लाह. अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंव बिअददि खलकील्लाह.अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंव बिअददि ईल्मील्लाह. अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंव बिअददि कलिमातील्लाह अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंव बिअददि करमील्लाह।

अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंव बिअददि हुरुफि कलामील्लाह। अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंव बेअददे कतरातील् अम्तार्। अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंम् बिअददि अव्राकिल अश्जार् अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंम् बिअददि रम्लील् किफार् अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लिम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंम् बिअददि मा खुलि्-क फील बिहार।

अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंम् बिअददिल्- हबूबि वस्सिमार्। अल्लाहुम्मा सल्ली व सल्लिम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंम् बिअददिल्-लय्लि वन्नहार। अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लिम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आले सय्यिदिना मुहम्मदिंम् बिअददि मा अज्ल्-म अलयहिल्लय्लु व अश्र्-क अय्लहीन्नहार। अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंम् बिअददि मन् सल्ला अलयहि।

अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लिम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव् व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंम् बिअददि मंल्लाम् युसल्लि अलयहि। अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लिम अला सय्यिदिना व मवलाना मुहम्मदिंव् व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदिंम् बिअददि अन्फासील्-खलाईक।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद व सलामती व बरकत नाजिल फरमा हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जो नबी-ए-कामिल हैं और आपकी आल पर ऐसी के जैसी तेरे कमाल की इन्तिहा नहीं और नबी पाक के कमाल की इन्तिहा नहीं।

36 दुरूदे सआदत (दरूदे दवामी)

इस दुरूद शरीफ के पढ़ने से दीन व दुनिया सआदत हासिल होती है इसलिए इसे दुरूदे सआदत कहते हैं और दाएमी अल्फाजों के साथ कहा गया होने की वजह से इसे दुरूदे दवामी भी कहा जाता है। अल्लामा हजरत सय्यद अहमद दहलान रहमतुल्लाहि अलयहि ने इस दुरूद शरीफ के बारे में फरमाया है कि इसे खुलूश दिल से पढ़ेने से छह (६) लाख दुरूद शरीफ पढ़ने का सवाब मिलता है।

۳۶ درُود سعادت (دوامی)

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰی اٰلِ سَیِّدِنَا

مُحَمَّدٍ عَدَدَمَافِیۡ عِلۡمِ اللّٰہِ صَلٰوۃً دَآئِمَۃً بِدَوَامِ

مُلۡکِ اللّٰہِ ☆

36 दुरूदे सआदत (दरूदे दवामी)

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्मा सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदींव् व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदीन अदद मा फी इल्मील्लाहि सलातन दाइमतंम्- बिदवामी मुल्कील्लाह।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद नाज़िल फरमा हमारे सरदार हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर और उनकी औलाद पर इस तादाद के मुताबिक जो ऐ अल्लाह तेरे इल्म में है - दुरूद दाईमी जब तक अल्लाह तेरा मुल्क कायम रहे।

37 दरूदे कुतुब

हजरत शैख सय्यद अहमद बदवी रहमतुल्लाहि तआला अलयहि बहुत माअरुफ बुजूर्ग गुजरे हैं। आपको हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व आलेही व सल्लम की जाते-गिरामी से बेपनाह इश्क था और इसी इश्क में आप जो दुरूद पढ़ा करते थे वो दुरूदे बदवी के नाम से मशहूर है (आगे के सफहात में दर्ज़ है)। आपका ये दुरूद शरीफ अन्वारे इलाही के हुसूल का सबब है, क्योंकि इसे पढ़ने से बहुत से असरार का इन्किशाफ

(भेद, रहस्य का खुलना) होता है। इस दुरूद शरीफ के पढ़ने से जियारते नबी सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम हासिल होने के बाद हुजूरी का मकाम हासिल होता है हत्ताकि इसके विर्द के जारी रखने पर कुत्बीयत हासिल हो जाती है। इसलिए इसको दुरूदे कुतुब कहा जाता है।

इस दुरूद शरीफ के मुताल्लिक अकसर बुजूर्गों का कहना कि इसका तीन बार पढ़ना 'दलाइलुल खैरात' की किरअत के बराबर है, मगर दुरूदे पाक की किरअत के वक्त अपने दिल में नबी करीम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की अज़मतो- अनवार का तसव्वूर करना जरूरी है और ये ख्याल करें कि बिला शुब्हा हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम हर भलाई के पहुँचने में अजीम सबब और वास्ता-ए-अजीम हैं, साथ ही तहारत का ख्याल रखना जरूरी है। जो शख्स चालीस (४०) दिन तक रोजाना एक सौ (१००) बार इस दुरूद शरीफ को पढ़े तो उसे बेपनाह अन्वाराते- इलाहीया हासिल होगा। इसके अलावा अगर आप चाहते हैं कि नेक काम की तौफीक मिले तो इस दुरूद पाक को रोजाना नमाज़े फज्र के बाद तीन बार व नमाज़े मग़रीब के बाद तीन बार पढ़ें इन्शाअल्लाह मर्जी के मुताबिक तौफीके इलाही मिल जायेगी।

इस दुरूदे पाक की एक सिफत ये भी है कि इसे पढ़ने रिज़्क में इजाफा होता है। लिहाजा जो शख्स चाहे कि इसकी रोजी में बेशबहा (ज़्यादा और अच्छी) बरकत हो तो उसे चाहिए कि फज्र की सुन्नत अदा करने के बाद और फर्ज अदा करने से पहले यानी सुन्नत और फर्ज के दरम्यान इक्तालीस (४१) बार इस दुरूद पाक को पढ़ा करे इन्शाअल्लाह रोज़ी में बेपनाह बरकत होगी।

۳۷ درود قطب

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى نُوْرِ الْاَنْوَارِ وَ سِرِّ الْاَسْرَارِ وَتِرْيَاقِ

الْاَغْيَارِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدِ نِ الْمُخْتَارِ وَ اٰلِهِ الْاَطْهَارِ

وَاَصْحَابِهِ الْاَخْيَارِ عَدَدَ نِعَمِ اللّٰهِ وَاَفْضَالِهٖ ☆

37 दुरूदे कुतुब

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्मा सल्लि अला नूरिल्- अन्वारि व सिर्रील्- असरारि व तीरयाकील्- अग्यारि सय्यिदिना मुहम्मदिनील्- मुख्तारि व आलिहील् अतहारि व अस्हाबिहील्- अख्यारि अदद निअमील्लाहि व अफ्दालिही (या पढ़ें अफ्जालिही)

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद नाजिल हो नूरे अन्वार और अस्रार के राज खोलने वाले और अगियार (दुश्मन, बेगाने) के तिरयाक (दवा, जहर की दवा) हमारे सरदार सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जो इस सबके मुख्तार (जिसे अधिकार प्राप्त हो) हैं और उनकी आल पर जो बहुत पाक हैं और उनके सहाबा पर जो अखियार (भले लोग) हैं अल्लाह की नेअमतों के जितना और फज़ल के जितना।

38 दुरूदे नूरी

दुरूदे नूरी से मुराद वो दुरूद शरीफ जिसे पढ़ने से दिल में नूर पैदा हो और ये दरूद शरीफ ऐसा एक दुरूद है जिसे पढ़ने से इन्सान के गुनाह मुआफ हो जाते हैं और दिल पाकिजा हो कर अल्लाह तआला के नूर की आमाज़गाह बन जाता है, बल्कि कसरत से पढ़ने पर उसका शुमार औलिया अल्लाह में होने लगता है। मन्सबे विलायत के ख्वाहिशमन्द को चाहिए कि इस दुरूद शरीफ को बहुत ज्यादा पढ़ा करे तो फिर असरारे इलाही खुल जायेंगे और अश्याअ (चीजें) व काइनात की वह हकीकत जो जाहिरी आंखों से पोशीदा (छुपा हुआ) हैं वह खुलकर सामने आ जायेगी और अल्लाह अल्लाह तआला की नूरानी तजल्लियात का जल्वा नज़र आने लगेगा लिहाजा ये कहना बेजा ना

होगा कि इस दुरूद शरीफ के एक एक हुरुफ (अक्षर) में नूर का समन्दर समाये हुए है।

अल्लाह तआला अगर चाहे तो इस दुरूद पाक के पढ़नेवाले को एक ही दिन अबरार (परहेज़गार, नेकोकार, औलिया अल्लाह) बना दे यानी ये अल्लाह की मर्जी है की वो जितनी बड़ी से बड़ी रहमत से नवाज़ दे और इसीलिए इस दुरूद शरीफ को पढ़नेवाला कभी रहमते खुदावन्दी से महरूम नहीं रहता, लिहाज़ा हर शख्स को चाहिए की इस दुरूद शरीफ को खासतौर पर कसरत से पढ़े। सुबह व शाम ग्यारह ग्यारह (११) बार पढ़ने से दिन व दुनिया में फलाह हासिल होगी। इस दुरूद शरीफ को रोजाना हर नमाज़ के बाद एक बार हमेंशा पढ़ने से आँखों की बीमरी से महफूज रहोगे। अपने नफ्स की इसलाह के लिए इस दुरूद शरीफ को बाद नमाज़े फज्र सात (७) बार पढ़ना मुजर्रब है।

۳۸ درودِ نوری

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

يَـانُـوْرُ صَـلِّ عَـلٰـى سَيِّـدِنَـا مُـحَـمَّـدٍ نُّـرِ الْاَنْـوَارِ

وَسِـرِّ الْاَسْـرَارِ وَسَيِّـدِ الْاَبْـرَارِ وَعَـلٰـى اٰلِهٖ وَصَحْبِهٖ

الْـمُـنَـوَّرِيْـنَ رَبَـارِكْ وَسَـلِّمْ اَللّٰهُمَّ نَوِّرْ بِهَا سِرِّىْ

وَسَرِيْرَتِىْ وَ بَصَرِىْ وَبَصِيْرَتِىْ وَدُنْيَا ىَ وَ اَهْلِىْ

وَعَيَالِىْ اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ☆

38 दुरूदे नूरी

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

या नूरु सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदीन- नूरिल्- अनवारि व सिर्रील् असरारि व सय्यिदील्- अबरारि व अला आलिही व सहबिहील्- मुनव्विरी-न व बारिक् व सल्लिम् अल्लाहुम्म नव्विर् बिहा सिर्री व सरीरति व बसरी व बशीरती व दुन्याय व अहली व अयाली इला यवमिल्- कियामति।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरू जो बड़ा महेरबान, बहुत रहम वाला है। ऐ नूर (अल्लाह का एक नाम) दुरूद नाजिल फरमा हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जो नूरों के नूर हैं असरारों (भेदों) के सरदार जो अबरारों के सरदार हैं और उनकी आल पर और साहबा पर जो मुनव्वर हैं और बरकत व सलाम हो, ऐ अल्लाह मुनव्वर करदे मेरी रूह और जिस्म को मेरी नज़र और दानाई (अक्लमन्दी) को और मेरे दीन को और दुनिया को और मेरे अहलो- अयाल (परीवार रिश्तेदार) को रोजे- कयामत तक।

39 दुरूदे नक्शबन्दीया

ये दुरूद शरीफ सिलसिला-ए-नक्शबन्दीया में पढ़ा जाता है क्यँकि इस सिलसिले के कुछ बुजूर्गान ने इस दुरूद शरीफ को अपने मामूलात में बतौर दुरूद पढ़ा। इसके बेशुमार रूहानी असरात व आसार पाये जाते हैं। ये दुरूद दिल की सफाई के लिए बहुत मुजर्रब है। इस दुरूद शरीफ के पढ़ने से तसखिरे- खल्क (खल्क का ताबेअ, आधीन होना, काबू में आता है। खल्क इन्सान, जानवर, परिन्दे, पेड़ पौधे सब इसमें शामिल हैं) बहुत होती है और इसके लिए एक साल तक रोजाना एक सौ ग्यारह (१११) बार पढ़ना होगा। मुरीदों को इस दुरूद शरीफ के पढ़ने से बेपनाह फ्युजो- बरकात हासील होते हैं। तज़्किया-ए-नफ्स (नफ्स को पाक करने का काम) के लिए इस दुरूद शरीफ को एक सौ बीस (१२०) दिन तक बाद नमाज़े इशा सौ(१००) बार पढ़ने से इन्शाअल्लाह नफ्स को पाकिज़गी हासिल हो जाएगी। बाद नमाज़े फ़ज्र ग्यारह (११) बार रोजाना ये दुरूद शरीफ पढ़ना शरारते- नफ्स और शैतान से महफूज़ रखता है।

۳۹ درودِ نقشبندیہ

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ اِنَّا نَسۡئَلُکَ اَنۡ تُصَلِّیَ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ

نِبۡرَاسِ الۡاَنۡبِیَآءِ وَ نَیِّرِ الۡاَوۡلِیَآءِ وَزَبۡرِقَانِ الۡاَصۡفِیَآءِ وَ

نُوۡرِ الثَّقَلَیۡنِ وَ ضِیَآءِ الۡخَافِقَیۡنِ ☆

39 दुरूदे नक्शबन्दीया

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म इन्ना नसअलुक अन् तुसल्ली अला सय्यिदिना मुहम्मदिन निब्रासिल्- अम्बियाइ व नय्यिरील्- अवलियाइ व ज़ब्रिकानील्- अश्फियाइ व नूरीश्शकलयनि व जियाइल्- खाफिकयनि।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह हम तुझसे इल्तिजा करते हैं दुरूद नाजिल फरमा हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम पर जो चिराग़ हैं अम्बिया के, और जो आफताब हैं औलिया के और सूरज हैं और अश्फिया (बरगुजीदा बन्दे) के माहे-दरख्शाँ (चमकता हुआ चाँद) हैं और दोनों जहान के नूर हैं और जिया (रौनक) हैं मग़रिब व मश्रिक के।

40 दुरूदे शाज़ली

ये दुरूद शरीफ हजरत अबीलहसन शाज़ली रहमतुल्लाहे

तआला अलयहे के वजाइफ में से है, उनका कहना है कि अगर कोई इस दुरूद पाक को एक बार पढ़े तो उसे एक लाख दुरूद का सवाब मिलेगा अलावा इसके इस दुरूद शरीफ को पढ़ने से बातिनी अनवारात हासिल होते हैं और कसरत से वजीफा के तौर पर पढ़ने से आलमे-बाला का रूहानी मुशाहिदा होता है इसलिए तरीका शाज़लीया में ये दुरूद शरीफ कसरत से पढ़ा जाता है। मुश्किल या हाजत में पाँच सौ (५००) बार पढ़ने से अल्लाह ताआला मुश्किल हल कर देगा हाज़त पूरी कर देगा। अगर कोई नूरे मुहम्मदी (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) जानना चाहे तो उसे चाहिए की चालीस दिन तक दुनिया से अलग हो जाये और दिन के वक्त रोजा रखे और इस दुरूद पाक को खलवत में (एकान्त में, अकेले में) बैठकर पढ़ना शुरु करे और चालीस दिन तक दिन रात पढ़ता रहे और रात को शबबेदारी (रात का जागना) करे इन्शाअल्लाह उस पर नूरे मुहम्मदी (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) की हकीकत जाहिर होगी।

۴۰ درُودِ شاذلی

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدِ نِ النُّوۡرِ الذَّاتِیِّ

السَّارِیۡ فِیۡ جَمِیۡعِ الۡاٰثَارِ وَالۡاَسۡمَآءِ وَالصِّفَاتِ

وَعَلٰی اٰلِہٖ وَصَحۡبِہٖ وَسَلِّمۡ ☆

40 दुरूदे शाज़ली

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदिनिन्नूरिज्-

जातीस्सारी फी जमीईल्- आसारि वल्- अस्माई वश्शिफाति व अला आलिही व सहबिही व सल्लिम।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद भेज हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जो जाते-नूर का असर रखते हैं तमाम आसार व अस्माअ (नामों में) व शिफात में और उनकी आल पर और असहाब पर सलाम भेज।

41 दुरूदे अफ़ज़ल

अल्लामा सखावी रहमतुल्लाह अलयहे ने अपनी किताब 'अलकौलुल बदीअ' में एक रिवायत दर्ज़ की है कि एक मर्तबा हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने जौजा मोहतरमा उम्मूल मो'मिनीन हजरत जुवेरिया बिन्ते अलहारिस रदीयअल्लाहो अन्हा को फरमाया कि अगर कोई शख्स ये हलफ उठाले कि मैं हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर अफ़्ज़लतरीन दुरूद भेजुँगा तो उसे चाहिए कि ये दरूद शरीफ पढ़ेऔर इसीलिए इसे अफज़ल दुरूद कहा जाता है, अगर कोइ हर रोज इक्तालीस (४१) बार पढ़े तो अल्लाह की रहमत उसपर हमेंशा रहे।

۴۱ درود افضل

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ عَبْدِكَ وَنَبِيِّكَ وَ

رَسُوْلِكَ النَّبِيِّ الْاُمِّيِّ وَعَلٰى اٰلِهٖ وَ اَزْوَاجِهٖ وَ

ذُرِّيَّتِهٖ وَ سَلِّمْ عَدَدَ خَلْقِكَ وَ رِضَآءَ نَفْسِكَ

وَزِنَةَ عَرْشِكَ وَمِدَادَ كَلِمَاتِكَ☆

41 दुरूदे अफ़ज़ल

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्मा सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदिन अब्दी-क व नबीय्यी-क व रसूलिकन्नबीय्यील-उम्मीय्यी व अला आलिही व अज़वाजिही व जुर्रीय्यातिही व सल्लिम अदद खलकि क व रिजाअनफ्सिक व जिन-त अर्शि-क व मिदा-द कलिमाति-क।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद भेज हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाह अलयहि व सल्लम पर जो तेरे बंदे और तेरे नबी और रसूलिक नबी-ए-उम्मी हैं और आपकी आल पर और आपकी अज़वाज (बीवीयों) पर और आपके रिश्तेदारों पर खिलकत (दुनियाओं) के बराबर और अपनी जात की रज़ा के मुताबिक और अपने अर्श के वजन के मुताबिक कलमों के स्याही के मुताबिक सलाम हो।

42 दुरूदे दवामी

दुरूदे दवामी पढ़ने वाले को अनगिनत नेकीयों का सवाब मिलता है। जो शख्स इस दुरूद पाक को कसरत से पढ़े उसे अपनी कौम, रिश्तेदारों और अपने इर्द गिर्द के लोगों में बेपनाह सोहरत और इज्जत मिलेगी, जो इसे पढ़कर किसी हाकिम के सामने जाए तो हाकिम उसकी इज्जत करेगा। जो शख्स इस दुरूद शरीफ को रोजाना इक्कीस बार (२१) ताजिन्दगी (उम्रभर) पढ़े अल्लाह उसके तमाम गुनाह मुआफ करदेगा और उसकी नेकीयों में बारिश के कतरों के बराबर इजाफा कर देगा और उसका नाम ताकयामत जिन्दा रहेगा हत्ताकि उसपर अल्लाह अपनी रहमत के इतने दरवाजे खोल देगा कि जो वह अल्लाह से माँगे वो पाएगा।

۴۲ درُوددوامی

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلَیۡھِمۡ صَلٰوۃً دَآئِمَۃً مُّسۡتَمِرَّۃَ الدَّوَامِ

عَلٰی مَرِّ اللَّیَالِیۡ وَالۡاَیَّامِ مُتَّصِلَۃَ الدَّوَامِ لَاانۡقِضَآءَ

لَھَا وَلَاانۡصِرَامَ عَلٰی مَرِّاللَّیَالِیۡ وَ الۡاَیَّامِ عَدَدَ کُلِّ

وَابِلٍ وَّطَلٍّ☆

42 दरूदे दवामी

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अलयहीम सलातन दाइमतम-मुस्तमिर्रत्दवामि अला मरिल्लयाली वल् अय्यामि मुत्तासिलत-दवामि लानकिदाअ लहा वलानसिरा-म अला मरिं लिल्लयाली वल् अय्यामि अद-द कुल्लि वाबिलींव्-वतल्लिन।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद भेज उनपर ऐसा दुरूद जो दाइमी हो जिनका दवाम जारी रहनेवाला हो गर्दिशे लयल व नहार के साथ (दिन और रात की गर्दिश) और उसका दवाम लगातार रहनेवाला हो जिसकी कोई निहायत ना हो और जिसका कोई इन्कताअ ना हो (ना कटना) गर्दिशे लयल व नहार के साथ बेशुमार बारिश और शबनम के हर कतरे के।

43 दुरूदे कौशर

दुरूदे कौशर से मुराद वो दुरूद है जिसे पढ़ने से आखिरत में हौजे कौशर का पानी मिलेगा, लिहाजा जिसे तमन्ना हो कि कयामत के रोज़ शाकी-ए-कौशर हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम के हाथ से हौज़े कौशर का जाम मिले तो उसे चाहिए कि वह इस दुरूद शरीफ को कसरत से पढ़े जिसकी बिना पर जन्नत का हकदार बन जाएगा, कितना बड़ा एअजाज़ होगा कि कयामत रोज जब लोग प्यास की शिद्दत से बिलबिला रहे होंगे तो उसे हौजे कौशर का ठन्डा मशरूब मयस्सर आयेगा। इसलिए ये दुरूद शरीफ हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम की कुरबत हासिल करने का सबसे असरदार जरिया है।

हज़रत ख्वाजा हसन बसरी रहमतुल्लाह अलयहे जो सुफिया के जद्दे-आअला हैं उन्होंने इस दुरूद शरीफ के बारे में फरमाया है कि कोई इन्सान ये तमन्ना रखता हो कि खुदा का कुर्ब हासिल हो तो उसे चाहिये कि दुरूदे कौशर को कसरत से पढ़े, इन्साअल्लाह इसकी बदौलत बहुत जल्द अल्लाह उसे हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम का कुर्ब हासिल फरमायेगा। इस दुरूद शरीफ का एक फायदा ये भी है कि इसे पढ़नेवाला दुनिया के नज़रों में हमेंशा बाइज़्जत हो जाता है और अल्लाह तआला इस दुरूद शरीफ की बदौलत ऐसी इज़्जत से नवाज़ता है कि उसे कोई छीन नहीं सकता।

۴۳ درود کوثر

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ فِی الۡاَوَّلِیۡنَ وَصَلِّ

عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ فِی الۡاٰخِرِیۡنَ وَ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا

مُحَمَّدٍ فِی النَّبِیِّیۡنَ وَ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ

فِيالْمُرْسَلِيْنَ وَصَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ فِى الْمَلَا
الْاَعْلٰى اِلٰى يَوْمِ الدِّيْنَ ☆

43 दुरूदे कौशर

बिस्मील्लाह हिर्ररहमानिर्ररहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदीन फील-अव्वली-न व सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदी-न फील-आखिरि-न व सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदीन फीन्नबीय्य-न व सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदीन फील- मुरसली-न सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदीन फील- मलाईल- अआला इला यवमीद्दीनि।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद भेज हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर अव्वलीन के दरम्यान, और दुरूद भेज हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर आखिरीन के दरम्यान, और दुरूद भेज हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाह अलयहि व सल्लम पर नबीयों के दरम्यान, और दरूद भेज हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर रसूलों के दरम्यान, और दुरूद भेज हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर मलाइल-अआला में कयामत के दिन तक।

44 दुरूदे कब्रस्तान रुही

ये दुरूद शरीफ अमुमन कब्रस्तान में पढ़ा जाता है। इसीलिए इसे दुरूदे कब्रस्तान भी कहते हैं। क्युँकी ईसकी बरकत से रुहों को अज़ाब से निजात मीलती है और ईसकी बरकत से कयामत तक रुहों को आराम मीलता है। ईस दुरूद शरीफ को जीतना ज्यादा पढ़ा जाए उतना ज्यादा सवाब मीलता है। दुरूद पढ़ कर ईसका सवाब मरहुम माँ-बाप को बख्शा, तो जाने के उनके सारी उम्र के हक अदा कर दिये। ईससे ईतना दर्जा मीलता है की फरीश्ते भी कब्र की ज़ियारत को आते

हैं।

۴۴ درُود قبرستان (رُوحی)

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ مَّادَامَتِ الصَّلٰوةُ وَصَلِّ
عَلٰى مُحَمَّدٍ مَّادَامَتِ الرَّحْمَةُ وَصَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ
مَّادَامَتِ الْبَرَكَاتُ وَصَلِّ عَلٰى رُوْحِ مُحَمَّدٍ فِى
الْاَرْوَاحِ وَصَلِّ عَلٰى صُوْرَةِ مُحَمَّدٍ فِى الصُّوَرِ
وَصَلِّ عَلٰى اِسْمِ مُحَمَّدٍ فِى الْاَسْمَآءِ وَصَلِّ عَلٰى
نَفْسِ مُحَمَّدٍ فِى النُّفُوْسِ وَصَلِّ عَلٰى قَلْبِ مُحَمَّدٍ
فِى الْقُلُوْبِ وَصَلِّ عَلٰى قَبْرِ مُحَمَّدٍ فِى الْقُبُوْرِ
وَصَلِّ عَلٰى رَوْضَةِ مُحَمَّدٍ فِى الرِّيَاضِ وَصَلِّ عَلٰى
جَسَدِ مُحَمَّدٍ فِى الْاَجْسَادِ وَصَلِّ عَلٰى تُرْبَةِ
مُحَمَّدٍ فِى التُّرَابِ وَصَلِّ عَلٰى خَيْرِ خَلْقِكَ

سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى اٰلِهٖ وَاَصْحَابِهٖ وَاَزْوَاجِهٖ

وَذُرِّيَّاتِهٖ وَاَهْلِ بَيْتِهٖ وَاَحْبَابِهٖ اَجْمَعِيْنَ ☆ بِرَحْمَتِكَ

يَااَرْحَمَ الرَّاحِمِيْنَ ☆

44 दुरूदे कब्रस्तान रुही

बिस्मील्लाह हिर्ररहमानिर्ररहीम

अल्लाहुम्मा सल्लि अला मुहम्मदिन मा दामतिस्सलातु व सल्लि अला मुहम्मदिम मा दामतिर्रहमतु व सल्लि अला मुहम्मदिम मा दामतिल बरकातो व सल्लि अला मुहम्मदिन फील अरवाहि व सल्लि अला मुहम्मदिन फीस्सुरे व सल्लि अला मुहम्मदिन फील अस्माए व सल्लि अला मुहम्मदिन फीत्तोफुसे व सल्लि अला मुहम्मदिन फील कोलुबे व सल्लि अला मुहम्मदिन फील कुबुरे व सल्लि अला मुहम्मदिन फीर्रीयाज़े व सल्ले अला जस्दि मुहम्मदिन फील अजसादि व सल्लि अला तुरबते मुहम्मदिन फीत्तुराबे व सल्लि अला खैरेखल्केही सय्यदेना मुहम्मदिंव व अला आलेही व अस्हाबेही व अजवाजिही व जुर्रीयातिही व अहले बैतिही अहबाबेही अजमइ-न. बिरहमतिका याअरहमर्राहेमी-न.

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। या ईलाही दुरूद नाजील फरमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जब तक रहे नमाज। और दुरूद नाजिल फरमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जब तक रहमत हो। और दुरूद नाजील फरमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जब तक बरकत रहे। और दुरूद नाजील फरमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर रुहों के दरम्यान। और दुरूद नाजील फरमा सुरते मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर सुरतों के दरम्यान। और दुरूद नाजील फरमा नामे मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर नामों के दरम्यान। और

दुरूद नाजील फरमा दिल-ए-मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर दिलों के दरम्यान। और दुरूद नाजील फरमा नामे मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम और दुरूद नाजील फरमा कब्रे मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर कब्रों के दरम्यान। और दुरूद नाजील फरमा रोज-ए-मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर बागों के दरम्यान। और दुरूद नाजील फरमा जीस्मे मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जीस्मों के दरम्यान। और दुरूद नाजील फरमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की मीट्टी पर मीट्टी के दरम्यान। और दुरूद नाजील फरमा मख्लुक मे बेहतर हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर, उनकी आल पर और उनके अस्हाब और उनकी पाकीजा बीवीयों पर, उनकी औलाद पर और घरवालों व दोस्तो पर, अय रहम फरमानेवाले रहम फरमानेवालों के।

45 दुरूदे हजरत गौशुल अआजम

ये वो दुरूदे है जिसपर पीराने-पीर गौशुल अआजम हजरत सय्यद अब्दुल कादिर जिलानी ने अपने अवराद व वजाइफ को खत्म किया है, ये दुरूद बहुत बाबरकत है पढ़नेवाले की गैब से मदद होती है और हर मुश्किल आसान हो जाती है।

इस दुरूद शरीफ के मुताअल्लिक बहुत से बुजूर्गाने- दीन और अवलीया किराम का इरशाद है कि जो शख्स इस दुरूद शरीफ को रोजाना दस (१०) बार सुबह और दस (१०) बार शाम को पढ़े उसे अल्लाह तआला को कुर्ब हासिल हो जायेगा और बारगाहे रिसालत मआब सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम में उसे दाइमी हुजूरी हासिल हो जायेगी इस दरूद पाक का एक और फायदा ये भी है कि पढ़नेवाला अल्लाह तआला की रहमतों से मालामाल हो जाता है और हर बुराई से महफुज़ रहता है।

जो शख्स आशिके- रसूल सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम बनना चाहे तो उसे चाहीये कि इस दुरूद पाक को अपनी जिन्दगी में एक करोड़ बार पढ़े इन्शाअल्लाह उसका शुमार आशिके- रसूल सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम में हो जायेगा।

۴۵ درود حضرت غوث الاعظم

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدِ نِ السَّابِقِ لِلْخَلْقِ
نُوْرُهٗ وَرَحْمَةٍ لِّلْعَالَمِيْنَ ظُهُوْرُهٗ عَدَدَ مَنْ مَّضٰى مِنْ
خَلْقِكَ وَمَنْ بَقِيَ وَمَنْ سَعِدَ مِنْهُمْ وَمَنْ شَقِيَ
صَلٰوةً تَسْتَغْرِقُ الْعَدَدَ وَتُحِيْطُ بِلُحَدِّ
صَلٰوةً لَّا غَايَةَ وَّلَا مُنْتَهٰى وَلَا انْقِضَآءَ صَلٰوةً دَآئِمَةً
بِدَوَامِكَ وَعَلٰى اٰلِهٖ وَاَصْحَابِهٖ وَسَلِّمْ
تَسْلِيْمًا مِّثْلَ ذٰلِكَ ☆

45 दुरूदे हजरत गौशुल अआजम

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदीन्नीसाबिकि लील्खल्कि नूरुहू व रह्मतीन-लील्आलमी-न जुहूरुहू अद-द मंम्मदा मीन् खल्कि-क व मंम्बकि-य व मन् सइ-द मीन्हुम व मन् शकि-य सलातन तस्तग्रिकु ल्-अद-द व तुहीतु बील्हद्दि सलातंल्-लगायतंव्वला मुन्तहा वला-नकिदाअ सलातन् दाइमतंम- बिदवामि-क व अला आलिही व असहाबिही व सल्लिम् तस्लीमं-म्मीस्ल जालि-क।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। इलाही रहमत नाजिल फरमा हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि

व सल्लम पर जिनका नूर सारी मखलूक से पहले पैदा हुआ और उनका जुहूर तमाम काइनात के लिये रहमत ठहरा है, शुमार में तमाम तेरी अगली और पिछली मख्लूक के बराबर और हर एक नेकबख्त और बदबख्त की गिनती के बराबर ऐसा दुरूद जो शुमार में ना आ सके (बेशुमार, अनगिनत) और तमाम हुदूद का अहाता करे, जिस दुरूद की कोई गायत (जमा) ना हो और ना इन्तिहा और ना इख्तिताम (तमाम होने के करीब) हो, ऐसा दुरूद जो हमेंशा रहे तेरे दवाम के साथ और उनकी औलाद और सहाबा पर और उसी तरह उनपर खूब खूब सलाम नाजिल फरमा।

46 दुरूदे अव्वल

दुरूदे अव्वल को अल्लाह त्आला ने सबसे ज्यादा फ़ैज़ वाला बनाया है। इस दुरूद शरीफ को पढ़ने वाला, ईन्साअल्लाह रहमते खुदा से महरुम नहीं रहेगा। इस दरुद शरीफ का विर्द करने वाले के लिए ये दावा किया जा सकता है कि वो कभी नाकमयाब ना होगा। इस दुरूद शरीफ को पढ़ने से अल्लाह त्आला हर बीमारी से नीजात फरमाता

ईस दुरूद शरीफ का बड़ा फायदा तो ये है कि पढ़ने वाला हर बुराई से बचा रहता है। उसे इबादत में लुत्फ मीलता है और वो आबीद व परहेजगार बन जाता है। अगर कीसीको दीन में तरक्की करने की, दौलत बगैर बादशाह बनने की, आखीरत को आबाद करने की तमन्ना हो तो उसे चाहिए कि बहुत ही ज्यादा इस दुरूद शरीफ का विर्द करे, ईन्साअल्लाह सौ फीसदी कामयाब रहेगा। दीन मे मरतबे की तमन्ना रखने वाले की इस दुरूद शरीफ की बरकत से मंज़िलें जल्द तय हो जाएगी। ये दुरूद बावुजू पढ़ना बेहद जरुरी है। ये बिजली से भी ज्यादा तेजी से कबूल होता है। ये अल्लाह त्आला के खास बंदों का वज़ीफ़ा है। अगर कोई मोमिन अल्लाह का खास बंदा बनना चाहता हो तो इस दुरूद शरीफ को कसरत से पढ़े। इसी वजह से इसका नाम 'दुरूदे अव्वल' रखा गया है। जो इसे पढ़ते है वो अल्लाह त्आला के नजदिक अल्लाह के हबीब मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम के सदके 'अव्वल सफ' मे दाख़िल हो जाता है। ये दरूद शरीफ इस्मे-अआजम का दर्जा रखता है।

۴۶ درود اوّل

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ اَفْضَلِ اَنْبِيَآئِكَ

وَاَكْرَمِ اَصْفِيَآئِكَ وَمَنْ فَاضَتْ مِنْ نُّوْرِهٖ جَمِيْعُ

الْاَنْوَارِ وَ صَاحِبِ الْمُعْجِزَاتِ وَصَاحِبِ الْمَقَامِ

الْمَحْمُوْدِ سَيِّدِ الْاَوَّلِيْنَ وَالْاٰخِرِيْنَ ☆

46 दुरूदे अव्वल

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्मा सल्लि अला सय्यिदना मुहम्मदीन अफजले अम्बीयाए-क व अकरमि अस्फियाइ-क मीन नुरिही जमीईल अन्वारि व साहीबील मुअज़िजाति व साहिबील मकामीम महमुदि सय्यिदिल अव्वली-न वल आखिरी-न।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। या अल्लाह दुरूद नाज़िल फरमा हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर अम्बीया में बुजुर्गतर और बुजुर्गतर तेरे माने हुओं मे है. जिनके नूर से ज़ाहिर हुए तमाम नूर, और मोअज्जात वाले, मकामे महमुदवाले है. सरदार हैं तमाम अव्वलीन और आख़िर वालों के।

(इस 'दुरूदे अव्वल' को कम से कम ३१३ मर्तबा पढ़ना चाहिए। इतनी बार पढ़ने के बाद जो दिल में हो दुआ माँगी ज़ाए पुरी होगी कोई दुआ खाली ना लौटेगी, ईन्शाअल्लाह।)

47 दरूदे आबिदीन

ये दुरूद शरीफ मशहुर बुजूर्ग हजरत मआरुफ करखी रहमतुल्लाहि अलयहि का वजीफा-ए-खास है। आप उठते बैठते हर वक्त ये दुरूदे आबिदीन पढ़ते रहते थे और उन्होंने इस दुरूद शरीफ के बेशुमार असरार देखे इसलिए वो अपने मुरीदीन को ये दुरूद शरीफ को पढ़ने की अकसर तलकीन फरमाते।

अगर कोई शख्स अपने जहन में खास हाजत रखकर इस दुरूद शरीफ को इक्तालीस (४१) दिन तक रोजाना ग्यारह (११) बार बार पढ़े तो इन्शाअल्लाह उसकी हाजत पूरी हो जायेगी और मन माफिक उसका काम हो जायेगा। कोई शख्स साहिबे कश्फ बनना चाहे तो उसे चाहिए कि तहज्जुद की नमाज़ के बाद इस दुरूद शरीफ को कसरत से पढ़े इन्शाअल्लाह उसपर कमालाते कश्फ खुल जायेंगे और रुहानी दरजात में बुलंदी होगी। मस्जिद में बैठकर इसे ग्यारह (११) बार रोजाना पढ़ने से दिल गुनाहों से पाकीज़ा हो जायेगा। हर किस्म की कामयाबी के लिए इस दुरूद शरीफ को हर नमाज़ के बाद इक्कीस (२१) बार चालीस दिन तक पढ़ा जाये इन्शाअल्लाह जैसा भी इम्तिहान या मकसद होगा उसमें कामयाबी होगी।

۴۷ درود العابدین

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ مُحَمَّدٍ مِّلْاَءَ

الدُّنْيَا وَمِلْاَءَ الْاٰخِرَةِ وَارْحَمْ مُحَمَّدٍ وَ اٰلِ مُحَمَّدٍ

مِّلْءَ الدُّنْيَا وَ مِلْءَ الْاٰخِرَةِ وَاجْزِ مُحَمَّدًا وَاٰلِ

مُحَمَّدٍ مِّلْءَ الدُّنْيَا وَمِلْءَ الْاٰخِرَةِ وَسَلِّمْ عَلٰ

ى مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى اٰلِ مُحَمَّدٍ مِّلْءَ الدُّنْيَا وَمِلْءَ

الْاٰخِرَةِ ☆

47 दुरूदे आबिदीन

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला मुहम्मींव्-व अला आलिही मुहम्मदीम-मील्अद्दुन्या व मील्अल् आखिरति वरहम्- मुहम्मदींव्- व आलि मुहम्मदीम्- मील्अद्दुन्या व मील्अल् आखिरति वज़्ज़ि मुहम्मदन व आलि मुहम्मदींम्-मील्अद्दुन्या व मील्अल् आखिरति व सल्लीम अला मुहम्मदींव्-व अला आलि मुहम्मदीम्-मील्अद्दुन्या व मील्अल् आखिरति।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह रहमत नाजिल फरमा हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम और उनकी आल (औलाद) पर इतनी रहमत कि दुनिया और आखिरत भर जाये और हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम और उनकी आल को इतनी जज़ा दे कि दुनिया और आखिरत भर जाये और हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम और उनकी आल पर इतनी सलामती अताकर कि दुनिया व आखिरत (दोनों जहां) भर जाये।

48 दुरूदे कल्बी

अगर कोई शख्स ऐसी तमन्ना रखता हो कि उसकी हर दुआ कबूल हो और हर एक जायज़ हाजत अपनी मर्ज़ी के मुताबिक़ पूरी हो

तो उस के लिए ये लाजवाब दुरूद है। उसे चाहिए के वो अपनी हर दुआ में इस दुरूद शरीफ को पढ़ा करे। ईन्शाअल्लाह इस दुआ की बरकत से उसकी हर दुआ कबूल होगी। दुरूदे कल्बी अल्लाह त्आला के फज्लो करम से दिल को मुनव्वर करता है और कामयाबी देता है। खासकर जब भी दुआ में पढ़ा जाता है तो उस दुआ को अल्लाह त्आला ज़रूर कबूल फरमाता है।

۴۸ درُود قلبی

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى شَفِيْعِ الْمُذْنِبِيْنَ سَيِّدِنَا وَ مَوْلَانَا

وَمُرشِدِنَا وَرَاحَةِ قُلُبِنَا وَ طَبِيْبِ ظَاهِرِنَا وَبَاطِنِنَا

مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى اٰلِهٖ وَاَصْحَابِهٖ وَاَزْوَاجِهٖ وَاَهْلِ بَيْتِهٖ

وَاَوْلِيَآءِ اُمَّتِهٖ وَاَهْلِ طَاعَتِكَ اَجْمَعِيْنَ اِلٰى يَوْمِ

الدِّيْنِ ☆

48 दुरूदे कल्बी

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्मा सल्लि अला शफीईल् मुज़निबीना सय्यिदिना व मौलाना व मुरशिदिना व राहति कोलुबिना व शफी-ए-जोनुबिना व तबीबि जाहिरिना व बातिनिना मुहम्मदींव व अला आलिही व अस्हाबिही व अज़वाजिही व अहलि बयतिही औलीया-ए-उम्मतिही व अहलि ताअति-क अजमईना ईला यौमिद्दीन।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। या अल्लाह रहमत नाज़िल फरमा हम गुनाहगारों शफीअ हमारे सरदार और मौला व मुर्शीद जो हमारे दिलों की राहत व गुनाहों के शफीअ हैं और हमारे ज़ाहिर व बातीन के तबीब है मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर और रहमत नाज़िल फरमा आपकी औलाद व अस्हाब और अज़वाज और अहले बैत पर और आपकी उम्मत के औलीया और उनकी इताअत (फरमाबरदारी करने वाले) करने वाले तमाम पर क़यामत के दिन तक।

49 दुरूदे शिफा-ए-कुलूब

दुरूद शिफा पढ़ने से रुहानी व जिस्मानी बीमारीयों से शिफा मिलती है, खासकर जिस शख्स को शैतानी वसवसा बहुत तंग करता हो और नेक कामों पर माइल होने में नफ्स रुकावट डालता हो तो इस दुरूद शरीफ को पढ़ने से सब वसवसे खत्म हो जायेंगे। ऐसी जिस्मानी बीमारी जिसका तबीबों से इलाज़ ना होता हो उसके लिए इस दुरूद शरीफ को चालीस दिन (४०) तक रोजाना सौ (१००) बार पढ़ें इन्शाअल्लाह बेहतरी नसीब होगी। इसके अलावा ये दुरूद पाक दिल के बीमारीयों के लिए बहुत अक्सीर है, लिहाज़ा दिल के किसी मर्ज़ में मुब्तिला शख्स को चाहिए कि तीन सौ पन्द्रह (३१५) बार ग्यारह (११) दिन तक बाद नमाज़े फजर पढ़े इन्शाअल्लाह दिल की हर किस्म की बीमारी से निजात मिल जायेगी और इसी लिए इस दुरूद शरीफ को दुरूदे शिफा-ए-कुलूब कहा जाता है।

۴۹ درُود شفائی قُلوب

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ طِبِّ الْقُلُوْبِ

وَدَوَآئِهَا وَعَافِيَةِ الْاَبْدَانِ وَشِفَآئِهَا وَنُوْرِ الْاَبْصَارِ

وَضِيَآئِهَا وَعَلٰى اٰلِهٖ وَصَحْبِهٖ وَسَلِّمْ ☆

49 दुरूदे शिफा-ए-कुलूब

बिस्मील्लाह हिर्ररहमानिर्ररहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदीन तिब्बील्-कुलूबि व दवाइहा व आफियतील्-अब्दानि व शिफाइहा व नूरील्-अबसारि व दियाइहा व अला आलिही व सह्बिही व सल्लीम्।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जो दिलों के तबीब (इलाज़ करनेवाले) और उसकी दवा हैं और जिस्म की आफीयत (सलामती) और उसकी शिफा हैं और आँखों का नूर और उसकी चमक हैं और आपकी औलाद और सहाबा पर दुरूद और सलामती नाजिल फरमा।

50 दुरूदे निजाते वबा

दुरूदे निजाते वबा पढ़ने से वबाओं (viral deases, हवा की खराबी से फैलने वाली बीमारी जैसे हैजा, प्लेग, बुखार वगैरह) से निजात मिलती है। अगर किसी मकाम पर ऐसी वबा फैल जाये जिसका इलाज या हल ना हो रहा हो तो उस सूरत में इस दुरूद शरीफ को सवा लाख बार पढ़ने से वबा से निजात मिलेगी। इस दुरूद शरीफ के मुताअल्लिक कहा जाता है कि एक दफा मौलाना शम्सुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे के वतन में एक वबा फूट पड़ी और बहुत से लोगों की मौत हो गई, एक रात उन्हें ख्वाब में सरवरे काइनात हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की जियारत नसीब हुई तो मौलाना ने हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की बारगाह में अर्ज़ किया कि हुजूर इस इलाके में वबा फैल गई है इसपर हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने उन्हें ये

दुरूद शरीफ बतलाया और फरमाया कि वबा फैलने की सूरत में इस दुरूद पाक को पढ़ें तो अल्लाह तआला उस इलाके को वबा से महफूज करेगा। चुनान्चे मौलाना मौशुफ ने ये दुरूद शरीफ कसरत से पढ़ा तो अल्लाह तआला ने उस इलाके से वबा को खत्म कर दिया इसी लिए इसे दुरूदे निजाते वबा कहा जाता है।

۵۰ درُود نجات وبا

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰی اٰلِ سَیِّدِنَا

مُحَمَّدٍ بِعَدَدِ کُلِّ دَآءٍ وَّدَوَآءٍ وَّبِعَدَدِ کُلِّ عِلَّۃٍ

وَّشَفَآءٍ ☆

50 दुरूदे निजाते वबा

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना मुहम्मदींव्-व अला आलि सय्यिदिना मुहम्मदींम् बिअददि कुल्लि दाईव्-व दवाईव्-व बिअददि कुल्लि इल्लतींव्-व शफाइन।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम और हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की आल पर बमुताबिक तादाद बीमरीयों की दवा के और तमाम इल्लत (रोग) व शिफा (तन्दरुस्ती) की तादाद के बराबर।

51 दुरूदे महमूद

हजरत अब्दुल्लाह बीन मसउद रदीयअल्लहु तआला अनहु से हदीस रिवायत है कि रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया कि 'जब तुम लोग दुरूद पढ़ो तो खूब अच्छे तरीके से दुरूद भेजो सिर्फ इसलिए कि वो मुझे पेश किया जायेगा लिहाजा तुम्हे अच्छी तरह दरूद पढ़ना चाहिए क्योंकि तुम नहीं जानते कि वो मुझे पेश किया जाता है' और मुन्दर्जा जैल (निम्नलिखीत) दुरूद शरीफ पढ़ने की तरगीब दी।

ये दुरूद खैर व बरकत के लिए बहुत अक्सीर है। बाद नमाज़े फज्र इस दुरूद शरीफ को रोजाना ग्यारह (११) बार पढ़ने वाले के माल, जान, घरबार औलाद वगैरह में अल्लाह तआला खैरो-बरकत व रहमत अता करता है। रात सोने से पहले सौ (१००) बार पढ़ने से अल्लाह तआला माल व जान और औलाद हमेंशा हिफाजत में रखता है। कर्ज़ की अदायगी की नीयत से ग्यारह दिन तक बाद नमाज़े इशा तीन सौ तेरह (३१३) बार पढ़ें बहुत जल्द कर्ज़ से निजात मिलेगी। तकलीफ में मुब्तिला शख्स इस दुरूद शरीफ को सात (७) दिन तक बाद नमाजे इशा एक सौ ग्यारह (१११) बार पढ़े तो इन्शाअल्लाह तकलीफ दुर हो जायेगी, कोई ज़हनी परेशानी हो तो फौरन खत्म हो जायेगी। अगर कोई शख्स इस दुरूद शरीफ को सौ (१००) बार पढ़कर किसी काम के लिए हाकिम के पास जाए तो वो मेहरबान हो जायेगा।

۵۱ درُود محمود

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ اجۡعَلۡ صَلٰوتَکَ وَرَحۡمَتَکَ وَبَرَکَاتِکَ

عَلٰی سَیِّدِالۡمُرۡسَلِیۡنَ وَاِمَامِ الۡمُتَّقِیۡنَ وَخَاتَمِ النَّبِیِّیۡنَ

عَبْدِکَ وَرَسُوْلِکَ اِمَامِ الْخَیْرِ وَقَآئِدِ الْخَیْرِ

وَرَسُوْلِ الرَّحْمَةِ اَللّٰهُمَّ ابْعَثْهُ الْمَقَامَ الْمَحْمُوْدَ

الَّذِیْ یَغْبِطُهٗ بِهِ الْاَوَّلُوْنَ وَالْاٰخِرُوْنَ☆

51 दुरूदे महमूद

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्मज्अल् सलात्-क व रहमत्-क व बरकात्-क अला सय्यिदील्- मुर्सलीन व इमामील् मुत्तकीन व खातमीन्नबीय्यीन अब्दि-क व रसूलि-क इमामील्- खयरिवकाइदील्- खयरि व रसूलीर्रहमति अल्लाहुम्मब्-असहुल्- मकामल्- मह्मूदल्लजी यगबितुहू बिहील् अव्वलून वल्- आखिरून।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह अपनी सलात व रहमत और बरकत भेज रसूलों के सरदार व मुत्तकीयों के इमाम व खातिमीन्नबीय्यीन पर जो तेरे बन्दे तेरे रसूल हैं खैर के इमाम व खैर पहुँचानेवाले और रसूले-रहमत हैं, और उनको मकामे महमूद अता फरमा जिसपर (जिस मकाम पर) रश्क करते हैं अगले और पीछले सब।

52 दुरूदे हुब्बे रसूल सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम

रसूले अकरम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की मुहब्बत दीने-इस्लाम की बुनियाद है, लिहाजा जो शख्स ये चाहे कि उसके दिल रसूले अकरम सल्लल्लहो अलयहे व सल्लम की बेपनाह मुहब्बत पैदा हो जाये तो उसे चाहिए कि ये दुरूद शरीफ कसरत से पढ़े, इस दुरूद

शरीफ के पढ़ने से हर चीज की मुहब्बत तर्क होकर नबी करीम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की मुहब्बत बहुत ज्यादा हो जायेगी इसके अलावा हुजूर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की ज्यारत का भी शर्फ हासिल होगी।

हजरत इब्ने मसउद रदीअल्लाहो तआला अन्हो से हदीस है कि रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम ने इरशाद फरमाया है कि 'कयामत के दिन लोगों में सबसे ज्यादा मुझसे करीब दुरूद पढ़ने वाला होगा।' क्या इससे ज्यादा भी किसी बन्दे के लिए और कोई शआदत की बात हो सकती है?

۵۲ درود حُبِّ رسول علیہ وسلم صلی اللہ علیہ وسلم

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا وَحَبِیْبِنَا وَمَحْبُوْبِنَا وَمَوْلَانَا

مُحَمَّدٍ وَّ بَارِکْ وَسَلِّمْ☆

52 दुरूदे हुब्बे रसूल सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना व हबीबिना व महबूबिना व मौलाना मुहम्मदींव्- व बारीक व सल्लीम।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा हमारे सरदार व हमारे हबीब व हमारे महबूब और हमारे मौला मुहम्मद सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम पर और बरकत और सलामती।

53 दुरूदे तिरयाके अमराज

'नुजहतुल मजालिस' में लिखा है कि बाज सुलहा में एक साहब ने आरिफ अल्लाह हजरत शैख शहाबुद्दीन इब्न अरसलान रहमतुल्लाह अलयहे (ये बड़े जाहिद और आलिम थे) को देखा और उनसे अपने मर्ज और तकलीफों की शिकायत की तो उन्होने फरमाया कि 'तिरयाके मुजर्रब' से कहाँ गाफिल हो ये दुरूद शरीफ पढ़ा करो। जो शख्स ये दुरूद कसरत से पढ़े उसकी रुह और दिल जिन्दा हो जायेगा और उसे दुनिया में गैर फानी मकाम हासिल हो जायेगा और उसकी कब्र हमेंशा रौशन रहेगी और उसके जिस्म को कब्र में मिट्टी नहीं खायेगी। इसलिए ये दुरूद शरीफ ऐसा रुहानी नुस्खा है कि जिसे पढ़ने से आखिरत संवर जाती है, लिहाजा हर नमाज़ के बाद इस दुरूद शरीफ को एक आध बार जरुर पढ़ना चाहिये।

۵۳ درود تریاق امراض

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلٰى رُوْحِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ

فِى الْاَرْوَاحِ وَصَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى قَلْبِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ

فِى الْقُلُوْبِ وَصَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى جَسَدِ مُحَمَّدٍ فِى

الْاَجْسَادِ وَصَلِّ وَسَلِّمْ عَلٰى قَبْرِ سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ فِى

الْقُبُوْرِ ☆

53 दुरूदे तिरयाके अमराज

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम् व बारिक् अला रुहि सय्यिदिना मुहम्मदीन फील्-अरवाहि व सल्लि व सल्लिम् अला कल्बि सय्यिदिना मुहम्मदीन फील्-कुलूबि व सल्लि व सल्लिम् अला जसदि मुहम्मदीन फील्-अज्सादि व सल्लि अला कब्रि सय्यिदिना मुहम्मदीन फील्-कुबूरि।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद व सलामती और बरकत नाजिल फरमा रुहे-मुहम्मद सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम पर रुहों के दरम्यान, और दुरूद व सलामती नाजिल फरमा कल्बे-मुहम्मद सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम पर कुलूब (कल्ब की जमा दिलों) के दरम्यान और दुरूद सलमती नाजिल फरमा जिस्मे-मुहम्मद सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम पर जिस्मों के दरम्यान और दुरूद व सलामती नाजिल फरमा कब्रे-मुहम्मद सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम पर कब्रों के दरम्यान।

54 दुरूदे तय्यब

गुनाहों से पाकीज़गी हासिल करने के लिए दुरूदतय्यब बहुत ही असरदार है। लिहाज़ा अगर किसी शख्स की ज़िन्दगी गुनाहों और बुराईयों में गुजर गई हो तो जिस वक्त भी एहसासे नदामत हो तो अल्लाह के हुजूर तौबा करके इस दुरूद शरीफ के सुबह व शाम कसरत से पढ़ना शुरु कर दे तो इन्शाअल्लाह तमाम गुनाहों की मुआफी हो जायेगी और इस तरह पाक हो जायेगा जैसे आज ही माँ के पैट से पैदा हुआ है और बाकी जिन्दगी खुद बखुद नेकीयों की तरफ मायल रहेगी क्योंकि दुरूद तय्यब पढ़ने से ज़िन्दगी में नबी अकरम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की ताइद और तवज्जो हामिले हाल हो जाती है इसलिए पढ़नेवाले का हर काम आसानी के साथ होता चला जाता है।

शबे-बरात की रात अगर इस दुरूद शरीफ को पढ़ा जाये तो हर मुश्किल हल हो जायेगी। जुम्आ के दिन बाद नमाज़े जुम्आ इसे तीन सौ तेरह (३१३) बार पढ़ने से रिज़्क में इजाफा होगा। अगर हर

नमाज़ के बाद एक बार पढ़ा जाये तो आखिरत में हुज़ूर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की शफाअत नसीब होगी।

۵۴ درُودطیب

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

صَلَّی اللّٰہُ عَلَیۡکَ یَاشَفِیۡعَ الۡمُذۡنِبِیۡنَ سَیِّدِنَا وَمَوۡلٰنَا

اَحۡمَدِ مُجۡتَبٰی مُحَمَّدِ مُصۡطَفٰی وَعَلٰی اٰلِہٖ

وَاَصۡحَابِہٖ وَاَزۡوَاجِہٖ وَاَحۡبَابِہٖ وَذُرِّیَّاتِہٖ وَاَھۡلِ بَیۡتِہٖ وَ

اَھۡلِ طَاعَتِکَ اَجۡمَعِیۡنَ ☆

54 दुरूदे तय्यब

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

सल्लल्लाहु अलय्-क या शफीअल्-मुज़्निबी्-न सय्यिदिना व मौलाना अहमदि मुज्तबा मुहम्मदि मुस्तफा व अला आलिही व असहाबिही व अज़्वाजिही व अहबाबिही व ज़ुर्रियातिही व अहलि बैतिही व अहलि ताअति्-क अजमइ्-न।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। अल्लाह की सलात हो आप पर ऐ गुनाहगारों की शफाअत करनेवाले हमारे सरदार और आका अहमदे मुजतबा मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम पर और आपकी औलाद पर व आपके सहाबा पर व आपकी अजवाज (पाक बीवीयों) पर व आपके अहबाब पर व आपके रिश्तेदारों पर व आपके अहले-बयत पर और आपकी इताअत करनेवाले

तमाम पर।

55 दुरूदे समरात

जो शख्स ये दुरूद शरीफ पढ़ेगा अल्लाह उसे दुनियावी समरात (फल, हासिल, फायदा) से नवाजेगा और उसके रिज़्क में खूब इजाफा करेगा।

अल्लामा सखावी रहमतुल्लाह अलयहि फरमाते हैं कि रसीद अत्तार रहमतुल्लाह अलयहि ने बयान किया कि मिश्र में एक बुजूर्ग थे जिनका नाम अबू सइद ख्यात (रहमतुल्लाह अलयहि) था, लोगों से मेल जोल बिलकुल बन्द था कुछ अरसे के बाद अबू सइद ख्यात रहमतुल्लाह अलयहि को लोगों ने हजरत इब्ने रफीक रहमतुल्लाह अलयहि की मजलिस में बहुत कसरत से आते जाते देखा, लोगों को इसपर ताअज्जुब हुआ और उनसे दरयाफ्त किया उन्होंने फरमाया कि मुझे हुज़ूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की ख्वाब में ज़ियारत नसीब हुई और आप सल्लल्लाहु अलयहे व सल्लम ने हुक्म फरमाया कि अपने रफीक की मजलिस में जाया करो इसलिए कि वो अपनी मजलिस में मुझ पर कसरत से दुरूद शरीफ पढ़ता है।

۵۵ درُودثمرات

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا وَمَوۡلٰنَا مُحَمَّدٍ عَدَدَ اَوۡرَاقِ

الزَّیۡتُوۡنِ وَجَمِیۡعِ الثِّمَارِ☆

55 दुरूदे समरात

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला सय्यिदिना व मौलाना मुहम्मदीन अदद अवराकि-ज्जयतुनि व जमीईस्सिमारि।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा हमारे सरदार व आका मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर जितने ज़ैतून के पत्ते और फूल हैं इनकी अदद (गिनती) के बराबर।

56 दुरूदे इन्आम

इस दुरूद शरीफ के पढ़ने से दिन व दुनिया की बेशुमार दौलत हासिल होती है, कसरत से पढ़नेवाले पर हमेंशा अल्लाह की रहमत रहती है, पढ़नेवाला दुनियावी माल व दौलत से बेनियाज़ हो जाता है।

अगर कोई औलाद से महरुम हो तो उसे चाहिए कि हर जुम्आ बाद नमाज़ इस दुरूद शरीफ को एक सौ ग्यारह (१११) बार मस्जिद में बैठकर इस दुरूद शरीफ को पढ़े और मुकर्रा गिनती पूरी होने पर सर सज्दे में रखकर अल्लाह के हुजूर औलाद की दुआ माँगे इन्शाअल्लाह दुआ कुबूल होगी और औलाद से नवाजा जायेगा। इस दुरूद शरीफ को चालिस दिन तक रोजाना पाँच सौ बार पढ़कर मरहुम को बख्शा जाये तो कब्र में राहत मिले और उसकी कब्र को मीश्ले जन्नत बना दिया जाता है और अजाबे कब्र से महफूज रहे।

٥٦ درُودِ انعام

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ وَّ

عَلٰى اٰلِهٖ عَدَدَ اَنْعَامِ اللّٰهِ وَاَفْضَالِهٖ ☆

56 दरूदे इन्आम

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम् व बारिक् अला सय्यिदिना मुहम्मदींव्-व अला आलिही अद्-द अन्आमि-ल्लाहि व अफदालिही।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद व सलामती व बरकत नाजिल फरमा हमारे सरदार मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर और उनकी आल औलाद पर उस तादाद के बाराबर जितना कि अल्लाह तेरे इनाम और फ़जाइल हैं।

57 दुरूदे इमाम शाफई

'अलकौलुल बदीअ फी अस्सलातु अला अलहबीब अलशफीअ' में अल्लामा सखावी रहमतुल्लह अलयहे लिखते हैं कि हजरत अल्लामा अब्दुल्लाह बिन हकम रहमतुल्लाहि अलयहि से नक्ल है कि 'मैने इमाम शाफई रहमतुल्लाहि अलयहि को ख्वाब में देखा और पूछा कि अल्लाह तआला ने आपके साथ क्या मुआमला फरमाया, इमाम साहब ने फरमाया कि मेरी मग़फिरत फरमा दी मेरे लिए जन्नत ऐसी सजाई गई जैसे दुलहन को सजाया जाता है मझपर ऐसी बखैर की गई जैसी दुलहन पर की जाती है। मैने पूछा ये रुत्बा कैसे मिला, तो फरमाया कि जो दुरूद मैने लिखा उसकी बरकत से।'

'अहयाउल उलूम' में ये तहरीर है कि एक बुजूर्ग अबूल हसन रहमतुल्लाह अलयहि को ख्वाब में हुजूरे अकदस सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की जियारत नसीब हुई, तो अर्ज किया कि 'या रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम इमाम शाफई को आपकी बारगाह से क्या इनाम मिला? (उन्होंने अपनी किताब 'अल्जसाता' में ये दुरूद शरीफ लिखा है) आप हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने फरमाया उनको हमारी जानिब से ये इनाम दिया गया कि इन्शाअल्लाह बरोजे कयामत उनको (इमाम शाफई रहमतुल्लाहि अलयहि को) बिला हिसाब (बगैर

हिसाब किताब) जन्नत में दाखिल किया जायेगा।

۵۷ درود امام شافعی رحمۃ اللہ علیہ

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی مُحَمَّدٍ کُلَّمَا ذَکَرَہُ الذَّاکِرُوۡنَ

وَکُلَّمَا غَفَلَ عَنۡ ذِکۡرِہِ الۡغَافِلُوۡنَ ☆

57 दुरूदे इमाम शाफई

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला मुहम्मदीन कुल्लमा ज़करहुज़्ज़ाकिरु-न व गफलअन् ज़िक्रिहील्गाफिलु-न।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर तमाम जिक्र करनेवालों के जिक्र के जितना और तमाम जिक्र से गाफिल रहनेवालों की गफलत के जितना।

हदीस हुजूर सरवरे कौनैन मुहम्मद सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम ने फरमाया सारी नेकीयाँ, सब इबादतें और सारी दुआएँ रोक दी जाती है जबतक मुझपर दुरूद पाक ना पढ़ा जाये, सुन ले अगर कोई बंदा कयामत के दिन दरबारे इलाही में सारे जहान वालों की नेकीयाँ लेकर हाजिर हो जाये और इन नेकीयों में मुझपर दुरूद पाक ना हुआ तो सारी की सारी नेकीयाँ उसके मुँह पर मार दी जायेंगी, उनमें से एक भी नेकी कबूल ना होगी। (दुर्रतुल नासिहीन)

58 दुरूदे सय्यद अहमद बदवी (रहमतुल्लाहि अलयहि)

ये दुरूद शरीफ हजरत सय्यद अहमद बदवी रहमतुल्लाहि अलयहि का है। ये दुरूद शरीफ असरार और रमूज़ (राज) का खजाना है। इसके बेशुमार जाहिरी और बातिनी असरार हैं। इसके मुताअल्लिक बहुत से आरिफीन ने कहा है कि ये हाजत के पूरा करने और मुश्किलात को दुर करने और अनवार व असरार के हुसूल के लिए बहुत असरदार है। इसके अलावा शुफीया और औलीया के मुरीदीन को अपने शेख की इजाजत से ये दरूद शरीफ जरुर पढ़ना चाहिए, क्योंकि इब्तिदाई सुलूक की मंजिलों में इसका पढ़ना मुरीदीन के लिए बहुत उम्दा है इससे मंजिले सुलूक जल्द और आसानी से तय होगी।

۵۸ درود سید احمد بدوی

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمۡ وَبَارِکۡ عَلٰی سَیِّدِنَا وَ مَوۡلَانَا

مُحَمَّدٍ شَجَرَۃِ الۡاَصۡلِ النُّوۡرَانِیَّۃِ وَلَمۡعَۃِ الۡقَبۡضَۃِ

الرَّحۡمَانِیَّۃِ وَاَفۡضَلِ الۡخَلِیۡقَۃِ الۡاِنۡسَانِیَّۃِ اَشۡرَفِ

الصُّوۡرَۃِ الۡجِسۡمَانِیَّۃِ وَمَعۡدِنِ الۡاَسۡرَارِ الرَّبَّانِیَّۃِ

وَخَزَآئِنِ الۡعُلُوۡمِ الۡاِصۡطَفَائِیَّۃِ صَاحِبِ الۡقَبۡضَۃِ

الْاَصْلِيَّةِ وَالْبَهْجَةِ السَّنِيَّةِ وَالرُّتْبَةِ الْعَلِيَّةِ مِنَ

اَنْدَرَجَتِ النَّبِيُّوْنَ تَحْتَ لِوَآئِهٖ فَهُمْ مِّنْهُ وَاِلَيْهِ

وَصَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلٰى اٰلِهٖ وَصَحْبِهٖ

عَدَدَمَا خَلَقْتَ وَرَزَقْتَ وَاَمَتَّ وَاَحْيَيْتَ اِلٰى

يَوْمِ تَبْعَثُ مَنْ اَفْنَيْتَ وَسَلِّمْ تَسْلِيْمًا كَثِيْرًا

وَّالْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ☆

58 दुरूदे सय्यद अहमद बदवी (रहमतुल्लाहि अलयहि)

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लीम् व बारीक् अला सय्यिदिना व मौलाना मुहम्मदीन शजरतिल्- अस्लीन्नूरानीय्यति व लम्अतिल्- कब्दतिर्रहमानीय्यति व अफ्दलील्-खलीकतील्- इन्सानिय्यति अस्रफस्सूरतील्- जीस्मानीय्यति व मअदिनिल्- असरारिर्रब्बानिय्यति व खजाइनील्- उलूमील्- इस्तफाइय्यति साहिबील्- कब्दतील् अस्लीय्यति वल्बहजतीस्सनीय्यति वर्रुत्बतिल्-अलीय्यहि मनीन्दरजतीन्नबीय्यू-न तहत लिवाइहीफहुम्मीन्हु व इलयहि व सल्लि व सल्लीम् व बारिक अलय्हि व अला आलिही व सह्बिही अददमा खलक्-त व रजक्-त व अमत्त व अह्यय्-त इला यवमि तबअसु मन् अफ्नय्-त व सल्लीम् तस्लीमन् कसीरंव-वल्हम्दुलील्लाहि रब्बील्आलमी-न।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरुद व सलामती और बरकत भेज हमारे सरदार व आका मुहम्मद सल्लल्लाहि अलयहि व सल्लम पर जो असल नूरानी शजर

(रूख या दरख्त) हैं और रहमानी जुहूर की चमक हैं और इन्सानी तखलीक में सबसे अफ़जल हैं और जिस्मानी सूरत में सबसे अफ़जल हैं और अल्लाह के असरार का खजाना हैं और बरगुजीदा उलूम (इल्म की जमा) के खजाने हैं असली जुहूर वाले हैं और रौशन ताअत और बुलन्द मरतबा पर हैं जिनके झन्डे के निचे तमाम अम्बीया इकराम अलयहीमुस्सलाम होंगे और सब नबी आपसे फैजयाब हैं और दुरूद सलाम और बरकत हो आपकी आल पर और आपके सहाबा इकराम पर उस तादाद के मुताबीक जो तुने मखलूक पैदा की और रिज़्क दिया और मौत दी जिन्दगी बख्शी उस दिन के जिन्दा करेगा जिसको मुर्दा किया और खूब सलाम भेज और तमाम हम्दोशना अल्लाह ही के लिए है।

हिकायत- एक बुजूर्ग फरमाते हैं 'मैं मौसमे बहार में बाहर निकला और युँ कहा, या अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा अपने हबीब सल्ललाहु अलयहि व सल्लम पर दरख्तों के बराबर, या अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा अपने नबी सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर फूलों और फूलों की गिनती के बराबर, या अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा अपने रसूल सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर समन्दर के कतरों के बराबर, या अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहे व सल्लम पर रेगिस्तान की रेत के जर्रों (कणों) के बराबर, या अल्लाह दुरूद नाजिल फरमा अपने हबीब सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर उन चीजों की गिनती के बराबर जो समन्दरों और खुश्कीयों में है।

तो हातिफ से आवाज आई ऐ बन्दे! तुने नेकीयाँ लिखनेवाले फरिश्तों को कयामत तक थका दिया है और तु रब्बे करीम की बारगाह से जन्नते अदन का हकदार हुआ और वो बहुत अच्छा घर है।' (नज़हतूल मजालिस - जिल्द २ सफहा १०९)

59 दुरूदे एज़ाज

'सआदत दारैन' में है कि हजरत शरीफ नौमानी रदीअल्लाहु तआला अनहु जो हजरत शेख मुहम्मद रदीअल्लाहु तआला अनहु के

मुतवस्सलीन में से थे , फरमाया मैंने ख्वाब में सय्यदे दो आलम सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम को देखा एक बड़े मजमा में जल्वागर हैं और उम्मत के औलीया इकराम हाजिर होकर एक के बाद एक सलाम अर्ज कर रहे हैं और कोई कह रहे हैं कि ये फुलाँ वली अल्लाह है और फुलाँ है और आनेवाले हजरात सलाम अर्ज करके एक जानिब बैठते जाते है।

यहाँ तक की बहुत सारे लोग जमा हुए फिर निदा देनेवाला कह रहा है, ये मुहम्मद हनफी आ रहे हैं और जब वो सय्यदुल आलमीन अकरमुल अव्वलीन व आखिरीन सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम की खिदमते अकदस में हाजिर हुए तो आका-ए-दो जहाँ सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने उन्हें पास बिठा लिया फिर सय्यदे दो आलम सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम सय्यदना सिद्दीके अकबर और फारूके आजम रदीअल्लाहु तआला अन्हुम से मुतवज्जे हुए और 'फरमाया मैं इससे मुहब्बत करता हुँ मगर इसकी पगड़ी जो कि बगैर शमले के है' और मुहम्मद हनफी की तरफ इशारा फरमाया। ये सुनकर सय्यदना सिद्दीके अकबर रदीअल्लाहु तआला अनहु ने अर्ज की 'या रसूलल्लाह (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) इजाज़त हो तो मैं उसके सर पर पगड़ी बाँध दुँ?' फरमाया 'हाँ' तो सिद्दीके अकबर रदीअल्लाहु तआला अनहु ने अपना अमामा मुबारक लेकर हजरत मुहम्मद हनफी के सर पर बाँध दिया और बांये जानिब शमला छोड़ दिया।

और जब ये ख्वाब हजरत शेख शरीफ नौमानी रदीअल्लाहु तआला अनहु ने मुहम्मद हनफी रदीअल्लाहु तआला अनहु को सुनाया तो वो और उनके हमनशीन सब आबदीदा (आँखे नम होना) हो गये- फिर हजरत मुहम्मद हनफी रदीअल्लाहु तआला अनहु ने हजरत शेख शरीफ नौमानी रदीअल्लाहो तआला अनहो से फरमाया 'आइन्दा जब आपको सय्यदे दो आलम सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम की जियारत से नसीब हो तो आप अर्ज करें कि मुहम्मद हनफी के कौन से अमल की वजह से ये नजरे इनायत है।'

फिर कुछ दिनों के बाद शेख शरीफ नौमानी रदीअल्लाहु तआला अन्हु जियारत की नेमत से सरफराज़ हुए और वो अर्ज पेश कर दी रसूले अकरम सल्लल्लाहु अलयहि व आलिही व सल्लम ने फरमाया वो जो दुरूदे पाक हर रोज मुझपर मगरिब के बाद पढ़ता है, जो युँ है -

۵۹ درود اعزاز

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدِ النَّبِيِّ الْاُمِّيِّ وَعَلٰى اٰلِهٖ

وَاَصْحَابِهٖ وَسَلِّمْ عَدَدَ وَمَاعَلِمْتَ وَزِنَةَ مَا عَلِمْتَ

وَمِلْءَ مَا عَلِمْتَ ☆

59 दुरूदे ऐज़ाज़

बिस्मील्लाह हिर्रहमानिर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्लि अला मुहम्मदीन्न-नबीय्यील्- उम्मीय्यि व अला आलिही व अस्हाबिही व सल्लीम् अद-द व मा अलीम्त व ज़िन्-त मा अलीम्-त व मील्अ मा अलीम्-त।

तर्जुमा- अल्लाह के नाम से शुरु जो बड़ा महेरबान, बहुत रहमवाला है। ऐ अल्लाह दुरूद भेज मुहम्मद नबी-ए-उम्मी सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम पर और आपकी आल पर और सहाबा पर सलाम भेज इतनी तादाद में जिनका शुमार तेरे अन्दाजे और इल्म के मुताबिक हो।

60 दुरूदे वसीला

हजरत अबू हुरैरा रदीअल्लाहु तआला अनहो से रिवायत है कि हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम ने इरशाद फरमाया कि 'तुम जब भी मुझपर दुरूद पढ़ा करो तो मेरे लिए वसीला भी मांगा करो', 'किसी ने अर्ज किया कि हुजूर (सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम) वसीला क्या

है?' तो आपने फरमाया 'जन्नत का आ'ला दरजा यानी मकामे महमूद है' और इस दुरूद पाक में मकामे महमूद का जिक्र है। लिहाजा जो शख्स ये दुरूद शरीफ पढ़े उसे अल्लाह तआला हुजूर सल्लल्लाहु अलयहि व सल्लम की शफाअत का वसीला अता करेगा इसके अलावा उसके दर्जात बुलन्द करेगा और सबसे बढ़कर ये कि उसे रजा-ए-इलाही हासिल होगी। जो शख्स किसी नेक महफिल में बैठकर एक मरतबा इस दुरूद शरीफ को पढ़े दूसरे उसकी इज्जत करेंगे। कोई उंचे ओहदेदार या आफीस में जाते वक्त एक मरतबा इस दुरूद शरीफ को पढ़कर जायें, इन्शाअल्लाह काम मन्शा के मुताबिक होगा।

٦٠ درُودوسیلہ

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ عَدَدَمَآ اَحَاطَ بِہٖ

عِلۡمُکَ وَاَحۡصَاہُ کِتَابُکَ صَلٰوۃً تَکُوۡنُ لَکَ

رِضًی وَّلِحَقِّہٖ اَدَآءً وَّاَعۡطِہِ الۡوَسِیۡلَۃَ وَالۡفَضِیۡلَۃَ

وَالدَّرَجَۃَ الرَّفِیۡعَۃَ وَابۡعَثۡہُ اللّٰھُمَّ الۡمَقَامَ الۡمَحۡمُوۡدَ

الَّذِیۡ وَعَدۡتَّہٗ وَاجۡزِہٖ عَنَّا مَا ھُوَاَھۡلُہٗ وَعَلٰی جَمِیۡعِ

اِخۡوَانِہٖ مِنَ النَّبِیّٖنَ وَالصِّدِّیۡقِیۡنَ وَالشُّھَدَآءِ

